संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 198
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
रविवार 20 सितम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.pratahkalexpress.in

# प्रात:काल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



# पर्यावरण संरक्षण में भारत का बजा डंका

## पीएम मोदी बोले– दुनिया को दिशा दिखा रहे

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्यूचर ऑफ एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट डायनेमिक्स (पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य) विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लंबे समय से कार्बन उत्सर्जन की जिम्मेदारी गलत तरीके से विकासशील देशों पर डाली जाती रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हकीकत यह है कि प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन में भारत का योगदान वैश्विक औसत के आधे से भी कम है। वहीं विकसित देशों में प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन भारतीयों की तुलना में छह गुना अधिक है। भारत इन तथ्यों को वैश्विक मंचों पर पूरी मजबूती से रखता है। उन्होंने हर भारतवासी से भी इस दिशा में आत्मविश्वास और दम दिखाने की बात कही।

पीएम मोदी ने बताया कि भारत दुनिया के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के नए मानक तय कर रहा है। उन्होंने श्वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिडश, अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए), सीडीआरआई, वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन, अंतरराष्ट्रीय बिग कैट गठबंधन और श्मिशन लाइफश जैसी पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये सभी मंच पर्यावरण और वन्यजीवों के प्रति भारत के समर्पण का प्रमाण हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने पर्यावरण के हर क्षेत्र में असाधारण प्रगति की है। भारत जी–20 का इकलौता ऐसा देश है, जिसने पेरिस में कॉप–21 सम्मेलन में किए गए अपने संकल्पों को समय सीमा से पहले पूरा करके दिखाया है। आज गैर–जीवाश्म ईंधन, सौर ऊर्जा क्षमता और कार्बन उत्सर्जन पर रोक जैसे मानकों पर भारत के प्रदर्शन की चर्चा पूरी दुनिया में है।



प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन में भारत का योगदान वैश्विक औसत के आधे से भी कम है। विकसित देशों में प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन भारतीयों की तुलना में छह गुना अधिक है। भारत इन तथ्यों को वैश्विक मंचों पर पूरी मजबूती से रखता है।

*नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री*

सौर ऊर्जा का ब्योरा देते हुए उन्होंने कहा कि 12 साल पहले देश की सौर क्षमता केवल 2 गीगावाट थी, जो आज बढ़कर 160 गीगावाट के पार हो चुकी है। सरकार ने श्पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाश के तहत घरों को सौर ऊर्जा उत्पादन का केंद्र बनाने का मिशन शुरू किया। इस योजना के तहत अब तक 50 लाख से अधिक घरों में सोलर पैनल लग चुके हैं। यह संख्या कई देशों के कुल मकानों से भी अधिक है। सरकार ने ऐसे प्रत्येक परिवार को करीब 80,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज क्लीन मोबिलिटी और ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में तेजी से काम कर रहा है। हाल ही में भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन शुरू हुई है, जो दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन है। यह स्वच्छ परिवहन के एक नए युग का आगाज है।

उन्होंने बताया कि बीते 12 वर्षों में देश की पवन ऊर्जा क्षमता में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। हाइड्रो ऊर्जा क्षमता में भी मजबूत विस्तार हुआ है। इसके साथ ही देश अब परमाणु ऊर्जा उत्पादन पर भी तेजी से ध्यान केंद्रित कर रहा है। इन क्षेत्रों में निजी कंपनियों के लिए नए रास्ते खोले जा रहे हैं। इन प्रयासों के दम पर भारत की गैर–जीवाश्म ऊर्जा क्षमता में 400 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। परिवहन क्षेत्र में आए बदलावों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि साल 2014 से पहले देश में हर साल सिर्फ 3,000 इलेक्ट्रिक वाहन बिकते थे। वहीं पिछले साल करीब 25 लाख इलेक्ट्रिक वाहन बिके हैं। इसके अलावा फास्टैग व्यवस्था लागू होने से टोल प्लाजा पर वाहनों का इंतजार घटा है और ईंधन की थपत में भारी कमी आई है। उन्होंने बताया कि 2014 से पहले केवल 5 शहरों में 250 किलोमीटर से कम का मेट्रो नेटवर्क था।

## आईआईटी रुड़की दीक्षांत समारोह : एनएसए अजीत डोभाल बोले

# आप 1,000 साल में सबसे भाग्यशाली पीढ़ी

रुड़की (एजेंसी)। उत्तराखंड स्थित आईआईटी रुड़की के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने डिग्री पाने वाले छात्रों को संबोधित किया। इस दौरान अजीत डोभाल ने छात्रों को पिछले एक हजार साल की सबसे भाग्यशाली पीढ़ी बताया। वहीं हरीश साल्वे ने बदलती विश्व व्यवस्था के बीच छात्रों को उनकी जिम्मेदारियों का अहसास कराया।

एनएसए अजीत डोभाल ने छात्रों से कहा– शायद आपको इस बात का एहसास नहीं है कि आप पिछले 1,000 वर्षों की सबसे भाग्यशाली पीढ़ी हैं, जिसके पास अवसरों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि उनसे पहले की पीढ़ियां गुलामी के दौर में संघर्ष कर रही थीं और उनके सामने ऐसे रास्ते नहीं खुले थे। आज न सिर्फ देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी परिस्थितियां पहले से काफी बेहतर हुई हैं। उन्होंने कहा कि छात्र ऐसे दौर में आ रहे हैं, जहां किसी भी देश या समाज की तरक्की के लिए तकनीक सबसे महत्वपूर्ण आधार बनने जा रही है।

डोभाल ने कहा कि छात्र देश के सबसे प्रतिष्ठित और पुराने संस्थानों में से एक से पास हो रहे हैं, जिसने देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने छात्रों के



आप पिछले 1,000 वर्षों की सबसे भाग्यशाली पीढ़ी हैं, जिसे इतने सारे अवसर मिलने वाले हैं। आपसे पहले की पीढ़ियां गुलामी के साये में जी रही थीं। उन्हें वे अवसर नहीं मिले जो आज आपको मिल रहे हैं।

*अजीत डोभाल, एनएसए*

माता–पिता को बधाई दी, जिन्होंने बच्चों को प्रेरित किया और उन्हें इस उपलब्धि तक पहुंचाया। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षकों और प्रोफेसरों का भी आभार जताया, जिन्होंने ऐसा माहौल तैयार कर ज्ञान दिया जिससे छात्र खुद के साथ–साथ समाज, राष्ट्र और मानवता की भलाई में अपना योगदान दे सकें।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि यह ऐसी पहली पीढ़ी है, जो एक ऐसी दुनिया में जा रही है जो खुद को नए सिरे से बदलने की जद्दोजहद में लगी है। उन्होंने कहा कि उनकी पीढ़ी जिस पुरानी विश्व व्यवस्था को देखती आई थी, आज उसका रूप पूरी तरह बदल चुका है। जिस नियम–आधारित व्यवस्था को कभी स्वाभाविक मान लिया गया था, वह अब पहले जैसी सुरक्षित नहीं रही। यह व्यवस्था कभी बहाल होगी या नहीं, इसका फैसला वक्त करेगा।

साल्वे ने कहा कि अपनी आजादी और लोकतंत्र को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि वह खुद आजादी के बाद पैदा हुए हैं। उनकी पीढ़ी ने कानून के राज को बहुत सहज मान लिया था और वे कम सुविधा वाले देशों को दया भाव से देखते थे।

## महंगाई झेल रही जनता आगामी चुनावों में प्रधानमंत्री को 'आटे-दाल का भाव' बताएगी : जयराम रमेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने महंगाई के मुद्दे को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और दावा किया कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा की जनता आगामी विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्आटे–दाल का भावश्र बता देगी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने श्एक्सश पर एक पोस्ट में यह आरोप भी लगाया कि आम आदमी महंगाई से परेशान है, जबकि सरकार श्सच्चाई छिपानेश और आंकड़ों की श्बाजीगरीश के जरिए महंगाई पर नियंत्रण का दावा करने में जुटी है। उन्होंने कहा, श्आम आदमी की थाली महंगी होती जा रही है, लेकिन सरकार आंकड़ों की बाजीगरी से महंगाई पर काबू पाने का दावा करना चाहती है।श कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आटा, दाल और खाद्य तेल समेत रसोई के जरूरी सामान की कीमतों से घरेलू बजट लगातार प्रभावित हो रहा है। रमेश ने दावा किया कि जहां करोड़ों परिवार महंगाई से परेशान हैं, वहीं श्कुछ मित्र पूंजीपतिश इसका लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने सरकार पर महंगाई के मुद्दे पर वास्तविक स्थिति छिपाने का भी आरोप लगाया।



## सीएम योगी ने 21 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, बोले

# हमने ग्रुप-3 व 4 भर्ती में इंटरव्यू सिस्टम बंद किया

लखनऊ (संवाददाता)। योगी सरकार की ओर से शनिवार को प्रदेश भर में 818 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग व उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के तहत व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग में अनुदेशक, सूक्ष्म–लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग में सहायक सांख्यिकीय अधिकारी, आयुष विभाग में प्रोफेसर, रीडर, लेक्चरर व फार्मासिस्ट तथा चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में एक्सरे टेक्नीशियन के पद पर चयनित युवाओं को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिला।



उन्होंने कहा कि हमने मॉडर्न व ट्रेडिशनल मेडिसिन पर काम किया। अब आयुष विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज आदि बन रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया (विज्ञापन से नियुक्ति पत्र वितरण तक) की समयबद्धता, मेरिट को लेकर समीक्षा हो रही है। पहले विज्ञापन जारी होते ही सिंडिकेट व गिरोह वसूली के धंधे में व्यस्त हो जाते थे। बची–खुची कसर इंटरव्यू पूरी कर देता था। हमने ग्रुप–3 व 4 भर्ती में इंटरव्यू सिस्टम समाप्त कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'मिशन रोजगार' के अंतर्गत शनिवार को एक लाख नई नौकरियों का शुभारंभ किया। उन्होंने नवचयनित 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे और उन्हें शुभकामनाएं दीं। सरकार पर प्रश्न खड़ा करने वाले समाजवादी पार्टी के नेताओं से सीएम योगी ने कहा, आप गिनते जाइए, हम छह महीने में एक लाख से अधिक नौजवानों को नियुक्ति देंगे। आज तीन विभागों के नियुक्ति पत्र दे रहे हैं।

रविवार को भी लगभग हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। यह प्रक्रिया अनवरत चलेगी। यूपी पुलिस में 36 हजार, होमगार्ड में 41–42 हजार युवाओं की नियुक्ति करेंगे। इसके मेडिकल व फिजिकल की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) के अगले छह महीने में जारी होने वाले परिणामों से 25–30 हजार नए युवाओं को अवसर मिलेंगे।

# महिला सुरक्षा की सिर्फ बातें

## दिल्ली में नाबालिग से दरिंदगी पर प्रियंका ने उठाए सवाल, बोलीं– एफआईआर तक नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने दिल्ली में नाबालिग बच्ची के कथित सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के मामले पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को लेकर देश में



महिला सुरक्षा की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। प्रियंका गांधी ने श्एक्सश पर एक पोस्ट के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने लिखा कि दिल्ली में एक 17 साल की बच्ची के साथ क्रूरता की सारी हदें पार कर दी गईं। इसके बाद उसे बर्बरता से मार डाला गया। प्रियंका गांधी ने यह भी बताया कि कुछ ही दिनों पहले एक और नाबालिग लड़की का बलात्कार किया गया था।

## यूपीआई के मुद्दे पर केंद्र पर भड़की शिवसेना यूबीटी, 'सामना' में लिखा

# ये केवल शब्दों का खेल, जनता ही भुगतेगी

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को यूपीआई लेन–देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने के फैसले को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। पार्टी के मुखपत्र श्सामनाश के संपादकीय में 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेन–देन पर 0.4 प्रतिशत शुल्क लगाने को शब्दों का खेलश करार दिया गया है। पार्टी ने सरकार के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया कि यह शुल्क सिर्फ व्यापारियों पर लगेगा और आम जनता पर इसका कोई भार नहीं आएगा।

संपादकीय में तर्क दिया गया है कि जिस तरह ईंधन पर उत्पाद शुल्क और जीएसटी का बोझ अंततः ग्राहकों पर ही पड़ता है, उसी तरह व्यापारी भी इस खर्च को आम खरीदारों की जेब पर ही डालेंगे। सामना ने आरोप लगाया कि भारत का डिजिटल लेन–देन ढांचा वीजा और




मास्टरकार्ड जैसी दिग्गज अमेरिकी कंपनियों के हवाले किया जा रहा है। इसे भारत के मध्यम वर्ग और खुदरा व्यापारियों की कीमत पर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए दी जाने वाली एक परोक्ष वसूली बताया गया है।

घरेलू फैसलों को विदेश नीति से जोड़ते हुए उद्धव ठाकरे गुट ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार–बार अमेरिकी दबाव के आगे झुकते रहे हैं। संपादकीय में ईरान से कच्चे तेल की खरीद रोकने, अमेरिकी व्यापार शुल्क और ट्रंप प्रशासन की कूटनीतिक मांगों के आगे झुकने का उदाहरण देते हुए कमजोर विदेश नीति का आरोप लगाया गया। संपादकीय में लिखा गया है, श्यूपीआई पर 0.4 प्रतिशत शुल्क लगाने का फैसला केवल अमेरिकी फिनटेक कंपनियों को खुश करने के लिए किया गया है। इस बात की जांच होनी चाहिए कि इन कंपनियों से भारतीय नेताओं और उनके बच्चों को रोजाना कितने हजार करोड़ रुपये मिलेगा। इससे साफ है कि अमेरिका को मिलने वाली इस वसूली में भारतीय दलालों का भी हिस्सा होगा।

## नशे का दानव गांवों, शहरों में फैला रहा अपना दायरा : सीएम रेखा गुप्ता

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की ब्ड रेखा गुप्ता ने पंजाब में श्नशे के संकटश को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर शनिवार को निशाना साधा और दावा किया कि श्नशे का दानवश गांवों और शहरों में अपना विस्तार कर रहा है। उन्होंने भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार पर हालात को नियंत्रित करने में




विफल रहने का आरोप लगाया। दिल्ली की मुख्यमंत्री पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्यव्यापी नशा विरोधी चार यात्राओं में से दूसरी यात्रा को फतेहगढ़ साहिब से रवाना करने के लिए पहुंची हैं। इससे पहले, उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों की शहादत से जुड़े गुरुद्वारा ज्योति स्वरूप साहिब में मत्था टेका। गुप्ता ने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर भी जोरदार हमला करते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने पहले अलग–अलग विभागों में हजारों करोड़ रुपये के घोटाले किए। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने दिल्ली के पैसे से पंजाब पर कब्जा किया और पंजाब के संसाधनों का इस्तेमाल अपनी राष्ट्रीय राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के लिए किया।

## नंदीग्राम उपचुनाव : कांग्रेस प्रत्याशी की गिरफ्तारी के समय पर पवन खेड़ा ने उठाए सवाल, पूछा

# अभी ही क्यों?

नई दिल्ली (एजेंसी)। नंदीग्राम उपचुनाव से पहले कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार मिलन प्रधान की गिरफ्तारी के समय को लेकर पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस का कहना है कि जिन मामलों में प्रधान के खिलाफ कार्रवाई की गई, वे पुराने हैं और ऐसे समय में उनकी गिरफ्तारी हुई है, जब पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा की है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा कि इस तरह की कार्रवाई चिंता का विषय है और जनता ऐसे घटनाक्रम का जवाब उचित समय पर देगी।



पश्चिम बंगाल पुलिस ने कांग्रेस उम्मीदवार को अभी ही क्यों गिरफ्तार किया, जबकि उनके खिलाफ दर्ज शिकायत पुरानी थी। हम लोग सही समय का इंतजार कर रहे हैं और ऐसे हथकंडों का जवाब भी सही समय पर देंगे।

*पवन खेड़ा, सांसद, राज्यसभा*

पवन खेड़ा ने कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कांग्रेस उम्मीदवार को अभी ही क्यों गिरफ्तार किया, जबकि उनके खिलाफ दर्ज शिकायत पुरानी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस को अचानक तब कार्रवाई की याद आई, जब यह सामने आया कि पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नंदीग्राम उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार को अपना समर्थन दे दिया है। खेड़ा ने कहा, श्लोग सही समय का इंतजार कर रहे हैं और ऐसे हथकंडों का जवाब भी सही समय पर देंगे।श हालांकि, पुलिस के मुताबिक प्रधान को गिरफ्तारी नंदीग्राम में 2007 के भूमि अधिग्रहण विरोधी आंदोलन के दौरान हुई हिंसा से जुड़े कम से कम चार मामलों में लंबित वारंट के आधार पर की गई है। इन मामलों में दंगा, हत्या और आपराधिक धमकी जैसे आरोप शामिल हैं।

संपादकीय

# सुविधा का लेन–देन

इसमें दो राय नहीं कि पिछले एक दशक में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई देश में लेन–देन के एक लोकप्रिय और विश्वसनीय माध्यम के रूप में स्थापित हुआ है। इससे भी बढ़कर भारत की निरंतर डिजिटल होती अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ भी बना है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जारी अध्यादेश में दो हजार रुपये से अधिक के लेन–देन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट यानी एमडीआर चार्जेज कारोबारियों के ऊपर लगाने की बात कही गई है। इस घोषणा ने सरल–सुलभ लेन–देन करने वाले करोड़ों उपभोक्ताओं के मन में कई सवालों को जन्म दिया है। हालांकि, राहतकारी यह है कि नोटिफिकेशन में दो हजार तक के यूपीआई लेन–देन और रुपे डेबिट कार्ड पेमेंट्स पर कोई शुल्क न लगाने की बात कही गई है। लेकिन इससे देश में अधिक मूल्य वाले यूपीआई लेन–देन पर एमडीआर चार्जेज लगाने का रास्ता खुल गया है। बैंकों, सेवा प्रदाता संस्थाओं व विभिन्न एसोसिएशनों के प्रतिनिधि जल्द ही दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेन–देन पर शुल्क निर्धारण करेंगे। निस्संदेह किसी भी बेहतर सुविधा के लिए उपभोक्ता की भी आर्थिक जवाबदेही बनती है। उल्लेखनीय है कि साल 2016–17 में महज 0.07 लाख करोड़ रुपये के लेन–देन मूल्य से यूपीआई के जरिये 314 लाख करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ। वैसे आम उपभोक्ता पर सीधे तौर पर एमडीआर लगने का प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि देश में 96 फीसदी लेन–देन दो हजार रुपये की सीमा में ही आता है। लेकिन यदि कारोबारियों पर दो हजार से अधिक के यूपीआई लेन–देन पर एमडीआर शुल्क लगता है तो येन–केन–प्रकारेण वे इसका बोझ उपभोक्ताओं पर डालने का ही प्रयास करेंगे। वास्तव में आज जब साइबर फ्रॉड के मामलों में लगातार अप्रत्याशित तेजी आ रही है तो हर रोज होने वाले करोड़ों डिजिटल भुगतानों की सुरक्षा करना भी जरूरी हो जाता है। विशेषकर, छोटे विक्रेताओं और आम उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए। निस्संदेह, सरकार का यह तर्क वाजिब है कि इतने बड़े इकोसिस्टम को हमेशा सरकारी अनुदान के भरोसे नहीं चलाया जा सकता है। यह भी हकीकत है कि सरकार को यूपीआई लेन–देन पर एमडीआर लागू इसलिये करना पड़ा क्योंकि यूपीआई नेटवर्क चलाने के लिए हर साल बीस हजार करोड़ का बोझ उसे वहन करना पड़ता है। पहले सरकार ने डिजिटल लेन–देन को बढ़ावा देने के लिए ग्राहक व पेमेंट लेने वाले व्यापारियों पर कोई फीस नहीं लगायी थी। लेकिन यूपीआई नेटवर्क के विस्तार के साथ इसे चलाने का खर्च भी लगातार बढ़ता चला गया। यूपीआई का कितनी तेजी से विस्तार हुआ, इस बात का पता इस आंकड़े से चलता है कि वर्ष 2026 के वित्तीय वर्ष में यूपीआई के जरिये हुए 24,161. 69 करोड़ लेन–देन 314 लाख करोड़ रुपये कीमत के हुए। इस बीच यूपीआई से जुड़े बैंकों की संख्या 44 से बढ़कर 703 हो गई है। देश में करीब 55 करोड़ लोग यूपीआई का उपयोग कर रहे हैं। निर्विवाद रूप से आज के दौर में साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी रोकने, इंफ्रास्ट्रक्चर और नवाचार के लिए लगातार नये निवेश करने की जरूरत होती है। ऐसे में दो हजार से अधिक मूल्य के व्यापारिक लेन–देन पर सीमित मात्रा में एमडीआर मॉडल बैंकों और भुगतान प्रदाताओं के लिए एक स्थायी राजस्व का तंत्र विकसित कर सकता है। वैसे हकीकत यह भी है कि भले ही सरकार एमडीआर सिर्फ व्यापारियों पर ही लागू कर रही है, लेकिन लागत बढ़ने पर व्यवसायी एमडीआर का कुछ हिस्से का बोझ मूल्य बढ़ोतरी के माध्यम से उपभोक्ताओं पर डाल देंगे। ऐसे में यूपीआई और सेवा नियामक कमेटी को स्पष्टता और पारदर्शिता के आधार पर फैसला लेना चाहिए। एमडीआर की राशि का निर्धारण कुछ इस तरह किया जाना चाहिए, जिससे छोटे व्यवसायियों पर अधिक दबाव न पड़े। लोगों का आपसी लेन–देन मुफ्त ही बना रहे और साथ ही दो हजार रुपये की सीमा में बदलाव न किया जाए। आज देश में यूपीआई व्यवस्था त्वरित, सस्ती और सार्वभौमिक भुगतान सुविधा के चलते अर्थव्यवस्था की एक बड़ी ताकत बन गयी है। ऐसे में सरकार को ऐसा मॉडल तैयार करना चाहिए, जो डिजिटल पेमेंट को जनसाधारण के लिए सहज व सुलभ रखे। साथ ही उस ढांचे को आर्थिक संबल दे जिस पर यह निर्भर है।

# ब्रिक्सः ग्लोबल साउथ की गूंज मजबूत

**भाषा सिंह**

भारत की अध्यक्षता में दिल्ली में हुए ब्रिक्स के 18वें शिखर सम्मेलन की गूंज क्या वर्ल्ड ऑर्डर में किसी बड़ी तब्दीली का संकेत दे रही है। सम्मेलन शुरू होने से पहले ही यह माना जा रहा था कि 11 सदस्य देश आपसी साझेदारी– व्यापार– अनुसंधान आदि पर सहमति तक पहुंचेंगे और अमेरिका के वर्चस्व को सीधी चुनौती देने से बचेंगे। लेकिन ब्रिक्स के देश इससे आगे युद्ध और अमेरिका के टैरिफ वार के खिलाफ कड़ा संदेश देने में सफल रहे। इस सम्मेलन में भारत, चीन, रूस और ईरान ने युद्ध और बढ़ते भू–राजनीतिक दबाव से दुनिया भर में आम लोगों का जीवन तबाह होने और सप्लाई चेन बाधित होने की बात कही। भारत ने मौजूदा वैश्विक संकट की नब्ज पर हाथ रखते हुए क्रिटिकल मिनरल्स को हथियार बनाए जाने पर चिंता जताई साथ ही आगाह किया कि दुनिया का कोई संकट एक क्षेत्र में नहीं रहता, यानी उसकी मार सब पर पड़ती है। यह सबका भुगता हुआ सच है, चाहे वह रूस–यूक्रेन संघर्ष हो या फिर ईरान पर अमेरिका का हमलाकृ दुनिया के हर देश ने इनके असर को झेला है। यही वजह है कि ब्रिक्स 2026 के घोषणापत्र में तनावों और युद्ध जैसी स्थितियों को परस्पर संवाद से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबु धाबी के क्राउन प्रिंस खालिद बिन मोहम्मद की ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान हुई अलग बैठक भी बहुत चर्चा में रही। पश्चिम एशिया में गहरे तनाव के बीच दोनों नेताओं का एक मंच पर मिलना अपने आप में महत्वपूर्ण था। दोनों ने तनाव घटाने, क्षेत्रीय स्थिरता और शांति की कोशिशों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इस तरह ब्रिक्स सम्मेलन ने वर्ल्ड ऑर्डर को यह संदेश दिया कि वह परस्पर विरोधी हितों और तनावों के बीच भी संवाद का मंच बन सकता है। ब्रिक्स की शक्ति विविधता और सहयोग में है और सम्मेलन ने इस दिशा में खासी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक संकटों से मुकाबला करने के लिए लचीला रुख अख्तियार करने की बात की। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि बिना नियमों के दुनिया एक ऐसे चौराहे जैसी है जहां ट्रैफिक लाइट ने काम करना बंद कर दिया हो। अंतरराष्ट्रीय नियमों को लिखने में सभी देशों की साझेदारी होनी चाहिए। 2027 में ब्रिक्स की अध्यक्षता चीन के पास होगी, लिहाजा शी जिनपिंग का यह कहना कि ब्रिक्स को इतिहास के सही पक्ष में खड़ा होना चाहिए, आने वाले समय में इस प्लेटफॉर्म की बढ़ती भूमिका के बारे में संकेत देने वाला है। ब्रिक्स घोषणापत्र 2026 में कहीं भी अमेरिका का नाम नहीं है, लेकिन उसके वर्चस्व को तगड़ी चुनौती दी गई है। खासतौर से टैरिफ वार और डॉलर पर निर्भरता घटाने की दिशा में स्थानीय मुद्राओं और वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों पर जोर महत्वपूर्ण है। घोषणापत्र में सीमा–पार भुगतान प्रणालियों को बेहतर बनाने और ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार तथा निवेश में स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर चर्चा जारी रखने की बात कही गई है। ब्रिक्स के देश खासतौर पर अमेरिका के टैरिफ वार के निशाने पर रहे हैंकृचाहे चीन हो या भारत या फिर रूस। सभी के लिए इस टैरिफ के डंडे से बाहर निकलने का रास्ता खोजना प्राथमिकता रही और 11–13 सितंबर को ब्रिक्स के अलग–अलग प्लेटफॉर्म पर इस पर खूब चर्चा हुई। भारत ने संतुलित रुख अख्तियार करने की बहुत कोशिश की, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन व ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से गर्मजोशी भरी मुलाकातें और साथ में पौधा लगाना अलग ढंग का राजनीतिक संदेश दे रहे थे। संदेश साफ हैकृग्लोबल साउथ अपनी दावेदारी पेश कर रहा है और यह दुनिया को बहुध्रुवीय बनाने की दिशा में कदम है। घोषणापत्र के निशाने पर इजरायल भी है और खुलकर गाजा में हो रही हिंसा–बर्बरता के खिलाफ बोला गया हैकृजो अपने आप में ऐतिहासिक है। घोषणापत्र में कहा गया है कि ब्रिक्स के देश तमाम पक्षों से यह आग्रह करते हैं कि वे गाजा में युद्धविराम का सम्मान करें। ब्रिक्स फिलिस्तीनियों को जबरन बाहर ढकेलने के खिलाफ है और दो राष्ट्रों के निर्माण की अवधारणा के समर्थन में है। इस तरह से ब्रिक्स के तमाम देशों का फिलिस्तीन के पक्ष में आना और इजरायल के खिलाफ बोलना एक मायने में अमेरिका के स्टैंड के खिलाफ बोलना है। ब्रिक्स देशों ने सम्मेलन में आर्थिक– सामाजिक– राजनीतिक मुद्दों के साथ युद्ध, टैरिफ वार और प्रतिबंधों जैसी चुनौतियों पर बेहतर समझदारी विकसित की। बुनियादी तौर पर सहमति बनी कि ब्रिक्स देशों को एक–दूसरे पर आने वाले संकटों में साथ देना चाहिए। ब्रिक्स में बड़ी आर्थिक ताकत बनने का दम–खम है और सम्मेलन में उसका रोडमैप सामने आया। ब्रिक्स की असली परीक्षा अब घोषणाओं में नहीं, उन्हें लागू करने में होगी। इसी कमजोरी को दूर करने के लिए भारत ने शब्रिक्स कंटिन्युटी एंड इम्प्लीमेंटेशन मैकेनिज्मश का प्रस्ताव रखा है, ताकि हर साल अध्यक्ष बदलने के साथ पिछले फैसले ठंडे बस्ते में न चले जाएं। विश्व कूटनीति में अब ग्लोबल साउथ की धमक आने वाले दिनों में और ज्यादा मजबूत होगी और यह विश्व शांति के लिए भला होगा।

(लेखिका अंतरराष्ट्रीय मामलों की जानकार हैं।)

# मुनाफे और ताकत के दांव

**राजेश पांडेय**

इन दिनों दुनियाभर खासकर अमेरिका में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से होने वाली तबाही पर गर्म बहस छिड़ गई है। विश्व के भविष्य को लंबे समय तक प्रभावित करने वाली तकनीक में दो महाशक्तियों अमेरिका और चीन के साथ दिग्गज टेक्नालॉजी कंपनियों के बड़े दांव लगे हैं। एआई से मानवता के अस्तित्व को खतरों की चेतावनियों के बावजूद कोई पक्ष पीछे नहीं हटना चाहता है। अमेरिका, चीन को अपना प्रभाव कम होने और पिछड़ने की आशंका है तो टेक कंपनियों की नजर अरबों रुपए के निवेश और मुनाफे पर है। इस रस्साकशी ने उम्मीद जगाई है कि देर–सबेर एआई पर काबू पा लिया जाएगा। एआई या कृत्रिम बुद्धि के विध्वंसक नतीजों के बारे में एआई के गॉडफॉदर माने जाने वाले वैज्ञानिक ही आगाह कर रहे हैं। यहां कुछ नामी साइंटिस्ट का जिक्र काफी होगा। मांट्रियल यूनिवर्सिटी, कनाडा में कंप्यूटर साइंस के प्रोफेसर जोशुआ बेंजिओ 2023 से एआई के कारण मानव अस्तित्व को खतरे और उस पर मानवीय नियंत्रण खत्म होने के बारे में कह रहे हैं। बेंजिओ ने एआई के खिलाफ अभियान छेड़ने और सुरक्षा का सिस्टम बनाने के लिए लॉ जीरो संगठन बनाया है। लॉ जीरो बेकाबू एआई एजेंट को बेअसर करने के सेफ्टी सिस्टम बना रहा है। संगठन को जर्मनी और कनाडा की सरकारों के साथ माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया से मदद मिली है। बेंजिओ के साथ 2018 में एलन ट्यूरिंग पुरस्कार हासिल करने वाले ज्याफ्रे हिंटन ने 2023 में गूगल से इस्तीफा दे दिया। उनका कहना था कि वे एआई के जोखिमों पर अधिक स्वतंत्रता से बोलने के लिए काम छोड़ रहे हैं। हिंटन कहते हैं कि एआई मानवों से अधिक स्मार्ट हो जाएगी और सत्ता पर कब्जा करने जैसे लक्ष्य बना लेगी। उसे बंद करना या नियंत्रण में रखना असंभव हो जाएगा। गूगल के पूर्व शोधकर्ता का कहना है कि एआई का बुरे लोग दुरुपयोग करेंगे,ऑटो साइबर हमले होंगे और जैविक वायरस तैयार किए जाएंगे हैं। वे इस टेक्नालॉजी के कारण बेरोजगारी बढ़ने और चुनावों में धांधली का अंदेशा भी जताते हैं। बेंजिओ, हिंटन के साथ एआई लैब्स में काम करने वाले कई शोधकर्ता लगातार चिंता जता रहे हैं। वे कहते हैं कि एआई इस दशक के अंत तक मानवों का अस्तित्व खत्म कर देगी। इनकी चेतावनियों ने वैसा असर नहीं किया है जैसा कि 8 सितंबर को एआई लैब एंथ्रोपिक से जेकब कॉक्सन के इस्तीफे का हुआ है। कॉक्सन ने तीन साल तक ओपनएआई और एंथ्रोपिक में एआई के शक्तिशाली मॉडलों को प्रशिक्षित किया है। उनके इस्तीफे की पोस्ट को इंटरनेट पर 24 घंटे से कम समय से नौ करोड़ से अधिक व्यू मिले थे। उन्होंने सबसे बड़ा खतरा बताया यह है कि यदि हमने एआई की वर्तमान गति को धीमा नहीं किया तो निकट भविष्य में हम सब मर जाएंगे। वे कहते हैं, एआई कंपनियों में काम कर रहे सभी लोग ऐसा ही सोचते हैं। कॉक्सन की चेतावनी से हड़कंप मच गया है। 12 सितंबर को एंथ्रोपिक के प्रमुख डैरियो अमोडेई ने एक लेख में सुझाव दिया है कि एआई पर सामूहिक रोक और संयम की जरूरत है। प्रमुख एआई लैब्स को एआई की क्षमता बेहतर बनाने की गति धीमी करना चाहिए। ओपनएआई के सैम आल्टमैन, दुनिया के सबसे अमीर शख्स और एक्सएआई के मालिक एलन मस्क का भी कहना है कि एआई मॉडलों की रफ्तार धीमी होनी चाहिए। माइक्रोसॉफ्ट के सत्या नडेला कहते हैं, एआई के बड़े मॉडलों को समाज की मदद और मानवीय नियंत्रण के सिद्धांतों से निर्देशित होना चाहिए। लेकिन इस वक्त सबसे कीमती टेक कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेनसन हुआंग कहते हैं, एआई को नियंत्रित करने के लिए किसी नए कानून या नियमों की जरूरत नहीं है। उनका कहना है, नियंत्रण का काम बाजार की ताकतें करेंगी। हुआंग जोर देते हैं, तेजी से आगे बढ़ें लेकिन अगर किसी बिंदु पर लगता है कि कंपनी या उसके प्रोडक्ट काबू से बाहर जा रहे हैं तो ठहर जाइए और सुधार कीजिए। कुछ टेक्नालॉजी कंपनियां एआई की गति को धीमी करने की बात तो करती हैं लेकिन वे निर्णायक कदम नहीं उठा रही हैं। दरअसल, उनका मुनाफा और बाजार मूल्य एआई पर बहुत हद तक निर्भर है। अलग–अलग कंपनियों ने सॉफ्टवेयर, सोशल मीडिया और एआई मॉडलों के दम पर अरबों रुपए कमाए हैं। इनका बाजार मूल्य कई देशों के जीडीपी से आगे है। इस समय एनवीडिया का बाजार मूल्य 5.35 लाख करोड़ रुपए, एपल 450 लाख करोड़ रुपए, गूगल 393 लाख करोड़ रुपए, माइक्रोसॉफ्ट 355 लाख करोड़ रुपए, अमेजन 266 लाख करोड़ रुपए और मेटा का मूल्य 158 लाख करोड़ रुपए है। बड़ी टेक कंपनियां एआई पर काफी पैसा लगा रही हैं। अमेजन, गूगल, फेसबुक की मेटा और माइक्रोसॉफ्ट ने 2024–25 और 2025–26 में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और पूंजी खर्च के बतौर 95 लाख करोड़ रुपए लगाए हैं। ओपनएआई और एंथ्रोपिक में माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन और जापान के सॉफ्ट बैंक ने निवेश किया है। लिहाजा,उनके लिए यह काम समेटना या धीमा करना मुश्किल नहीं है लेकिन कारोबार की होड़ उनके कदम रोकती है। निवेशक भी खुले हाथ से पैसा लगा रहे हैं। 2020 में निवेशकों ने रोबोटिक्स, स्पेस, क्वांटम कंप्यूटिंग में 2.1 लाख करोड़ रुपए लगाए थे। 2026 में यह आंकड़ा बढ़कर 8.6 लाख करोड़ रुपए हो गया है। ये सभी तकनीक एआई से जुड़ी हैं। एआई की होड़ देशों और कंपनियों के बीच टेक्नालॉजी के कारण बढ़ती असमानता पर भी रोशनी डालती है। एआई में भारत सहित कई देशों की कंपनियां निवेश कर रही हैं। लेकिन, वे इनोवेशन में पीछे हैं। केवल फ्रांस की मिस्ट्रल अमेरिकी, चीनी कंपनियों का थोड़ा बहुत मुकाबला कर सकती है। इसी तरह एआई में बड़ी कंपनियों को ज्यादा कामयाबी मिली है। ओपनएआई और एंथ्रोपिक का आकार छोटा है पर वे इनोवेशन में अव्वल हैं। चीन की अलीबाबा, डीपसीक और जेडएआई जैसी कंपनियां अमेरिकी कंपनियों के मुकाबले कम खर्च में एआई मॉडल बना रही हैं। एआई से साइंस, टेक्नालॉजी, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती जैसे क्षेत्रों में असीमित संभावनाओं के साथ देशों की सामरिक ताकत भी जुड़ी है। इसलिए अमेरिका, चीन की सरकारें रोक लगाने के विचार का सख्त विरोध कर रही हैं। टेक्नालॉजी से मानव की तरक्की से कोई इन्कार नहीं करता है। लेकिन उसके दुरुपयोग की आशंकाओं को खारिज भी नहीं कर सकते हैं। एआई को किनारे रख दें और सोशल मीडिया के प्रभाव को देख लें तो स्थिति समझी जा सकती है। सोशल मीडिया की लत युवाओं, किशोरों के साथ सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित कर रही है। लेकिन, उस पर कारगर रोक किसी कंपनी ने नहीं लगाई है। कुछ सरकारों ने जरूर सोशल मीडिया पर पाबंदी लगाने की पहल की है। ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम आयु के लोगों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर कई तरह के नियंत्रण लगाए हैं। कुछ अन्य देश ऑस्ट्रेलिया के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। वहीं कंपनियों ने कोई कारगर कदम नहीं उठाए हैं। सोशल मीडिया के अनुभव को देखते हुए टेक कंपनियों से अपनी तरफ से एआई पर पूरी तरह रोक लगाने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। अलबत्ता, वे एआई मॉडलों की तेज रफ्तार को जरूर थाम सकती हैं। इतिहास के पन्नों को टटोलें तो हम पाते हैं कि कई बार मानवजाति को त्रासदियों और विनाश से बचाने के लिए असरदार पहल हुई है। 1975 में लगभग 150 वैज्ञानिकों ने कैलिफोर्निया, अमेरिका में मानव शरीर की मुख्य संरचना–डीएनए टेक्नालॉजी के नुकसानदेह परिणामों पर चर्चा की थी। उस वक्त आशंकाएं जताई गई थीं कि शरीर के किसी हिस्से से जेनेटिक मटीरियल डीएनए को निकालकर उससे दूसरे किस्म के अंग या जीव बनाए जा सकते हैं। इस पहलू पर रिसर्च को रोकने और जरूरी सुरक्षा उपाय करने के लिए निर्णायक कदम उठाए गए थे।

# म्यांमार सैन्य शासन का सशस्त्र विद्रोहियों को राजनीतिक

**–राजेश माहेश्वरी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को 76 बरस के हो गए। उन्हीं की बनाई परिपाटी के मुताबिक उन्हें सत्ता से हटकर भाजपा के मार्गदर्शक मंडल का हिस्सा बन कर रह जाना चाहिए था। लेकिन नरेन्द्र मोदी अपने लिए अलग नियम बनाते हैं और दूसरों के लिए अलग। जैसे प.एशिया के तनाव के कारण जो वैश्विक आर्थिक संकट आया, उसमें मोदी ने जनता से अपील की कि वे विदेश न जाएं, लेकिन उसके फौरन बाद खुद एक के बाद एक विदेश यात्राओं पर निकल गए। मोदी ने जनता से ये अपील भी की थी कि तेल का इस्तेमाल कम करें, इस के बाद भाजपा नेताओं ने कुछ दिनों तक अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम करने और सार्वजनिक यातायात साधनों से सफर की नौटंकी भरे वीडियो बनवाए, लेकिन अब मोदी के जन्मदिन पर भाजपा और भाजपा सरकारें लाखों–करोड़ों दीए जलवा रही है। इससे भी जाहिर होता है कि मोदी की कथनी और करनी एक नहीं है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने कुछ दिन पहले ही अपील की थी कि 17 सितंबर की शाम को सभी अपने–अपने घरों में दीए जलाएं, इसे उन्होंने आशीर्वाद का दीया करार दिया। पता नहीं नरेन्द्र मोदी की सत्ता को लेकर भाजपा कितना असुरक्षित महसूस करती है, जो तीन बार प्रधानमंत्री बनने के बावजूद उनके लिए भाजपा नेताओं को अपील करनी पड़ती है। चुनाव के वक्त ऐसे प्रचार करना, वोट मांगना, सत्ता के लिए आशीर्वाद मांगना फिर भी जायज लगता है, लेकिन जब देश में चारों तरफ जनता दुखों और तकलीफों में घिरी दिखाई दे, तब खुद को 140 करोड़ लोगों के परिवार का मुखिया कहने वाला व्यक्ति अपने जन्मदिन का जश्न जबरदस्ती मनवाए तो इससे बड़ी विडंबना किसी लोकतांत्रिक देश के लिए नहीं हो सकती। नरेन्द्र मोदी चाहते तो भाजपा अध्यक्ष की अपील पर विनम्रता से इंकार करते हुए कह सकते थे कि जब मेरे देशवासी तकलीफों में हैं, तो मैं अपने जन्मदिन का जश्न नहीं मनाना चाहता। इससे उनका कद वाकई बड़ा होता। लेकिन इसकी जगह नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर इस तरह के आशीर्वाद मिलने पर खुशी ही जताई है। जाहिर है उन्हें रत्ती भर भी जनता की परवाह नहीं है। 2008 में जब मुंबई में आतंकी हमला हुआ था, तो सोनिया गांधी ने 9 दिसंबर को अपना जन्मदिन न मनाने की अपील की थी, इसी तरह 2019 में उन्होंने महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों को देखते हुए जन्मदिन न मनाने का फैसला लिया था। इसी तरह 2022 में जब अग्निपथ योजना के खिलाफ देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हो रहे थे तो 9 जून को जन्मदिन से पहले राहुल गांधी ने कहा था कि, श्मैं देश भर के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अपने शुभचिंतकों से अपील करता हूं कि मेरे जन्मदिन के मौके पर किसी भी तरह का जश्न न मनाएं।श इससे पहले 2020 और 2021 में कोविड महामारी के दौरान भी राहुल ने ऐसी ही अपील की थी। लोकतांत्रिक देश में सार्वजनिक जीवन में नेताओं का व्यवहार ऐसा ही होना चाहिए। लेकिन नरेन्द्र मोदी में लोकतांत्रिक प्रवृत्ति रत्ती भर भी नजर नहीं आती। रोम जल रहा था और नीरो बांसुरी बजा रहा था, जैसी मिसालें भी इस व्यवहार के आगे हल्की नजर आती हैं। सोशल मीडिया पर नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन की भाजपा और सरकारी पहलों पर एक टिप्पणी पढ़ने मिली बधाई हो किम जोंग उन हुआ है। उत्तर कोरिया के तानाशाह का नाम इस तरह भारतीय संदर्भ में आना लोकतंत्र के लिए उभर चुके खतरनाक लक्षणों को दिखा रहा है। गनीमत है कि भारत में हम अब भी कम से कम यह लिख–बोल पा रहे हैं कि सरकार का कौन सा फैसला सही है, कौन सा गलत। विपक्ष की आवाज को अमीर मीडिया घरानों में भले जगह न दी जाए, लेकिन सोशल मीडिया पर विपक्ष को सुना जा रहा है। उ.कोरिया में यह सब मुमकिन नहीं है। पर भारत में भी कब तक मुमकिन रह पाएगा, इसकी चिंता बढ़ती जा रही है। इस समय बाढ़ की भारी तबाही से बिहार जूझ रहा है, कम से कम 50 लाख लोग बाढ़ के खतरों का सामना कर रहे हैं। कुछ समय पहले ही असम में ऐसी ही तबाही आई थी। इधर दिल्ली में सत्य निकेतन हादसे की भयावहता अब तक कायम है। मणिपुर में तो पिछले तीन सालों से अशांति बनी हुई है। हजारों लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं, क्योंकि उनके अपने घर जातीय हिंसा की भेंट चढ़ चुके हैं। लेकिन राहत शिविरों में भी लोग सुरक्षित नहीं हैं। 8 जिलों में कम से कम 640 मौतें दर्ज की गई हैं। जिस पर अब सुप्रीम कोर्ट ने भी मणिपुर सरकार से जवाब मांगा है। मध्यप्रदेश में बालाघाट में कम से कम 30 बैगा आदिवासी बच्चों की मौत दूषित पानी के कारण हो चुकी है। ये सारे हालिया मामले हैं, इनके अलावा नीट पेपर लीक के कारण 24 से ज्यादा बच्चों ने अपनी जान ले ली है, किसानों की आत्महत्या के मामले भी थम नहीं रहे हैं। महंगाई और बेरोजगारी की दोहरी मार से परिवारों की खुशियां चली गई हैं। ऐसे निराशाजनक माहौल में नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन किसी राष्ट्रीय पर्व की तरह भाजपा मना रही है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो शायद निकट भविष्य में 2 अक्टूबर की जगह 17 सितम्बर को राष्ट्रीय पर्व में शामिल कर लिया जाए तो आश्चर्य नहीं होगा। भाजपा जानती है कि जब तक सत्ता उसके हाथ में है, जब तक संवैधानिक संस्थाएं उसके सामने घुटनों पर बैठी रहेंगी, वह पूरी उच्छृंखलता दिखा सकती है। इस समय यही होते हम देख रहे हैं। दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि तमाम भाजपा शासित राज्यों में वहां के मुख्यमंत्री सार्वजनिक रूप से नरेन्द्र मोदी जन्मदिवस के कार्यक्रमों का सरकारीकरण कर रहे हैं। तमाम राज्यों में स्कूल शिक्षकों से कहा गया है कि वे स्कूल के बच्चों के वीडियो बनाकर पोस्ट करें, जिनमें मोदी की तारीफ होना चाहिए। शिक्षा अधिकारी निगरानी कर रहे हैं कि स्कूलों में दीए जलाए जाएं। आंगनबाड़ियों, स्कूलों, सरकारी अस्पतालों सब जगह दीए जलाने के निर्देश दिए गए। लाखों–करोड़ों दीए जलाने के लिए धन की व्यवस्था कहां से हुई, क्या सरकारों ने किसी निविदा प्रक्रिया के जरिए तय किया कि कौन सी एजेंसी कहां से तेल, दीयों, बातियों समेत बाकी सामग्री खरीदेगी।

# 48 मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के साथ समावेशी शिक्षा अभियान को मिली नई गति

## 1,415 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को दिया जाएगा पांच दिवसीय प्रशिक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 19 सितंबर। समग्र शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों में समावेशी शिक्षा को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्य शिक्षा संस्थान, एलनगंज में आयोजित तीन दिवसीय जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का शनिवार को समापन हुआ। 17 से 19 सितंबर तक चले प्रशिक्षण में जनपद के 48 स्पेशल एजुकेटर्स को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण के बाद ये मास्टर ट्रेनर्स विभिन्न विकासखंडों में जाकर 1,415 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को पांच दिवसीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण देंगे। प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों की पहचान, उनकी विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं, कक्षा–कक्ष में आवश्यक अनुकूलन, शिक्षण–अधिगम तकनीक, सहायक उपकरणों के उपयोग तथा विद्यालयी गतिविधियों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

समापन अवसर पर सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी वरुण कुमार यादव ने मास्टर ट्रेनर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव को विद्यालय स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना



महत्वपूर्ण है। जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन राजीव त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को समान अवसर और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) विकास पाण्डेय ने बताया कि मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के बाद विकासखंड स्तर पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को केवल विद्यालय में नामांकन तक सीमित रखने के बजाय उनकी निरंतर सहभागिता, सीखने और प्रगति के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है।

कार्यक्रम में एसआरजी अंतरिक्ष शुक्ला, राज्य शिक्षा संस्थान की डॉ. पूनम सिंह एवं मनोविज्ञानशाला की डॉ. रेनू सिंह मौजूद रहीं। विशेषज्ञों ने दिव्यांग बच्चों की शैक्षिक एवं मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं तथा समावेशी कक्षा–कक्ष के प्रभावी संचालन के संबंध में प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में तथा संचालन जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) विकास पाण्डेय ने किया। प्रशिक्षण के अगले चरण में 1,415 विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित किए जाने से दिव्यांग बच्चों के लिए अधिक संवेदनशील और समावेशी शैक्षिक वातावरण विकसित करने की दिशा में प्रयास को गति मिलेगी।

# सौम्या त्रिपाठी ने जेआरएफ परीक्षा में प्राप्त किया ऑल इंडिया रैंक प्रथम

### महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष, प्राचार्या ने बधाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। आर्य कन्या डिग्री कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग की एमए. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु सौम्या त्रिपाठी ने जेआरएफ परीक्षा में जनरल कैटेगरी में ऑल इंडिया प्रथम रैंक प्राप्त किया है। महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। उन्होंने पीजी छात्राओं को अध्ययन में समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी एवं बहादुरी के साथ अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो अर्चना पाठक ने सौम्या को ऑल इंडिया में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय के सभी शिक्षक, छात्राओं के चतुर्दिक विकास के लिए तत्पर है। शिक्षकों द्वारा पी.जी पाठ्यक्रम के साथ नेट परीक्षा हेतु छात्राओं को तैयारी कराने के लिए शुभकामनायें दिया। समाज शास्त्र विषय में खुशी त्रिपाठी नेट, पूजा गिरी ने भी जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो अर्चना पाठक, समाजशास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो अंजू श्रीवास्तव, डॉ सब्यसांची, डा. स्मिता, डॉ रागिनी ने भी छात्राओं को बधाई दिया। लॉ विभाग की निदेशक डॉ ममता गुप्ता, उप प्राचार्या प्रो इभा सिरोठिया, चीफ प्राक्टर डॉ रंजना त्रिपाठी तथा सभी शिक्षको एवं शिक्षिकाओं ने बधाई दिया।



# नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव

### कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज में व्याख्यान माला एवं प्रतियोगिता आयोजित, 247 छात्र–छात्राओं ने लिया हिस्सा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 19 सितंबर। कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज, प्रयागराज में शनिवार को भारत सरकार के 'सेवा संकल्प कार्यक्रम' के अंतर्गत 'नशामुक्त युवा एवं विकसित भारत' विषय पर व्याख्यान माला एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में हुआ। मुख्य अतिथि एवं वक्ता जागृति पाण्डेय, उप निदेशक, मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशे की ओर बढ़ने से पहले ही उस दिशा से मुड़ जाना चाहिए, क्योंकि एक बार नशे की गिरफ्त में आने के बाद उससे बाहर निकलना कठिन हो जाता है। उन्होंने 'मेरा युवा भारत' की ओर से जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, उनमें प्रतिभाग करने की प्रक्रिया और पुरस्कार राशि की जानकारी भी दी। 'विकसित भारत संकल्प' विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में 10 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसमें अनुराधा सिंह, साक्षी मिश्रा, सावित सोनी, स्नेहा पाण्डेय और हिमांशी मिश्रा ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. चंद्रशेखर चौबे और संयोजक डॉ. मनीष कुमार श्रीवास्तव रहे। इस अवसर पर प्रो. अनुराग त्रिपाठी, प्रो. शशिकांत त्रिपाठी, प्रो. पवन कुमार पचौरी, परम प्रकाश सिंह, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रिया श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. एसपी यादव और डॉ. होजैफा सगीर सहित 247 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संचालन प्रो. चंद्रशेखर चौबे ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मनीष कुमार श्रीवास्तव ने किया।




# डॉ. शैलेश पांडेय ने जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय में प्रधानाचार्य का पदभार संभाला

## कहा कि छात्रों का सर्वांगीण विकास, विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार करना है प्राथमिकता शिक्षक संगठन, शिक्षक, बडी संख्या में लोगों ने दी बधाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय चौबारा न्यायीपुर, सोरांव, प्रयागराज में डॉ. शैलेश कुमार पांडेय ने नए प्रधानाचार्य के रूप में आज कार्यभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं प्रबंध समिति के सदस्यों ने नवनियुक्त प्रधानाचार्य डा शैलेश कुमार पाण्डेय का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधानाचार्य डॉ. शैलेश कुमार पांडेय ने विद्यालय की गरिमा, शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुशासनात्मक व्यवस्था को नए शिखरों पर ले जाने का संकल्प व्यक्त किया। नवागत प्रधानाचार्य डॉ. शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता छात्रों का सर्वांगीण विकास और विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार करना है। शिक्षकों के मार्गदर्शन, अभिभावकों के सहयोग और विद्यार्थियों के परिश्रम से हम इस संस्थान को क्षेत्र का उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान बनाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक, कर्मचारी एवं बडी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर उपाध्याय, मेवालाल अयोध्या प्रसाद इंटर कॉलेज के प्रबंधक चंद्र प्रकाश द्विवेदी, कल्याणपुर इंटर कॉलेज के प्रबंधक अजय विक्रम सिंह, विधायक फाफामऊ गुरु प्रसाद मौर्या, प्रधानाचार्य अरविंद कुमार सिंह, डॉ संतोष शुक्ला, वंदना सिंह, डॉ पवन तिवारी, शिव ओम तिवारी, डॉ अभिषेक त्रिपाठी, लाल बहादुर डॉ रविंद्र प्रताप, गया प्रसाद, जगदीश प्रसाद, माहेश्वरी



प्रसाद,राम औतार गुप्ता आदि ने नवनियुक्त प्रधानाचार्य डॉ. पांडेय को नए दायित्व के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त प्रधानाचार्य डा शैलेश कुमार पाण्डेय का प्रधानाचार्य –2013 में चार मण्डल प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ और वाराणसी हुआ था लेकिन उन्होंने अपनी कर्मस्थली प्रयागराज में प्रधानाचार्य का पद संभाला। बलिया निवासी डा शैलेश कुमार पाण्डेय प्रयागराज के रसूलाबाद में परिवार सहित रहते है। धर्मपत्नी डा रूबी ओझा पाण्डेय बेसिक में प्रधानाचार्य है। डा शैलेश कुमार पाण्डेय भाजपा महानगर महामंत्री भी है जो कुशल सगठनकर्ता, मृदुभाषी, कुशल वक्ता, सरल स्वभाव और लोगों की मदद के लिए सदैव खडे रहते है।

# कोटिया कुंडरी में हरा पेड़ काटने पर हुई कार्रवाई

### महुआ का पेड़ बिना अनुमति के काटने पर वन विभाग की कार्रवाई से मचा हड़कंप

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कोरांव प्रयागराज। कोरांव थाना क्षेत्र के कोटिया कुंडरी गांव में बिना अनुमति के ही महुआ का हरा पेड़ काटने के मामले में शिकायत पर वन विभाग ने जुर्माने की कार्रवाई की है। कोटिया कुंडरी गांव के रहने वाले प्रेम शंकर व अशोक कुमार के द्वारा बिना वन विभाग से अनुमति लिए ही महुआ का एक हरा पेड़ कटवा दिया गया। जिसकी गांव के ही लोगों के द्वारा शिकायत वन क्षेत्राधिकारी कोरांव प्रमोद कुमार सिंह से की गई। जिसके बाद वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने शनिवार को दोपहर में कटे हुए हरे पेड़ का निरीक्षण किया और काटने वाले प्रेम शंकर व अशोक कुमार के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई की। ज्ञातब्य हो कि कोटिया कुंडरी गांव में कई भाइयों के बीच साझे का एक महुआ का पेड़ था। दो भाई मिलकर जबरन पेड़ को कटवा दिए। जिसकी शिकायत वन क्षेत्राधिकारी से कर दी गई। शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए वन क्षेत्राधिकारी ने पेड़ काटने वालों पर 10000 रुपए जुर्माने की कार्रवाई की है। वन विभाग की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।



# संपूर्ण समाधान दिवस में आई 318 शिकायतों में पांच का हुआ निस्तारण

### एसडीएम तहसीलदार व नायब तहसीलदारों ने सुनी समस्याएं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कोरांव प्रयागराज। शनिवार को सुबह 10 से लेकर दोपहर बाद 2 बजे तक तहसील सभागार कोरांव में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उप जिलाधिकारी कोरांव ठाकुर प्रसाद की अध्यक्षता में किया गया। जहां कुल 318 फरियादियों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई। प्राप्त शिकायतों में राजस्व की पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया शेष सभी शिकायतों को संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार अनिल यादव, नायब तहसीलदार रणविजय सिंह, नायब तहसीलदार राम मूरत ने आए हुए फरियादियों की शिकायतें सुनी। संपूर्ण समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की 126, पुलिस विभाग की 35, विकास विभाग की 25, शिक्षा की दो, स्वास्थ्य से दो, समाज कल्याण की तीन तथा 135 शिकायतें अन्य विभागों की पाई गई। संपूर्ण समाधान दिवस प्रभारी उप जिलाधिकारी कोरांव ठाकुर प्रसाद ने सभी शिकायतों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। संपूर्ण समाधान दिवस में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद रिजवान खान, एसडीओ बेलन अनिल कुमार सिंह, एसडीओ विद्युत, आपूर्ति निरीक्षक, खंड विकास अधिकारी कोरांव राहुल मिश्र समेत कई अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



# समस्याओं का होगा त्वरित निस्तारण : वित्त अधिकारी नीतू यादव

### एकजुट ने माध्यमिक शिक्षा की नवनियुक्त वित्त एवं लेखाधिकारी को दी बधाई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) के प्रदेश संरक्षक डॉ. हरि प्रकाश यादव के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने माध्यमिक शिक्षा प्रयागराज की नवनियुक्त वित्त एवं लेखाधिकारी नीतू यादव से कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की और बुके भेंट कर कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई दी। प्रदेश संरक्षक डॉ. हरि प्रकाश यादव ने कहा कि नवनियुक्त वित्त एवं लेखाधिकारी के आने से जिले के माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़े हजारों शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में शिक्षकों और कर्मचारियों को कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब उनकी समस्याओं का समय से समाधान होने की उम्मीद है। वित्त एवं लेखाधिकारी नीतू यादव ने कहा कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए उनके कार्यालय के दरवाजे हमेशा खुले हैं। वे अपनी समस्याएं सीधे उनके समक्ष रख सकते हैं, जिनका नियमानुसार त्वरित निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी को अनावश्यक रूप से बार–बार कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा, संगठन मंत्री सुरेंद्र प्रताप सिंह, मंडलीय मंत्री लक्ष्मी नारायण सिंह, जिलाध्यक्ष देवराज सिंह, जिला मंत्री डीपी यादव, हरिश्चंद्र सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# हिन्दी बोलने में कभी स्वयं को शर्मिंदा महसूस ना करें : पंकज जायसवाल

## हिन्दी भाषा–बोध पर गौरव करना चाहिए : प्रो राजेश गर्ग राजभाषा पखवाड़ा पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। आर्य कन्या डिग्री कॉलेज के हिन्दी विभाग की ओर से राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हिन्दी बोलने मे कभी स्वयं को शर्मिंदा महसूस ना करें, हिन्दी के बिना भारत की अर्थव्यवस्था भी अधूरी है। उन्होंने कहा कि

हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट में भी हिन्दी का चलन बढ़ा है। इविवि के हिन्दी विभाग के प्रो राजेश गर्ग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हिन्दी भाषा–बोध पर गौरव करना चाहिए, 14 सितम्बर एक उत्सव दिवस है यह गौरव बोध हमारे आचरण, चरित्र में दिखना चाहिए और यह परिवर्तन जन–मन की आवाज से होता है। कालेज की प्राचार्या प्रो अर्चना पाठक ने सभी का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आर्य कन्या डिग्री कॉलेज महर्षि दयानन्द जी के आदर्शों पर संचालित हो रहा है, हिन्दी ही ऐसी भाषा है जो सम्पूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधती है। चीफ प्रॉक्टर डॉ. रंजना त्रिपाठी ने कहां की अपनी मातृभाषा का सम्मान हम भारतवासियों के लिए गर्व का विषय है ।राजभाषा पखवाड़े के अन्तर्गत सम्पन्न चार अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। नारा लेखन प्रतियोगिता (विषयः युवा शक्ति) में प्रथम स्थान दीपाली तिवारी (एकेडीसी.), द्वितीय स्थान स्वाती भारतीया (जे. टीजीडी.सी.) एवं मुक्ता मिश्रा (ए.के.डी.सी.), तृतीय स्थान कुमारी खुशी (के.पी.टी.सी.), कोलाज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वाती सौंधिया (आरटीएमएम.), द्वितीय स्थान अक्षिता गौड़ (ए.के.डी.सी.) एवं वंशिका मिश्रा (जे.टी. जी.डी.सी.), तृतीय स्थान प्राची यादव (ए.के.डी.सी.), निबन्ध प्रतियोगिता (विषयः स्त्री शिक्षा के विकास में ज्योतिबा फुले का योगदान) में प्रथम स्थान रिया गुप्ता (ए.के.डी.सी.), द्वितीय स्थान शुभी त्रिपाठी (सी.एम.पी.), तृतीय स्थान राधिका (एस.एस. के.जी.डी.सी.) तथा काव्य–पाठ प्रतियोगिता (विषयः पिता) में प्रथम स्थान कुमारी खुशी (के.पी.टी.सी.) एवं वर्षा दुबे (ए.के.डी. सी.), द्वितीय स्थान वैष्णवी सिंह (ए.के.डी.सी.) एवं कोमल वर्मा (जेटीडी.सी.), तृतीय स्थान जैनब खान (एसएसकेजीडीसी.) एवं ऋचा तिवारी (ए.के.डी.सी.) को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शशि कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ मुदिता तिवारी ने किया। कार्यक्रम में लॉ डायरेक्टर डॉ ममता गुप्ता, उप प्राचार्या प्रो इभा सिरोठिया, डीन प्रो अंजू श्रीवास्तव, डॉ सब्यसाची, डॉ सुधा ,डॉ शिवानी , डॉ नाजनीन , डॉ सोनम , डॉ निशा , डॉ ज्योति , डॉ अर्चना समेत समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं शोधार्थी ब्रजेन्द्र सिंह, स्वाती आर्या, विक्रमादित्य सिंह, कविता सिंह, श्वेता चौधरी, प्रज्ञा यादव एवं हरिओम उपस्थित रहे।




# कांग्रेस की राज्य सलाहकार कमेटी मे चुने जाने पर कांग्रेसियों फुजैल हाशमी एवं अरशद अली का स्वागत किया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) की श्राज्य सलाहकार परिषदश ैंजंजम ।कअपेवतल बवनदबपस) का सदस्य अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अरशद अली एवं कांग्रेस शहर अध्यक्ष फुजैल हाशिम को बनाये जाने पर कांग्रेसियों ने जगह जगह पर स्वागत करते हुए मिठाईया बाटी । इस मौके पर अरशद अली ने अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद जनाब इमरान प्रतापगढ़ी जी शुक्रिया अदा करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा परिषद संगठन को मजबूत करने के साथ समाजिक न्याय सांवैधानिक मुल्यो और राजनेतिक भागीदारी से जुड़े विषयों पर मजबूती से काम करेगी।



# एसीए से संबद्ध नहीं है अंडर–14 क्रिकेट प्रतियोगिता

### खिलाड़ियों को प्रतियोगिता से दूर रहने की सलाह, प्रदर्शन चयन प्रक्रिया में नहीं होगा मान्य

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भानु प्रताप सिंह क्रिकेट मैदान पर 20 सितंबर से प्रस्तावित निर्वाणानंद व कनेक्टिंग हैप्पीनेस एंड हीलिंग फाउंडेशन अंडर–14 लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने स्पष्ट किया है कि यह प्रतियोगिता एसोसिएशन से संबद्ध नहीं है। एसीए ने अंडर–14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग नहीं करने की सलाह दी है।

# राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक की दावेदारी पेश करेंगी राखी कनौजिया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। झारखंड में 23 से 27 सितंबर तक 37वीं विद्या भारती अखिल भारतीय राष्ट्रीय जूडो चौंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रयागराज की उभरती राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी राखी कनौजिया अंडर–17 आयु वर्ग के 44 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी। मदन मोहन मालवीय स्टेडियम की खिलाड़ी राखी इससे पूर्व सब–जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल कर चुकी हैं। आगामी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए वह सुबह–शाम नियमित रूप से कड़ा अभ्यास कर रही हैं। वर्तमान में राखी कोच संजय कुमार गुप्ता के दिशा–निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। राखी के स्वर्गीय पिता सुनील कुमार कनौजिया उनके प्रेरणास्रोत रहे हैं। राखी का लक्ष्य राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल करना है। राखी को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी शिव कुमार यादव, उप क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह, डॉ. सीतांशु शुक्ला, कोच सत्येंद्र सिंह, संजय श्रीवास्तव, संजय सिंह, अंकित तिवारी, आशीष यादव, श्रेया सिंह, प्रियम त्रिपाठी सहित अन्य खेल पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। संजय कुमार गुप्ता अंतरराष्ट्रीय जूडो रेफरी एवं सचिव, प्रयागराज नॉर्मल एंड पैरा जूडो एसोसिएशन रहें।



## आयुर्वेद जागरूकता रैली में दिया स्वस्थ जीवनशैली का संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। 11वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर शनिवार को चंद्रशेखर सिंह पीजी आयुर्वेदिक संस्थान, कोइलहा में आयुर्वेद जागरूकता रैली और औषधीय पादप व द्रव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ आयुर्वेद के महत्व और औषधीय पौधों के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। आयुर्वेद जागरूकता रैली का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. (डा.) एसएन सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद भारतीय चिकित्सा परंपरा की महत्वपूर्ण धरोहर है। इसके प्रति जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाने के साथ दैनिक जीवन में स्वस्थ आदतों को अपनाना आवश्यक है। रैली के माध्यम से लोगों को आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार का संदेश दिया गया। संस्थान परिसर में आयोजित औषधीय पादप व द्रव्य प्रदर्शनी में किसानों और जनसामान्य को विभिन्न औषधीय पौधों के उपयोग, उनके महत्व व उत्पादन से संबंधित जानकारी दी गई। संस्थान के प्राचार्य प्रो. (डा.) विनोद कुमार ने स्वस्थ जीवनशैली और स्वास्थ्य संरक्षण में आयुर्वेद के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उप प्राचार्य प्रो. (डा.) प्रभात कुमार तिवारी, डा. अमित सिंह, डा. सुधीर सिंह, वैद्य नरेंद्र कुमार पांडेय, डा. अलका गुप्ता, डा. संजय कुमार, डा. अजीत सिंह, डा. अमिताभ दरिपा, डा. अजीत सिंह, राजकरन सिंह सहित शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। रैली का नेतृत्व डा. अतुल कुमार पांडेय व प्रदर्शनी का नेतृत्व प्रो. (डा.) शिल्पा कान्त द्विवेदी, डा. संदीप जुरेशिया और डा. अनिल कुमार ने किया।



## डा. रत्ना को पीएचडी उपाधि मिलने पर जतायी गयी खुशी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। हण्डौर निवासी शिक्षक राजेश मिश्र की पुत्री एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डा. रत्ना मिश्रा को इलाहाबाद विश्वविद्यालय से डाक्टरेट की उपाधि मिलने से शनिवार को प्रसन्नता का माहौल दिखा। रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग में डा. रत्ना को पीएचडी हासिल हुई है। डा. रत्ना तहसील लालगंज के वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश मिश्र मदन की भतीजी भी है। उपाधि पर परिजनों व ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस मौके पर रमेशचन्द्र मिश्र, कंदर्प नारायण त्रिपाठी, संदीप मिश्र राहुल, मनोज त्रिपाठी, संजीत त्रिपाठी, गुलाबचन्द्र मिश्र, अभिनन्दन सिंह, नितेश सिंह बीरू आदि रहे।



## सत्यपथ पर अडिग रहना ही धर्म की उपासना-आचार्य सुभाष शांडिल्य

### उदयपुर में कथा विश्राम के दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। उदयपुर बाजार में हो रही श्रीमद् भागवत कथा में शनिवार को विश्राम दिवस पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास आचार्य सुभाष शांडिल्य जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण धर्म और नीति के पालक हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की उपासना का सबसे सुगम मार्ग जीवन को सत्य पथ पर आगे बढ़ाना हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्णावतार में अधर्म का विनाश करने के लिए मनुष्य को नैतिक कर्तव्य पर अडिग रहने का संदेश मिला करता है। परीक्षित बन चुका है। छोटे और मध्यम ... प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा के संयोजक पं. दुर्गा प्रसाद मिश्र तथा आशा मिश्र ने व्यासपीठ का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। सहसंयोजक अधिवक्ता आदित्य मिश्र ने विश्राम दिवस का संचालन किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल महेश, सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता धीरेन्द्र मिश्र ने क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की ओर से कथाव्यास का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम् से सारस्वत सम्मान किया। सहसंयोजक चंचला मिश्रा एवं जगनारायण मिश्र ने प्रसाद वितरण का प्रबन्धन किया। इस मौके पर शिवशंकर सिंह, बद्री प्रसाद जायसवाल, अजीत सिंह, जगदीश सिंह राठौर, शशिधर मिश्र, विजय श्रीवास्तव, श्रीनाथ वर्मा, मेवा मोदनवाल, विनोद पाण्डेय, वीरेन्द्र सिंह, अमित सिंह, राजू तिवारी, लाल धर्मेन्द्र सिंह, अरविन्द सोनी, प्रदीप केसरवानी आदि रहे।



## वाराणसी से वडनगर तक बाइक यात्रा का कौशाम्बी में स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कर्मभूमि वाराणसी से जन्मभूमि वडनगर (गुजरात) तक सेवा संकल्प अभियान के तहत निकाली गई बाइक यात्रा का कौशाम्बी में विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। तिल्हापुर मोड़ सहित कई स्थानों पर जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष व चायल विधायक पूजा पाल ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा का स्वागत किया। धर्मराज मौर्य ने कहा कि वाराणसी से वडनगर तक की यह यात्रा सेवा, समर्पण और राष्ट्रभावना का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन की यात्रा सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना का संदेश देती है। विधायक पूजा पाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य जनकल्याण और विकास का संदेश गांव-गांव तथा जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना संगठन का संकल्प है।

# मक्का की वैज्ञानिक खेती से बढ़ेगी पैदावार, किसानों को दिए उन्नत तकनीक के टिप्स

### सौरई में आयोजित प्रशिक्षण में किसानों को उन्नत प्रजाति, बुवाई, सिंचाई, पोषक तत्व और कृषि यंत्रीकरण की दी जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। मक्का विकास कार्यक्रम के तहत सिराथू के राजकीय बीज भंडार सौरई में कृषि विभाग की ओर से किसान प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें किसानों को मक्का की वैज्ञानिक खेती, विभागीय योजनाओं, पराली प्रबंधन और कृषि यंत्रीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने किसानों से वैज्ञानिक विधि अपनाकर मक्का की उत्पादकता बढ़ाने का आह्वान किया।

कृषि विज्ञान केंद्र कौशाम्बी के कृषि वैज्ञानिक डा. मनोज कुमार सिंह ने किसानों को मक्का की उन्नत प्रजातियों के चयन, खेत की तैयारी, बुवाई का उचित समय व विधि, बीज की मात्रा, सिंचाई प्रबंधन और फसल में आवश्यक पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संतुलित उर्वरक प्रबंधन और फसल की अवस्था के अनुसार सिंचाई करने से मक्का की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर पोषक तत्वों का प्रयोग करने की सलाह दी।




राजकीय बीज भंडार प्रभारी अन्नत राम ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं और किसानों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने पराली प्रबंधन पर जोर देते हुए फसल अवशेषों को जलाने के बजाय कृषि यंत्रों की मदद से खेत में उचित प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी।

बीटीएम मुकीम ने कृषि यंत्रीकरण की जानकारी देते हुए विभिन्न कृषि यंत्रों की उपयोगिता और उनके प्रयोग के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कृषि कार्यों में आधुनिक यंत्रों का प्रयोग कर श्रम और लागत दोनों को कम किया जा सकता है।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने मक्का उत्पादन से संबंधित अपनी समस्याएं विशेषज्ञों के समक्ष रखीं। कृषि वैज्ञानिकों ने उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में एटीएम अम्बिका पटेल, टीएसी रविशंकर सहित अन्य विभागीय कर्मचारी और किसान मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 213 शिकायतें प्राप्त, 27 का मौके पर निस्तारण

### डीएम ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सितंबर माह के तृतीय शनिवार को तहसील बिंदकी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की संयुक्त मौजूदगी में अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं।

समाधान दिवस में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, विद्युत, नलकूप, राजस्व सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 213 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 27 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 186 प्रार्थना पत्र संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा में निस्तारण के निर्देश दिए गए। फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने या समय से शिकायत का संज्ञान न लेने पर जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा और क्रॉस चेकिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से शिकायतकर्ताओं से संतुष्टि फीडबैक लेने को कहा। साथ ही शासकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतने और प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल भी लगाए गए। अधिकारियों ने इन स्टॉलों के माध्यम से लोगों को संचालित योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भी प्राप्त किए। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी बिंदकी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, डीसी मनरेगा, उपायुक्त श्रम रोजगार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एलडीएम, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# दो हजार से अधिक के यूपीआई भुगतान पर एमडीआर के विरोध में व्यापार मंडल ने भेजा ज्ञापन

### शुल्क व्यवस्था पर पुनर्विचार की मांग, व्यापारियों ने जताया अतिरिक्त आर्थिक बोझ का अंदेशा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाए जाने के प्रस्ताव को लेकर व्यापार मंडल ने चिंता जताई है। उत्तम उद्योग व्यापार मंडल की ओर से वित्त मंत्री, भारत सरकार को ज्ञापन भेजकर प्रस्तावित शुल्क व्यवस्था पर पुनर्विचार करने की मांग की गई है।

व्यापार मंडल का कहना है कि यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान व्यापारिक लेनदेन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। छोटे और मध्यम व्यापारी भी ग्राहकों को डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। ऐसे में दो हजार रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर और उस पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाए जाने से व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ने की आशंका है। ज्ञापन में कहा गया कि व्यापारियों को बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से नकदी के प्रबंधन में पहले से ही विभिन्न प्रकार के खर्च उठाने पड़ते हैं। नकदी के परिवहन, एटीएम और बैंक शाखाओं से संबंधित सुरक्षा एवं संचालन लागत भी व्यापारियों पर रहती है। व्यापार मंडल के अनुसार डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त शुल्क लगने से कारोबार की लागत बढ़ सकती है। व्यापार मंडल ने दो हजार रुपये से अधिक के लेनदेन पर प्रस्तावित एमडीआर को समाप्त करने अथवा इस पर पुनर्विचार करने की मांग की है। साथ ही छोटे व्यापारियों के लिए राहतकारी व्यवस्था लागू करने और शुल्क से संबंधित नियमों की जानकारी व्यापारिक संगठनों को उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसके अलावा व्यापार मंडल ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए व्यापारियों को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ने की मांग रखी। संगठन ने कहा कि शुल्क व्यवस्था को अंतिम रूप देने से पहले व्यापारियों और संबंधित संगठनों के साथ पारदर्शी संवाद किया जाना चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने सरकार से डिजिटल भुगतान व्यवस्था को सरल बनाए रखने और छोटे एवं मध्यम कारोबारियों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव न पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने की मांग की है।



# राज्यसभा सांसद मा0 इमरान प्रतापगढ़ी ने दानिश माबूद को उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी(अल्पसंख्यक विभाग) की राज्य सलाहकार परिषद का सदस्य बनाया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और अल्पसंख्यक समाज की मजबूत राजनीतिक भागीदारी के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद इमरान प्रतापगढ़ी जी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) की शराज्य सलाहकार परिषदश (जंजम ।कअपेवतल बवनदबपसद्ध के गठन की आधिकारिक घोषणा करते हुए पीसीसी सदस्य एव जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस दानिश माबूद को उक्त महत्वपूर्ण परिषद का सदस्य बनाया है।

अपने मनोनयन पर दानिश माबूद ने इमरान प्रतापगढ़ी जी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए बताया कि नवगठित राज्य सलाहकार परिषद, उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय जी के कुशल मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में अल्पसंख्यक विभाग को मजबूत करने और सामाजिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों, समावेशी राजनीतिक भागीदारी के प्रति कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने तथा पार्टी की समावेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में अहम रचनात्मक भूमिका निभाएगी। राज्य सलाहकार परिषद का सदस्य बनाये जाने पर शाहिद अली गौस, सुहैल अंसारी, गल्ली तिवारी, शाद सिद्दीकी, शहजाद अली, सुल्तान रियाज, सुरेश सरोज, अली हुसैन, मो वसीम, अशरफ अली, मो इदरीस,धर्मेंद्र कुमार, फरीद आलम, अबू शहमा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।



## अनुराग मिश्र पांचवीं बार निर्विरोध बने असोथर शिक्षक संघ के अध्यक्ष

### ब्लॉक सभागार में हुआ चुनाव, शिक्षकों ने फूल-मालाओं से किया जोरदार स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

असोथर,फतेहपुर। असोथर शिक्षक संघ का चुनाव ब्लॉक सभागार में निर्विरोध संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी दिग्विजय सिंह और पर्यवेक्षक घूरूलाल मौर्य की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई गई। पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने के बाद निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया और अध्यक्ष पद के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए। अध्यक्ष पद पर अनुराग कुमार मिश्र के अलावा किसी अन्य शिक्षक ने दावेदारी नहीं की। इसके चलते चुनाव अधिकारियों ने अनुराग कुमार मिश्र को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया। इसके साथ ही वह लगातार पांचवीं बार असोथर शिक्षक संघ के अध्यक्ष चुने गए। निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के बाद शिक्षकों ने अनुराग मिश्र का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह आगे भी बिना किसी भेदभाव के सभी शिक्षकों के हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही ब्लॉक कमेटी का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर तथा ब्लॉक के वरिष्ठ शिक्षक जनार्दन त्रिपाठी ने अनुराग मिश्र को बधाई देते हुए उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के मंडल मंत्री अरुण कुमार मिश्र, मुकेश सिंह, शैलेंद्र परिहार, संतोष आर्य, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री लवलेश तिवारी, चंद्रसेन सिंह, दीपक चौधरी, प्रवीण कुमार, गौरव त्रिवेदी, वरुण कुमार, आशुतोष शुक्ला, मिठ्ठूलाल, इस्लाम भाई, रामकृष्ण त्रिवेदी, गौरव तिवारी, हेमंत त्रिपाठी, सुदित नारायण सिंह, संजय वर्मा, धर्मचंद्र, विजय शुक्ला, जितेंद्र सिंह, महेश कुमार, शिवबरन गुप्ता, कमलेश पासवान, अंजनी द्विवेदी, प्रियंका द्विवेदी, विभा सिंह, कुसुम कुमारी, ज्योति रत्ना, अर्चना देवी, रेखा सिंह, प्रियंका त्रिपाठी, अंशुलता, आलोक तिवारी, विमल कुमार, इरफान अहमद, प्रदीप सिंह, इंद्रेश पाल, सर्वेश कुमार, निर्मल चंद्र, राजेंद्र मिश्र, निर्भय सिंह, मो. सुहेल, केशव, नीरज, संदीप सिंह, दिलीप कुमार, हरिओम, हेमंत कुमार पाल, रजनीश कुमार तिवारी, ललितेश त्रिवेदी सहित सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



## प्रदेश में ऐरायां की बेटियों ने लहराया परचम

### अंडर-14 बास्केटबॉल में जीता कांस्य पदक, खागा स्टेशन पर हुआ भव्य स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

खागा,फतेहपुर। प्रदेश स्तरीय अंडर-14 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में फतेहपुर की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। गोरखपुर के सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय ऐरायां और विजयीपुर की बालिकाओं ने हिस्सा लिया। मंडल स्तर पर विजेता बनने के बाद प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर बालिकाओं ने जिले का नाम रोशन किया। केजीबीवी ऐरायां की टीम में शिवानी, मोनिका, जया, रुचि, मेनका, आरोही, पायल, शालिनी, रुचि द्वितीय और रंजना शामिल रहीं। टीम को खेल अध्यापिका सरोज देवी ने प्रशिक्षण दिया। वहीं विजयीपुर की टीम में खुशी कुमारी, दीपिका, रौशनी, मुस्कान, महिमा, रजनी, राजवती और लक्ष्मी ने प्रतिभाग किया। इन बालिकाओं को खेल शिक्षक भूपेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण दिया। प्रतियोगिता के समापन पर महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज, गोरखपुर में विजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बालिकाओं के वापस लौटने पर खागा रेलवे स्टेशन पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्या के निर्देशन में बीईओ मुख्यालय नरेंद्र सिंह, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी दीपक कुमार पाण्डेय, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा शीलू त्रिपाठी, प्रशिक्षण समन्वयक अशोक त्रिपाठी, बीईओ रत्नामणि मिश्रा व रजनीश श्रीवास्तव, वार्डन रेखा शुक्ला और मंजू यादव समेत शिक्षकों ने फूल-मालाएं पहनाकर बालिकाओं का स्वागत किया। इस दौरान आरती उतारकर मिठाई खिलाई गई और उनका उत्साहवर्धन किया गया। स्वागत के दौरान राज्य संसाधन समूह सदस्य जयचंद्र पाण्डेय, लेखाकार संजय पाण्डेय, अर्पित त्रिपाठी सहित एआरपी और शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। अधिकारियों ने बालिकाओं की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि उचित अवसर और प्रोत्साहन मिलने पर बेटियां हर क्षेत्र में जिले का नाम रोशन कर सकती हैं।



## बारिश में गिरे गरीबों के आशियाने, पक्की छत की आस

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बिंदकी,फतेहपुर। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत डीघ के सैरपुर गांव में लगातार बारिश के चलते दो गरीब परिवारों के कच्चे मकान ढह गए। मकान गिरने से पीड़ित परिवारों के सामने रहने के साथ ही खाना बनाने की भी समस्या खड़ी हो गई है। पीड़ितों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान दिलाए जाने की मांग की है। गांव निवासी वृद्ध ब्रह्म पासवान अपने 13 वर्षीय नाती हिमांशु के साथ रहते हैं। परिवार में कोई कमाने वाला सदस्य न होने के कारण दोनों पहले से ही आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। बारिश के दौरान उनका कच्चा मकान अचानक ढह गया, जिससे उनके सामने सिर छिपाने का संकट खड़ा हो गया है। इसी तरह गांव के रामसनेही यादव का कच्चा मकान भी बारिश के चलते धराशायी हो गया। घर गिरने के बाद परिवार को रहने और भोजन पकाने के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बताया गया कि दोनों पीड़ित परिवार फिलहाल दूसरे लोगों के घरों में शरण लेकर रहने को मजबूर हैं। पीड़ित परिवारों ने जिला प्रशासन और शासन से बारिश से हुए नुकसान का आकलन कर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान स्वीकृत किए जाने की मांग की है।



## सपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव का जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अशोक यादव का चेतगंज, तिलठी, मवैया, चील्ह, शास्त्री पुल, नटवां, शीतला मंदिर, पथरहिया, भरूहना, तहसील तिराहा, पुलिस लाइन व रमईपट्टी आदि सड़क पर जिलाध्यक्ष की गाड़ी रोककर उनका



स्वागत किया। सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने एवं पार्टी कार्यालय लोहियाट्रस्ट में जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ। भरूहना चौराहा पर सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात पार्टी कार्यालय पहुंचने पर डा0 राम मनोहर लोहिया की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस मौके पर सपा के कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। दूसरी बार बने जिलाध्यक्ष अशोक यादव को दूसरी बार जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों में खुशी है। जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि जनता की सेवा करते हुए 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार निश्चित रूप से बनानी है। जगह-जगह स्वागत करने वालो में पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र सिंह पटेल, रोहित शुक्ला, विशाल यादव, कीर्ति कोल, राणा प्रताप सिंह, सत्यप्रकाश यादव, राजेश भारती, झल्लू यादव, सोकिम अहमद, शैलेष पटेल, राममिलन यादव, ओमप्रकाश सोनकर, रविप्रकाश त्रिपाठी, गिरधारी पटेल, अशोक यादव, हरिशंकर यादव आदि शामिल थे।

## 25 सितंबर तक मिलेगा निःशुल्क खाद्यान्न, अंत्योदय कार्डधारकों को सशुल्क चीनी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत सितंबर माह का निःशुल्क खाद्यान्न 10 से 25 सितंबर 2026 तक उचित दर की दुकानों से वितरित किया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को 10 किलो गेहूं और 25 किलो फोर्टिफाइड चावल,



जबकि पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट एक किलो गेहूं और चार किलो फोर्टिफाइड चावल निःशुल्क मिलेगा। अंत्योदय कार्डधारकों को जुलाई, अगस्त और सितंबर माह की तीन किलो चीनी 18 रुपये प्रति किलो की दर से कुल 54 रुपये में दी जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी कार्डधारकों से निर्धारित अवधि में उचित दर विक्रेता की दुकान से खाद्यान्न प्राप्त करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वितरण में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों को वितरण प्रक्रिया की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित, 25 सितंबर तक भेजें प्रस्ताव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश शासन, राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग के प्रमुख सचिव एस0वी0रंगा राव द्वारा जारी पत्र के क्रम में वर्ष 2026-27 के लिए गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु प्रस्ताव/आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट एवं पूर्णतः समर्पित रूप से कार्य करने वाले प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से गुरु गोविन्द सिंह के जन्म दिवस के अवसर पर यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। पुरस्कार स्वरूप रू0 1 लाख की नगद धनराशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है।

पुरस्कार की अर्हताएं निम्नवत निर्धारित की गई हैं-

1. भारत का मूल नागरिक हो। 2. उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने वाले वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो। 3. मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै विकास कुमार (VIKASH KUMAR) पुत्र अमित कुमार, निवासी जनपद संत कबीर नगर, के शैक्षिक प्रमाण-पत्रों, जैसे हाईस्कूल प्रमाण-पत्र में नाम "विकास कुमार" लिखा हुआ है, जो सही व सत्य है।

जबकि हमारे आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम केवल "विकास" (VIKAS) दर्ज हो गया है। न्यायहित में आवश्यक है कि अभिलेखों में एकरूपता बनाए रखने के उद्देश्य से आधार कार्ड में अंकित नाम "विकास" के स्थान पर हाईस्कूल प्रमाण-पत्र के अनुसार "विकास कुमार" किया जाना न्यायहित में आवश्यक है।

विकास कुमार पुत्र अमित कुमार निवासी ग्राम पोस्ट सेमरडाड़ी, जनपद संत कबीर नगर, उत्तर प्रदेश।

# नगर पालिका मीरजापुर में शासन की टीम ने किया निरीक्षण

### महावीर पार्क में चला स्वच्छता अभियान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। राज्य मिशन निदेशक के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत शासन स्तर के अधिकारियों की टीम ने गुरुवार,19 सितंबर को नगर पालिका परिषद मीरजापुर में विभिन्न स्वच्छता एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

टीम ने नगर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सरदार पटेल चौराहा सुंदरीकरण, एमआरएफ सेंटर, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, फोर-बिन सेग्रीगेशन, पब्लिक टॉयलेट तथा सीटीयू प्वाइंट का जायजा लिया।




निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्वच्छता व्यवस्था की जमीनी स्थिति को देखा और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही कूड़े के पृथक्करण, नियमित कूड़ा उठान एवं ठोस अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं इसके बाद स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत घोड़े शहीद स्थित महावीर पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान पार्क की साफ-सफाई कराते हुए स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए 'स्वच्छता ही सेवा' और 'सेवा ही संकल्प' के संदेश के बारे में जानकारी दी गई। लोगों से अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने और स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की गई।कार्यक्रम में शासन स्तर से स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के सहायक अभियंता शिवम सिंह,एम एंड ई गौरव पांडेय,डिविजनल अधिकारी सूर्यप्रकाश यादव,डीपीएम संजय सिंह सहित नगर पालिका परिषद मीरजापुर की टीम से सीएसआई मनोज सेठ,एसबीएम टीम, आईईसी टीम तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## शासन की मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस, 33 मामलों का मौके पर निस्तारण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। फरियादियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक न्याय दिलाने के उद्देश्य से शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। मड़िहान तहसील में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 63 प्रार्थना पत्रों में पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि



शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, ताकि फरियादियों को एक ही शिकायत के लिए बार-बार तहसील या जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। पैमाइश और कब्जे के मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजने के निर्देश दिए। साथ ही दैवीय आपदा से प्रभावित मकान व फसल का सर्वे कराकर तत्काल सहायता देने को कहा। उन्होंने आईजीआरएस में असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों को सुधार लाने, पात्र लाभार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ने तथा झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड भी शत-प्रतिशत बनवाने को कहा। सदर तहसील में 143 में 19, चुनार में 114 में पांच और लालगंज में 58 में चार प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। मड़िहान में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# काशी नरेश विवि में टिफिन रेसिपी का प्रदर्शन

### पोषण माह के तहत 2-6 साल के बच्चों के लिए हुआ आयोजन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। शनिवार को काशी नरेश विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में पोषण माह 2026 जिसकी थीम इस वर्ष पोषण की शक्ति को जाने है। इसी के अंतर्गत पोषण की जागरूकता लाने के लिए टिफिन रेसिपी का प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बच्चे अपने दिन का एक बड़ा हिस्सा (लगभग 6 से 8 घंटे) स्कूल में बिताते हैं, जहाँ वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों में भी भाग लेते हैं। ऐसे में उन्हें एक संतुलित और पौष्टिक आहार की सख्त जरूरत होती है, जो उन्हें घर के बने टिफिन से ही मिल सकता है।बच्चों के विकास और स्वास्थ्य के लिए टिफिन क्यों बेहद जरूरी है, निरंतर ऊर्जा और बेहतर फोकस स्कूल में लंच टाइम तक बच्चे सुबह के नाश्ते की ऊर्जा खर्च कर चुके होते हैं। यदि उन्हें दोपहर में सही पोषण न मिले, तो वे थकान और सुस्ती महसूस करने लगते हैं। न्यूट्रिशन एक्सपर्ट्स के अनुसार, दोपहर का भोजन बच्चों की दैनिक पोषण संबंधी आवश्यकताओं का 25: से अधिक हिस्सा पूरा करता है। एक हेल्दी टिफिन बच्चों के ब्लड शुगर को स्थिर रखता है, जिससे स्कूल के आखिरी घंटों तक उनका ध्यान पढ़ाई पर केंद्रित रहता है। टिफिन जंक फूड और फास्ट फूड से बचाव करता है जब बच्चों के पास घर का बना स्वादिष्ट टिफिन नहीं होता, तो वे भूख लगने पर स्कूल कैंटीन या बाहर मिलने वाले पैकेटबंद और प्रसंस्कृत (चतवबमेमक) खाद्य पदार्थों की तरफ आकर्षित होते हैं। इन बाहरी खानों में अत्यधिक मैदा, चीनी, खराब फैट और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं, जो बच्चों में मोटापे और कम उम्र में बीमारियों का खतरा बढ़ाते हैं। घर का टिफिन उन्हें इन हानिकारक ईटिंग हैबिट्स से दूर रखता है। मजबूत इम्युनिटी और शारीरिक विकास बढ़ते बच्चों के शरीर को मांसपेशियों, हड्डियों और दिमागी विकास के लिए सही मात्रा में विटामिंस, मिनरल्स, प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की आवश्यकता होती है। जब माता-पिता खुद टिफिन तैयार करते हैं, तो वे भोजन की मात्रा और उसकी गुणवत्ता को नियंत्रित कर सकते है। टिफिन में ताजे फल, हरी सब्जियां, पनीर, दालें या अंकुरित अनाज शामिल करने से बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है स्वतंत्रता और अच्छी आदतें लंच बॉक्स के जरिए बच्चे खुद से खाना खाना सीखते हैं। दोस्तों के साथ बैठकर टिफिन शेयर करने से उनमें सामाजिक भावना का विकास होता है। जो बच्चे इससे



अधिक समय तक जाते हैं,

आज की भागती दौड़ती जिंदगी में स्कूल टिफिन सुबह के नाश्ते और दोपहर के खाने के बीच का महत्वपूर्ण भाग है। अपने बच्चे के लिए स्वच्छ पानी की एक बोतल साथ रखना भी अच्छा विचार है, जिसे वह पी सके और फिर से भर सके। फलों के रस और शीतल पेय में चीनी की मात्रा अधिक होती है और ये बच्चों के लिए उपयुक्त नहीं हैं।टिफिन बच्चो के अतिरिक्त कामकाजी महिलाओं और बाहर काम करने वाले पुरुषों के पोषणीय स्तर को बेहतर बनाने के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की टिफिन व्यंजनों का प्रदर्शन किया जैसे सूजी के मोमो, सहजन के पत्तों का चीला, सूजी बॉल्स और स्नैक्स, ढोकला, पोहा, उपमा, इडली, राजमा और सोयाबीन कबाब, सैंडविच, विभिन्न प्रकार के हलवा लौकी ,गाजर और सूजी से निर्मित, साबूदाना खिचड़ी और वड़ा अन्य व्यंजनों कि प्रदर्शनी की जिसमें बी ऐ प्रथम सेम, बी ए तृतीय सेम और एम ऐ तृतीय सेम की छात्राओं के विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर मधु विश्वकर्मा और डॉक्टर जान्हवी त्रिपाठी, तथा विभाग प्रभारी डॉक्टर ईरा त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं, चना, मटर और सरसों बीज की बुकिंग शुरू

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर, लोकसत्य। आगामी रबी सीजन को लेकर कृषि विभाग की ओर से किसानों के लिए अनुदान पर बीज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। किसान 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं, चना, मटर और सरसों के बीज की बुकिंग कर सकते हैं। इच्छुक किसान कृषि विभाग के पोर्टल 'हतपबनसजनतम.नच.हवअ.पद पर ऑनलाइन बुकिंग कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह ने बताया कि जुलाई माह से बीज के लिए किसानों की ओर से पोर्टल पर बुकिंग की गई थी। ई-लॉटरी के माध्यम से निःशुल्क बीज मिनीकिट के लिए 3954 किसानों के लक्ष्य के सापेक्ष 2216 किसानों तथा 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज के लिए 2438 किसानों के लक्ष्य के सापेक्ष 965 किसानों का चयन किया गया है। चयनित किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर पोर्टल के माध्यम से सूचना भेजी गई है। संबंधित बीज का वितरण 16 सितंबर से राजकीय कृषि बीज भंडारों से किया जा रहा है। किसानों से अपने विकासखंड के राजकीय कृषि बीज भंडार से संपर्क कर समय से बीज प्राप्त कर रबी फसलों की बुवाई करने की अपील की गई है। विभाग ने बताया कि सामान्य वितरण के लिए 50 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं, चना, मटर और सरसों बीज की बुकिंग जारी है। किसानों से पोर्टल पर बुकिंग कर कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## भदोही में यूपीआई टैक्स के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

### कहा- छोटे व्यापारियों पर बढ़ेगा आर्थिक बोझ, राष्ट्रपति को संबोधित डीएम को ज्ञापन सौंपा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी जिला अध्यक्ष वसीम अंसारी के नेतृत्व में शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सोपा ज्ञापन के माध्यम से 2000 से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर व्यापारियों से 0.4: टैक्स लगाए जाने का विरोध किया बताया कि डिजिटल भुगतान एवं यूपीआई व्यवस्था में आम नागरिकों छोटे व्यापारियों दुकानदारों मजदूर तथा मध्यम वर्ग के लिए लेन-देन को सरल और सुगम बनाया है आज करोड़ों लोग अपने दैनिक व्यापार एवं आशा आवश्यकताओं के लिए यूपीआई का उपयोग कर रहे हैं ऐसे



समय में 2000 से अधिक यूपीआई लेनदेन पर व्यापारियों से 0.4: टैक्स लगाए जाने की व्यवस्था से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पढ़ने की आशंका है इससे डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है छोटे दुकानदार एवं व्यापारियों से पहले से ही विभिन्न आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं ऐसे में डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त त्रिशूल क्या टैक्स का भर उनके व्यापार लगत बढ़ा सकता है और अंततः इसका प्रभाव उपभोक्ताओं पर भी पड़ सकता है कांग्रेसियों ने तत्काल प्रभाव से 2000 से अधिक यूपीआई लेनदेन पर लगाए गए टैक्स को वापस लेने की मांग किया छोटे एवं मध्यम व्यापारियों पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त डिजिटल भुगतान बार नाल डाला जाए यूपीआई एवं डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापारी एवं उपभोक्ता हित में ऐसी नीतियां बनाई जाए जिम डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिले। इस अवसर पर सुरेश चंद्र मिश्रा, दीना नाथ दूबे, राजेश्वर दूबे, त्रिलोकी नाथ बिंद, सुरेश गौतम, सुबुक्तगीन अंसारी, अवधेश पाठक, जज लाल राय, नाजिम अली, रमाशंकर बिंद, दुर्गेश तिवारी, अजय प्रजापति, शमशीर अहमद, सरफराज अहमद, जिला दूबे, विशाल गौतम, विमलेश पाल, राम सजीवन गौतम, राकेश पाल, अनीश शेख, महेंद्र यादव, गुलाब धर, राजेश पाल, विनोद गौतम, प्रजापति, रामू गौतम, अयान, धीरज पाल,सदीप भारती,राम बाबू गुप्ता, मणींद्र बिंद,मकोई लाल बिंद, मोनिस अंसारी आदि लोग उपस्थित रहें।

## कारपेट एक्सपो मार्ट की व्यवस्थाओं का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। 50वें (स्वर्ण जयंती) इंडिया कारपेट एक्सपो के आयोजन के दृष्टिगत जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने हेलीपैड स्थल ,कार्यक्रम स्थल, कारपेट एक्सपो मार्ट, कारपेट सिटी का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर की जा रही तैयारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के संबंध में संबंधित अधिकारियों



को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को एक्सपो मार्ट परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने, विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत संबंधी सभी कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण कराने तथा लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को हेलीपैड, संपर्क मार्ग एवं अन्य संबंधित स्थलों को व्यवस्थित एवं सुचारु कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग स्थलों का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करते हुए आगंतुकों के आवागमन को सुगम बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के संभावित आगमन के दृष्टिगत सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, मंच एवं कार्यक्रम स्थल, विद्युत व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, अतिथि सुविधाएं , पार्किंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी शुभांगी शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला अधिशासी अभियंता लोक निर्माण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय, एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

# अखिलेश ने बीजेपी पर बोला तीखा हमला, कहा यूपी में जमीन पर नहीं, सिर्फ अखबारों में दिख रहा रोजगार और निवेश

लखनऊ (संवाददाता)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि राज्य में नौकरी, निवेश और रोजगार केवल अखबारों में दिख रहा है। यादव ने यह भी कहा कि हर समस्या का एक ही समाधान है कि भाजपा की सरकार हटाओ, किसान और देश के सामने एक ही संकट भारतीय जनता पार्टी है क्योंकि भाजपा ही संकट पैदा कर रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दावा किया, राज्य में नौकरी है नहीं, निवेश आया नहीं और केवल अखबारों में निवेश, नौकरी और रोजगार दिख रहा है। उन्हों ने तंज कसते हुए कहा कि आज इतना बड़ा विज्ञापन देखा कि हिसाब–किताब लगाइए तो उत्तर प्रदेश में कोई बेरोजगार बचा ही नहीं है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नियुक्ति पत्र वितरण के एक कार्यक्रम के बाद सपा प्रमुख यादव पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अगले छह महीने में राज्य में एक लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने यहां उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (उप्रपीएससी) और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (उप्रएसएससी) द्वारा विभिन्न विभागों के पदों पर चयनित 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ साढ़े नौ वर्षों में साढ़े नौ लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। यादव ने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि यह नये तरह का चुनाव है, इसलिए हमें जमीन पर और डिजिटल मंच पर लड़ना पड़ेगा और लड़ाई दोनों तरफ होगी। उन्हों ने कहा कि अगर कंटेंट नहीं बनाएंगे तो सपा कार्यकर्ता हतोत्साहित हो जाएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि उनके (सत्तारूढ़ दल) वीडियो कहां से बन रहे हैं। यादव ने यह भी कहा, हमारे कार्यकर्ताओं ने शानदार वीडियो बनाए हैं और वह उनका जवाब है। संवाददाता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं द्वारा बनाया गया जवाबी वीडियो भी दिखाया गया, जो सत्तारूढ़ दल पर निशाना साधते हुए बनाया गया है। सपा प्रमुख यादव ने सपा के पूर्व विधायक जगराम पासवान के भाई द्वारा कथित तौर पर एक वीडियो साझा करने के बाद उनको गिरफ्तार किये जाने और रायबरेली में सपा छात्र सभा के एक कार्यक्रम में 17 सितंबर को भाजपा के कथित समर्थकों द्वारा हमला करने का जिक्र करते हुए दावा किया कि भाजपा के गुंडों ने कार्यक्रम में बाधा डाली और पुलिस उनके पक्ष में रही। यादव ने संतकबीरनगर से सपा सांसद लक्ष्मीकांत निषाद के वाहन पर पथराव का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें पर्याप्त सुरक्षा और सम्मान नहीं दिया। यादव ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आप उनके स्वजातीय नहीं हैं, पीडीए के लोग हैं तो आपको अपमानित किया जाएगा, डराया–धमकाया जाएगा और झूठे मुकदमे लगाए जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि इस सरकार के 10 साल में हजारों करोड़ रुपये खर्च हुए हैं कि कैसे दूसरों की छवि खराब की जाए। उन्होंने कहा कि शायद दुनिया में इतने नकारात्मक प्रचार के लिए किसी राजनीतिक दल ने इतना कोष नहीं दिया होगा, जितनी भाजपा की सरकार दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया, श्श्वह घबराए हुए हैं इसलिए नकारात्मक कंटेंट तैयार कर रहे हैं। दिल्ली विश्व,विद्यालय छात्रसंघ चुनाव (डूसू) में सपा की भूमिका लेकर पूछे गये एक सवाल के जवाब में यादव ने कहा, अगर दिल्ली विश्वविद्यालय में चुनाव हो सकते हैं, वहां भाजपा की सरकार है तो उत्तर प्रदेश में छात्रसंघ के चुनाव क्यों नहीं हो रहे हैं। उन्होंरने कहा, हमारी पार्टी डूसू चुनाव नहीं लड़ती थी, स्वतंत्र (पार्टी समर्थित) छात्र अपने आप लड़ते हैं। वहां बहुत संसाधन चाहिए, जो छात्र लड़ रहे, हैं और पार्टी के सहयोग के बिना उन्हें इतना वोट मिल रहा है, उसके लिए धन्यवाद दे रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की हर योजना गरीब का पैसा छीनकर अपनी जेब में डालने की होती है। उन्होंने कहा, नोटबंदी में कहा गया कि भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा, महंगाई पर नियंत्रण होगा और आतंकवाद व ऐसी घटनाएं नहीं होगी, सोचिए नोटबंदी के बाद हमारी सीमा असुरक्षित हो गई और भ्रष्टाचार बढ़ गया। एक सवाल के जवाब में यादव ने यह भी आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में कहीं पुस्तकालय और किताबें नहीं हैं, जबकि मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों दावा किया कि 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय बन गए हैं। यादव ने यह भी कहा कि अभी कुछ नहीं पहले कॉकरोच जनता पार्टी के सदस्य नोएडा गये थे और सबसे ज्यादा चमक दमक नोएडा में ही है और वहां की लाइब्रेरी में न किताब है, न खिड़कियां है, न कोई बेंच है। उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी तो दूर पूरे प्रदेश में कहीं लाइब्रेरी नहीं, किताबें नहीं हैं, आप मुख्यमंत्री जी से क्या उम्मीद करते हो। उन्होंने आरोप लगाया कि इतना भ्रष्टाचार कहीं और नहीं हुआ जितना भाजपा की सरकार में लूट और भ्रष्टाचार है और आखिरी में तो ये बटोरने लगेंगे। सपा के इस कार्यक्रम में बांदा जिले के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम नरेश द्विवेदी के पुत्र मयंक द्विवेदी, श्रावस्ती के नंद किशोर गिरि, पूर्व चेयरमैन जितेंद्र गुप्ता और कानपुर देहात के जुनैद समेत कई नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



## राजाजीपुरम् में आज से बहेगी संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा की रसधारा

लखनऊ (संवाददाता)। राजाजीपुरम के ई–ब्लॉक स्थित गौरी शंकर पार्क में रविवार दिनोक 20 सितम्बर से 27 सितंबर तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा एवं सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 108 कथा के अंतर्गत आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन में पूज्य आचार्य श्री मनोज कृष्ण जी महाराज कथा व्यास के रूप में श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का पारायण एवं रसपान कराएंगे। आयोजकों के अनुसार कथा का शुभारंभ 20 सितंबर रविवार को शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक कथा का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व रविवार प्रातः 9.00 बजे से पूरे राजाजीपुरम् क्षेत्र में एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन के दौरान श्री दधीचि जयंती एवं जलझूलनी एकादशी व्रत के अवसर पर भी विशेष धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगें। भारतीय जन सेवा समिति के अध्यक्ष शीलू बाजपेयी के अनुसार कथा के चौथे दिवस 1100 दीपकों से महाआरती तथा भगवान श्रीकृष्ण का भव्य जन्मोत्सव मनाया जाएगा। वहीं 27 सितंबर को सुबह 10 बजे से पूर्णाहुति एवं भंडारा (महाप्रसाद) आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस धार्मिक ज्ञानयज्ञ में उपस्थित होकर पुण्यलाभ लेने की अपील की।

## लखनऊ में डिवाइडर से टकराई रोडवेज बस, लगी आग

### ड्राइवर-कंडक्टर ने कूदकर बचाई जान

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ के थाना पारा क्षेत्रान्तर्गत भूहर पुल के पास जनरथ बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। कोई जनहानि नहीं हुई है। दमकल विभाग के अनुसार शनिवार को थाना पारा क्षेत्रान्तर्गत बुद्धेश्वर–दुबग्गा मुख्य मार्ग पर भूहर पुल के पास एक रोडवेज जनरथ बस के दुर्घटनाग्रस्त होकर आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर थाना पारा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची।मौके पर जांच से ज्ञात हुआ कि पारा की ओर से दुबग्गा की तरफ जा जनरथ बस भूहर पुल के प्रारम्भ में पहुंचने पर अचानक अनियंत्रित होकर पुल के बाईं ओर बने डिवाइडर से टकरा गई। बस के डिवाइडर से टकराने के 2–3 मिनट बाद उसमें आग लग गई, जिससे बस में भीषण आग फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय बस में चालक एवं परिचालक मौजूद थे, जो बस से उतरकर सुरक्षित बाहर निकल गए।बस में आग लगने की सूचना पर फायर सर्विस की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और फायर सर्विस कर्मियों द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया। आग बुझने के बाद पुलिस द्वारा बस के अंदर जाकर गहनता से निरीक्षण किया गया, जिसमें बस के अंदर कोई व्यक्ति अथवा अन्य वस्तु मौजूद नहीं पाई गई। दुर्घटना एवं आग लगने की घटना में किसी प्रकार की जनहानि अथवा अन्य जान–माल के नुकसान की सूचना नहीं है। आग लगने के कारण बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में आवश्यक जांच एवं अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में मौके पर शांति एवं कानून–व्यवस्था की स्थिति सामान्य है तथा यातायात सुचारु रूप से संचालित हो रहा है।

## राजधानी की सड़कों पर झमाझम बारिश

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में अचानक झमाझम बारिश शुरू हो गई। हजरतगंज के लालबाग इलाके में करीब 20 मिनट से लगातार बारिश होने से सड़कें सुनसान नजर आईं। अचानक तेज बारिश शुरू होने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश से बचने के लिए लोग आसपास की दुकानों और सुरक्षित स्थानों पर रुक गए। वहीं, सड़कों पर आवाजाही भी कम हो गई। बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में मौसम सुहाना हो गया है। हालांकि, अचानक हुई बारिश ने लोगों की दिनचर्या प्रभावित कर दी।

## यूपी नीट यूजी काउंसिल राउंड 1 सीट अलॉटमेंट रद्द

### एमबीबीएस-बीडीएस एडमिशन कैंसिल

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में नीट यूजी 2026 काउंसलिंग के पहले राउंड में सीट पाने वाले अभ्यर्थियों को दोबारा प्रक्रिया पूरी करनी होगी। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय ने पहले चरण की सीट अलॉटमेंट प्रक्रिया को रद्द कर संशोधित शेड्यूल जारी किया है। फैसला इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के 16 सितंबर के आदेश के अनुपालन में लिया गया है। अब अभ्यर्थियों को नए सिरे से अपनी पसंद के मेडिकल और डेंटल कॉलेजों की च्वाइस भरकर उसे लॉक करना होगा। सात सितंबर को जारी सीट अलॉटमेंट को अमान्य माना गया है।नई प्रक्रिया के तहत सीट आवंटन 22 सितंबर को जारी किया जाएगा।यूपी नीट यूजी काउंसलिंग 2026 के पहले चरण में 7 सितंबर को जारी सीट आवंटन अब मान्य नहीं होगा।जिन अभ्यर्थियों को उस चरण में एमबीबीएस या बीडीएस सीट मिली थी उन्हें संशोधित काउंसलिंग में फिर से कॉलेज और कोर्स की पसंद भरनी होगी।च्वाइस को तय समय के भीतर लॉक करना जरूरी है।रिवाइज्ड शेड्यूल के अनुसार च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया 19 सितंबर शाम 5 बजे से शुरू हो चुकी है। अभ्यर्थी 21 सितंबर शाम 5 बजे तक अपनी पसंद भरकर लॉक कर सकते हैं।इसके बाद 22 सितंबर को संशोधित पहले राउंड का सीट अलॉटमेंट जारी किया जाएगा। मिलने वाले उम्मीदवार 23 से 26 सितंबर के बीच अपना अलॉटमेंट लेटर डाउनलोड कर एडमिशन प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे।यह प्रक्रिया सरकारी और प्राइवेट मेडिकल व डेंटल कॉलेजों और संबंधित संस्थानों की स्टेट कोटे की एमबीबीएस और बीडीएस सीटों पर लागू होगी, केवल च्वाइस भरना पर्याप्त नहीं है।तय समय के अंदर च्वाइस लॉक करना अनिवार्य है।अगर उम्मीदवार च्वाइस लॉक नहीं करता है तो उसे सीट आवंटन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा।एक बार लॉक करने के बाद च्वाइस में बदलाव भी नहीं किया जा सकेगा।पहले राउंड में सीट मिलने के बाद अगर अभ्यर्थी उस सीट पर एडमिशन नहीं लेना चाहता है, तो उसे फ्री एग्जिट की सुविधा मिलेगी। ऐसी स्थिति में उसकी धरोहर राशि वापस कर दी जाएगी और वह दूसरे या तीसरे राउंड की काउंसलिंग में हिस्सा ले सकेगा। अभ्यर्थियों को काउंसलिंग से जुड़ी प्रक्रिया के लिए आधिकारिक वेबसाइट नचदममज.हवअ.पद पर लॉगिन करना होगा। सिक्योरिटी डिपॉजिट के भुगतान के लिए अपने बैंक खाते का इस्तेमाल करना जरूरी है। राजकीय कॉलेज में आवंटन होने पर प्रवेश संबंधित कॉलेज में, जबकि प्राइवेट कॉलेज में एडमिशन निर्धारित नोडल सेंटर के माध्यम से होगा।

## यूपी में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, योगी सरकार ने कानपुर-अयोध्या समेत कई जिलों में बदले एसडीएम-सीआरओ

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने शनिवार को प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) अधिकारियों के बड़े स्तर पर तबादले किए हैं। नई तैनाती सूची में कई जिलों के उपर जिलाधिकारी (एसडीएम), मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) और नगर निगमों के अपर नगर आयुक्त स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। तबादला सूची के मुताबिक पीसीएस सौरभ सिंह को एडीएम (सिटी) कानपुर नगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं पीसीएस दिनेश को एडीएम (सिटी) अयोध्या बनाया गया है। प्रशासनिक फेरबदल में कई अन्य अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। नई सूची में सौरभ सिंह को कानपुर नगर का एडीएम (सिटी) नियुक्त किया गया है, जबकि दिनेश को अयोध्या में एडीएम (सिटी) की जिम्मेदारी दी गई है। दोनों अधिकारियों की तैनाती के साथ इन महत्वपूर्ण जिलों में प्रशासनिक स्तर पर बदलाव हुआ है। तबादला सूची के अनुसार पवन कुमार को एडीएम कुशीनगर और आलोक कुमार गुप्ता को एडीएम कासगंज बनाया गया है। वहीं कंचन को एडीएम (न्यायिक) चित्रकूट की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा अजय कुमार त्रिपाठी को मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) मऊ नियुक्त किया गया है। भान सिंह को अपर नगर आयुक्त शाहजहांपुर और सूरज कुमार यादव को अपर नगर आयुक्त सहारनपुर की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशासनिक फेरबदल के तहत हिमांशु कुमार गुप्ता को बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) का सचिव बनाया गया है। वहीं निधि डोडवाल को यूपी सहकारी चीनी मिल संघ में प्रधान प्रबंधक की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा अरुण कुमार को संयुक्त निदेशक (प्रशासन), मत्स्य, जितेंद्र कटियार को उपनिदेशक (प्रशासन), आयुर्वेदिक निदेशालय लखनऊ और वंदित श्रीवास्तव को उपनिदेशक (प्रशासन), उच्च शिक्षा निदेशालय प्रयागराज के पद पर तैनात किया गया है। योगी सरकार की ओर से किए गए इस प्रशासनिक फेरबदल में पीसीएस अधिकारियों को अलग–अलग जिलों और विभागों में नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। नई तैनातियों के बाद संबंधित जिलों और विभागों में प्रशासनिक कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है।

## समाजवादी पार्टी का प्लान, 75 जिले, 75 घोषणापत्र

### अखिलेश यादव के तरकश से निकला एक और तीर, 2 वोट बैंक पर निगाहें

लखनऊ (संवाददाता)। विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर यूपी में सपा ने प्रत्येक जिले के लिए एक अलग घोषणापत्र जारी करने का निर्णय लिया है। अखिलेश का 75 जिले 75 घोषणापत्र जारी कर स्थानीय मुद्दों पर फोकस है। पार्टी को स्थानीय मुद्दों के आधार पर हर वर्ग के मतदाता को लुभाने में मदद मिल सकती है।सपा यूपी में अपने संगठन को मजबूत करने के साथ गैर–यादव, ओबीसी और दलितों, विशेष रूप से गैर–जाटव समुदायों के बीच पैठ मजबूत करने में जुटी है। सत्तारूढ़ भाजपा का धार्मिक और भावनात्मक मुद्दों को लेकर चुनाव से माहौल बनाने का मुकाबला करने के लिए सपा इस तरह की रणनीति पर काम कर रही है।समाजवादी पार्टी ने गांवों में जिला इकाइयों द्वारा पीडीए पंचायतों में लोकसभा सांसदों सहित विभिन्न जातियों के अपने प्रमुख चेहरों को पूरे राज्य में तैनात किया है। पंचायतों में खासकर वंचित जातियों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के बारे में बात कर उन्हें आश्वासन दिया जा रहा है कि चुनाव के बाद सपा सरकार बनने पर उनकी चिंताओं का समाधान किया जाएगा।सपा के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि एटा से पार्टी सांसद देवेश शाक्य को अलीगढ़, हाथरस, मैनपुरी, कानपुर नगर और कानपुर देहात जिलों की 33 विधानसभा सीटों पर पीडीए पंचायतों में भाग लेकर मतदाताओं के मूड को भांपने का काम सौंपा गया है। सांसद के अलावा शाक्य जाति के स्थानीय पार्टी चेहरे भी कार्यक्रमों में भागीदारी कर रहे हैं।

## संक्षिप्त

### राजधानी के व्यापारियों ने डॉक्टर दिनेश शर्मा का किया स्वागत अभिनंदन

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ अंडमान तथा निकोबार दीप समूह के माननीय उपराज्यपाल डॉक्टर दिनेश शर्मा को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर उपराज्यपाल बनने की बधाई दी 19 सितंबर ,शनिवार, अंडमान निकोबार दीप समूह के उपराज्यपाल पद की शपथ लेने के बाद पहली बार लखनऊ आए प्रोफेसर डॉक्टर दिनेश शर्मा का उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियो ने उनके निवास पर स्वागत एवं अभिनंदन किया उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने पदाधिकारियो के साथ पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र पहनाकर डॉक्टर दिनेश शर्मा को उपराज्यपाल बनने की बधाई दी प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा, नगर महामंत्री राजीव शुक्ला नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमन अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल थे।

### चलती स्कूल बस में लगी आग, 5 साल का बच्चा झुलसा

लखनऊ (संवाददाता)। इटौंजा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 7.30 बजे स्कूल बस के इंजन में आग लग गई। बस में करीब 25 बच्चे सवार थे। घटना में 5 साल का एक बच्चा झुलस गया। यह फोर्स ट्रैवलर बस (यूपी 81 बीटी 6203) जमखनवा गांव से बच्चों को शार्प ग्लोबल स्कूल, मानपुर इटौंजा ले जा रही थी। बगहा पुरवा के पास अचानक बस के इंजन में आग लग गई। इससे बस में अफरा–तफरी मच गई। बस से उतरते समय बच्चे का हाथ गर्म बोनट से छू गया। इससे उसका हाथ झुलस गया। उसे तुरंत इटौंजा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। इलाज के बाद परिजन बच्चे को घर ले गए। बस में सवार बाकी सभी बच्चे सुरक्षित हैं। किसी अन्य बच्चे के घायल होने की सूचना नहीं है। इंजन में लगी आग को मौके पर ही बुझा दिया गया। पुलिस के मुताबिक, मौके पर स्थिति सामान्य है।

### लखनऊ-हरदोई हाईवे पर मॉर्निंग वॉक पर निकले छात्र को डंपर ने रौंदा

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी में मॉर्निंग वॉक पर निकले 11वीं के छात्र आरिफ (20) को एक अज्ञात डंपर ने रौंद दिया। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस डंपर की तलाश कर रही है। यह घटना शनिवार सुबह करीब साढ़े 6 बजे लखनऊ–हरदोई राजमार्ग पर मुजासा सुपर नर्सरी के पास हुई। आरिफ अपने घर बड़ी गढ़ी, मलिहाबाद लौट रहा था, तभी हरदोई की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। डंपर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से आरिफ का मोबाइल फोन बरामद किया और उसकी पहचान कर परिजनों को सूचना दी। आरिफ सफा पब्लिक स्कूल मलिहाबाद में 11वीं का छात्र था और नीट की तैयारी भी कर रहा था। वह स्कूल के बाद अपने पिता हनीफ के साथ खेती में भी मदद करता था। आरिफ के परिवार में पिता हनीफ, माता रेशमा बानो और दो बहनें सबा व सना हैं। परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है। मलिहाबाद के इंस्पेक्टर सुरेंद्र मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश कर रही है।

### आप का यूपीआई चार्ज के खिलाफ प्रदर्शन, जिला अध्यक्ष को पुलिस टांग ले गई

लखनऊ (संवाददाता)। राजधानी में शनिवार को आप कार्यकर्ताओं ने यूपीआई पेमेंट पर एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) लगाए जाने के खिलाफ प्रदर्शन किया। कैसरबाग स्वास्थ्य भवन चौराहे से कलेक्ट्रेट का घेराव करने जा रहे प्रदर्शनकारियों को रोककर पुलिस ने हिरासत में लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही जिला अध्यक्ष इरम को पुलिस टांगकर ले गई। प्रदर्शनकारी जिला अधिकारी कार्यालय की ओर बढ़ रहे थे मगर पुलिस ने जाने नहीं दिया। इस दौरान धक्कामुक्की हुई। आप कार्यकर्ताओं ने पुलिस के ऊपर अभद्रता और अधिकारों के हनन का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लगातार ऐसे निर्णय लिये जा रहे हैं, जिससे आम जनता परेशान हो रही है और आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इरम ने कहा कि महंगाई की मार से आम जनता पहले ही परेशान है। सरकार हर दिन आम लोगों से पैसे लेने का नया तरीका खोज रही है। गैस, पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी के साथ ही राशन और चीनी की कीमतों में इजाफे से लोगों का बजट बिगड़ा हुआ है। आमदनी घटती जा रही है महंगाई बढ़ती जा रही है मगर सरकार को आम जनता का दर्द नजर नहीं आ रहा है। मांग है कि डीआरडी को तत्काल वापस लिया जाए। व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने कहा कि ये सरकार पूरे देश में मात्र 43 व्यापारियों कि है। सत्ता में बैठे हुए लोग आम व्यापारी के बारे में नहीं सोचते हैं। अब ऑनलाइन पेमेंट पर चार्ज लगाने की बात से व्यापारियों की परेशानी और बढ़ जाएगी। यूपीआई के जरिए होने वाले डिजिटल भुगतान का इस्तेमाल आम लोगों और छोटे व्यापारियों के बीच बड़े स्तर पर होता है। ऐसे में डीआरडी का बोझ व्यापारियों के लिए नई मुसीबत है। हम लोग इस मुद्दे को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करेंगे।

### गणेश चतुर्थी नवरात्रि स्पेशल प्रदर्शनी 2026" का भव्य शुभारंभ'

लखनऊ (संवाददाता)। गणेश चतुर्थीध्नवरात्रि स्पेशल के पावन अवसर पर कैसरबाग स्थित सफेद बारादरी में न्यू क्राफ्ट सिल्क इंडिया प्रदर्शनी 2026" का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि नम्रता पाठक पत्नी उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चल रहे संकल्प सेवा अभियान के तहत न्यू क्राफ्ट इंडिया परिवार ने विश्व के लोकप्रिय नेता एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी केक काटकर धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया इस मौके पर अंकुर गुप्ता ,शक्ति बाजपेई फाउंडर,अध्यक्ष रत्नागिरी सेवा संस्थान व शहर के कई गणमान्य नागरिक, और बड़ी संख्या में खरीदार मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी जनसमस्याएं, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर -: तहसील कप्तानगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 59 शिकायतें/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 10 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि 49 प्रकरण अवशेष रहे।प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से संबंधित 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 10 का निस्तारण किया गया तथा 21 प्रकरण अवशेष रहे। पुलिस विभाग से 04, विकास विभाग से 03, स्वास्थ्य विभाग से 01 तथा अन्य विभागों से संबंधित 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। संयुक्त राजस्व एवं पुलिस, समाज कल्याण तथा शिक्षा विभाग से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवशेष प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण करते हुए निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरतते हुए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। अतः प्रत्येक अधिकारी शिकायतों का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करे।स अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी कप्तानगंज, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, जिला पंचायतराज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं तहसील स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पति की हत्या को सड़क हादसा दिखाया, पत्नी को 1 लाख में बेचा - डीएम से लगाई न्याय की गुहार

प्रातः काल एक्सप्रेस/ ब्यूरो कुशीनगर



कुशीनगर-: लाला गुरुवलिया ईट भट्ठा, तुर्कपट्टी से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बरेली की रहने वाली एक विधवा महिला सरिता पत्नि स्व0 रतनलाल ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अपने पति की हत्या को सड़क दुर्घटना दिखाने और खुद को बेचने व धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। डीएम ने मामले में एसडीएम को 7 दिन में जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है।पीड़िता के अनुसार वह ग्राम उत्तरगंज पश्चिमी फतेहगंज, जिला बरेली की निवासी है। उसके पति रतनलाल को उसके बहनोई प्रकाश कोरी पुत्र लखन निवासी गढ़ियारंगी, शाहजहांपुर, भट्टे पर काम दिलाने के बहाने लाला गुरुवलिया ईंट भट्ठा, कुशीनगर लाया था। आरोप है कि प्रकाश कोरी की नियत पीड़िता पर खराब थी और उसने उसे 1 लाख रुपये में एक व्यक्ति को बेच दिया था, जहां से उसके ससुर डोरीलाल ने उसे छुड़ाया।पीड़िता का आरोप है कि भट्ठा मालिक ने उसके पति की मजदूरी आज तक नहीं दी। दिनांक 11.03.2024 को उसके पति सब्जी लेने साइकिल से बाजार जा रहे थे, तभी रास्ते में प्रकाश कोरी, सुरेश कोरी, शिवम व मुनीश ने मिलकर ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी और भट्ठा मालिक से मिलकर इसे अज्ञात वाहन से दुर्घटना दिखाते हुए थाना तुर्कपट्टी में मु0नं0 76/2024 धारा 279/304 में फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। आज तक पति की साइकिल भी नहीं मिली।पीड़िता के 6 छोटे-छोटे बच्चे हैं और वह मजदूरी कर जीवन यापन कर रही है। आरोप है कि आरोपी रोज धमकी दे रहे हैं कि 'तुम्हारे पति को मार दिया, बात नहीं मानी तो तुम्हें दोबारा बेच देंगे और तुम्हारे ससुर को भी मार देंगे।'पीड़िता ने बताया कि कल शाम 8:15 बजे नीलम प्राई फैक्ट्री टिसुआ के पास आरोपी आए और गंदी-गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़िता ने जिलाधिकारी से रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# प्रमाणपत्रों में देरी और कामकाज में ढिलाई पर डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर।आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से तहसील उतरौला में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह भी मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करते हुए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, पूर्ति, पंचायती राज, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को पूरी गंभीरता से लेते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की देरी न हो।

उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद एवं राजस्व से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर प्रकरण का निष्पक्ष एवं नियमानुसार निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके की वास्तविक स्थिति का परीक्षण करते हुए दोनों पक्षों को सुनें तथा नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे एक ही प्रकरण को लेकर फरियादी को बार-बार तहसील अथवा जिला मुख्यालय न आना पड़े।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न की जाए। निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से अवगत भी कराया जाए। उन्होंने पुराने एवं लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना तथा संबंधित थाना प्रभारियों को प्रकरणों में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस से जुड़े संयुक्त मामलों में बेहतर समन्वय के साथ मौके पर जाकर कार्रवाई किए जाने पर जोर दिया।

डडीएम ने किया तहसील उतरौला का विस्तृत निरीक्षण, राजस्व वादों एवं जनसेवाओं की समीक्षाड़

सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने तहसील उतरौला का विस्तृत निरीक्षण करते हुए विभिन्न पटलों, न्यायालयों एवं अभिलेखों की गहन समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय एवं तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण कर राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों की जानकारी लेते हुए पुराने एवं लंबित प्रकरणों का नियमानुसार प्राथमिकता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वादों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो तथा नियमित सुनवाई के माध्यम से लंबित मामलों की संख्या में कमी लाई जाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील स्तर से जारी किए जाने वाले हैसियत प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र बनाए जाने की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि प्रमाण पत्रों से संबंधित सभी आवेदनों का निर्धारित समयावधि के भीतर नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने आवास आवंटन एवं कृषि भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने पात्रता एवं नियमानुसार आवंटन की कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं एवं आवंटन का लाभ प्रदान किए जाने के निर्देश दिए।इस दौरान जिलाधिकारी ने जनगणना से संबंधित कार्यों एवं तैयारियों की भी समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को जनगणना कार्य से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलों पर रखे रजिस्टर एवं अभिलेखों का अवलोकन करते हुए सभी रजिस्टरों में प्रविष्टियां समय से किए जाने तथा उन्हें अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।उन्होंने तहसील में आने वाले फरियादियों एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शासकीय सेवाओं का लाभ सुगमता एवं समयबद्ध ढंग से प्रदान किए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी उतरौला सहित संबंधित तहसील स्तरीय अधिकारी, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रमाणपत्रों में देरी और कामकाज में ढिलाई पर डीएम ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर।आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से तहसील उतरौला में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह भी मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करते हुए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।इस दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, पूर्ति, पंचायती राज, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को पूरी गंभीरता से लेते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की देरी न हो।उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवाद एवं राजस्व से जुड़े मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर प्रकरण का निष्पक्ष एवं नियमानुसार निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी मौके की वास्तविक स्थिति का परीक्षण करते हुए दोनों पक्षों को सुनें तथा नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें, जिससे एक ही प्रकरण को लेकर फरियादी को बार-बार तहसील अथवा जिला मुख्यालय न आना पड़े।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के



निस्तारण में केवल औपचारिकता न की जाए। निस्तारण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्रवाई से अवगत भी कराया जाए। उन्होंने पुराने एवं लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना तथा संबंधित थाना प्रभारियों को प्रकरणों में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व एवं पुलिस से जुड़े संयुक्त मामलों में बेहतर समन्वय के साथ मौके पर जाकर कार्रवाई किए जाने पर जोर दिया।

डडीएम ने किया तहसील उतरौला का विस्तृत निरीक्षण, राजस्व वादों एवं जनसेवाओं की समीक्षा

सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने तहसील उतरौला का विस्तृत निरीक्षण करते हुए विभिन्न पटलों, न्यायालयों एवं अभिलेखों की गहन समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी न्यायालय एवं तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण कर राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों की जानकारी लेते हुए पुराने एवं लंबित प्रकरणों का नियमानुसार प्राथमिकता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वादों के निस्तारण में अनावश्यक विलंब न हो तथा नियमित सुनवाई के माध्यम से लंबित मामलों की संख्या में कमी लाई जाए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील स्तर से जारी किए जाने वाले हैसियत प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र बनाए जाने की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के सापेक्ष लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि प्रमाण पत्रों से संबंधित सभी आवेदनों का निर्धारित समयावधि के भीतर नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने आवास आवंटन एवं कृषि भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने पात्रता एवं नियमानुसार आवंटन की कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए पात्र व्यक्तियों को योजनाओं एवं आवंटन का लाभ प्रदान किए जाने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने जनगणना से संबंधित कार्यों एवं तैयारियों की भी समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को जनगणना कार्य से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने तहसील के विभिन्न पटलों पर रखे रजिस्टर एवं अभिलेखों का अवलोकन करते हुए सभी रजिस्टरों में प्रविष्टियां समय से किए जाने तथा उन्हें अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने तहसील में आने वाले फरियादियों एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा शासकीय सेवाओं का लाभ सुगमता एवं समयबद्ध ढंग से प्रदान किए जाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी उतरौला सहित संबंधित तहसील स्तरीय अधिकारी, पुलिस एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नौगढ़ तहसील दिवस में डीएम ने दिए निर्देश, मौके पर जाकर निपटाएं भूमि विवाद

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर, 19 सितंबर। नौगढ़ तहसील में शनिवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता और उपजिलाधिकारी निखिल चक्रवर्ती की मौजूदगी में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस संपन्न हुआ। समाधान दिवस में राजस्व, विकास, शिक्षा और पूर्ति विभाग से जुड़ी कुल 25 शिकायतें आईं, जिनमें से पूर्ति विभाग के एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।जिलाधिकारी ने पूर्व में प्राप्त शिकायतों की आख्या देखने के बाद अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से जुड़े सभी प्रकरणों का निस्तारण टीमें मौके पर जाकर करें। स्थलीय निरीक्षण के दौरान शिकायतकर्ता और विपक्षी दोनों पक्षों को आमने-सामने रखकर निष्पक्ष जांच की जाए। लेखपाल और कानूनगो मौके पर जांच करने के बाद ही अपनी आख्या लगाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने या अनावश्यक रूप से मामला लंबित पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि समाधान दिवस और आईजीआरएस की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हर हाल में सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने शेष 24 प्रार्थना पत्रों को तीन दिन के भीतर शत-प्रतिशत निस्तारित करने का निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिया। इस दौरान तहसीलदार नौगढ़, क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली ऐप से फसलों की होगी सुरक्षा, किसानों को खेतों में दिया जाएगा प्रशिक्षण



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर, 19 सितंबर। कृषि भवन सिद्धार्थनगर के सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली (एनपीएसएस) को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बस्ती मंडल के उप कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) चरण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में भारत सरकार के अधिकारियों ने एनपीएसएस ऐप के बारे में विस्तार से जानकारी दी।बैठक में किसानों के बीच ऐप के प्रचार-प्रसार को लेकर ठोस रणनीति तैयार की गई। तय किया गया कि कृषि, उद्यान और गन्ना विभाग अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान किसानों को इस ऐप की जानकारी देंगे। इसके साथ ही विभागीय अधिकारी सीधे खेतों पर पहुंचकर किसानों को ऐप के प्रयोग का व्यावहारिक ज्ञान देंगे। बैठक के बाद समिति के सदस्यों ने नौगढ़ ब्लॉक के कोड़रा ग्रान्ट पहुंचकर किसान इबरुल हसन के खेत में ऐप के बारे में जानकारी भी दी। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि रक्षा अधिकारी रवि शंकर पाण्डेय, जिला गन्ना अधिकारी ललित कुमार मौर्य, जिला उद्यान अधिकारी विमल कान्त मौजूद रहे। वहीं भारत सरकार के अधिकारी राहुल मिश्रा, मोनल कुमार सिंह, मनोज कुमार शुक्ला तथा अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ. राम निवास भी उपस्थित रहे।

# बसों में जांची सुरक्षा, बच्चों को बताए यातायात नियमः ढेबरुआ पुलिस ने डिवाइन विजडम एकेडमी में किया वाहनों का निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस




बढ़नी (सिद्धार्थनगर): सड़क सुरक्षा व स्कूली बच्चों के सुरक्षित आवागमन को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष ढेबरुआ चंद्रकांत पांडेय के निर्देशन में शनिवार को पुलिस टीम ने डिवाइन विजडम एकेडमी पहुंचकर स्कूल वाहनों की सघन जांच की।

उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार पासवान के नेतृत्व में विद्यालय पहुंची पुलिस टीम ने बसों के फिटनेस, आपातकालीन द्वार, अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) और फर्स्ट एड बॉक्स की स्थिति परखी। पुलिस टीम ने बस चालकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि वे निर्धारित गति सीमा का पूरी तरह पालन करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग, ओवरटेकिंग अथवा किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। लापरवाही मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही आयोजित जागरूकता सत्र में छात्र-छात्राओं को सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग तथा दोपहिया पर हेलमेट व कार में सीट बेल्ट लगाने के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल मेलविन रोजारियो रोड्रिग्स, हेड कांस्टेबल अनूप कुमार यादव, कांस्टेबल प्रबल कुमार सहित शिक्षकगण, बस चालक व बच्चे मौजूद रहे।

# नवचयनित एक्स-रे टेक्नीशियन व होम्योपैथिक फार्मासिस्टों को वितरित किए गए नियुक्ति पत्र

प्रातःकाल एक्सप्रेस



सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित एक्स-रे टेकनीशियन एवं होम्योपैथिक फार्मासिस्टों के नियुक्ति पत्र वितरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से संपन्न हुआ। कलेक्ट्रेट स्थित अम्बेडकर सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम में इस समारोह का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने मंचासीन अतिथियों को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि पूर्वांचल पहले इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी से ग्रसित रहता था, जो अब मुख्यमंत्री के प्रयासों से मुक्त हो चुका है।शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने चयनित अभ्यर्थियों व उनके परिजनों को बधाई देते हुए उनसे गैर-जनपदों में भी पूरी कर्तव्यनिष्ठा से कार्य कर जिले का मान बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने कहा कि इन नियुक्तियों से जनस्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत ब्लॉकों में कैंप लगाकर वंचितों को लाभान्वित किए जाने की भी जानकारी दी। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शासन की चयन प्रक्रिया की सराहना करते हुए नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान एक्स-रे टेक्नीशियन श्रेयांश दुबे, अनिल कुमार, राधेश्याम, राजेश कुमार आर्य, पल्लवी त्रिपाठी, दिनेश मणि व बुद्ध कुमार तथा होम्योपैथिक फार्मासिस्ट गौरी शंकर, सर्वेंद्र चौधरी, वीरेंद्र प्रसाद, चुन्नी लाल, रमेश चंद्र गुप्ता व अशोक कुमार अग्रहरी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व अभ्यर्थियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर डुमरियागंज सांसद प्रतिनिधि एस.पी. अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार दोहरे सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राधाष्टमी पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने सपरिवार की गोसेवा, गौशाला पहुंचकर खिलाया गुड़ और चारा

प्रातःकाल एक्सप्रेस



बढ़नी,सिद्धार्थनगर। राधाष्टमी के पावन पर्व पर शनिवार को नगर पंचायत बढ़नी बाजार के अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने अपनी धर्मपत्नि गीता देवी अग्रहरि के साथ वार्ड नंबर दो, मुड़िला खास (मिल कालोनी) स्थित अस्थाई गौशाला पहुंचकर गोसेवा की। उन्होंने विधि-विधान से गोमाता का पूजन-अर्चन कर गायों को गुड़, केला, दाना और चारा खिलाया।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने कहा, गोसेवा ही सबसे बड़ा धर्म और पुण्य का कार्य है। हमारी संस्कृति में गोमाता को पूजनीय माना गया है, इसलिए हम सभी का दायित्व बनता है कि उनके संरक्षण, संवर्धन और उचित देखभाल के लिए सदैव आगे आएं। गौशाला में गोवंश की देखरेख में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।इस मौके पर पशु चिकित्सक डॉ. राकेश कुमार गुप्ता, ऋषभ मोदनवाल, रामराज कनमैजिया, बृजेश अग्रहरि और राजेश्वर शाह उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर पंचायत कर्मचारी वीरेंद्र, सुरेश यादव, दिनेश, मुमताज अली, रवि सहित अन्य कर्मी भी मौजूद रहे।

## अजीतमल सम्पूर्ण समाधान दिवस में संयुक्त मजिस्ट्रेड ने अधिकारियों के साथ सुनीं फरियादियों की शिकायतें

# विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से निस्तारण के निर्देश



**प्रातः काल एक्सप्रेस**

औरैया। जनपद के अजीतमल तहसील सभागार में संयुक्त मजिस्ट्रेड विनोद कुमार मीणा एवं क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र सिंह ने अधिकारियों के साथ जनता की शिकायतों को सुना

जनसुनवाई के दौरान भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष ध्यान सिंह ने संगठन के साथ किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए समाधान की मांग उठाई है, ग्राम जगतपुर निवासी शांति पतने स्वद रघुवीर ने अंत्योदय राशन कार्ड व निराश्रित बच्चों को सरकारी मदद दिलाए जाने की मांग की है, श्री नगर अटसू निवासी आरती देवी ने कि बताया कि मेरा पति सुरेंद्र कुमार अपने भाई भाभी से ?20000 में मुझे 2015 में बहादुरगढ़ से खरीद कर लाया था मैने कई बार अपने घर जाने का प्रयास किया लेकिन मुझे जाने नहीं दिया और अब मेरे साथ मारपीट कर घर से निकालने की धमकी देता है, निशा देवी पतने स्वद शाकिर अली निवासी आंबेडकर नगर अटसू ने बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी का गलत तरीके से नोटिस जारी करने का आरोप लगाया है, विभिनन्न विभागों से संबंधित कुल 80 शिकायतें आई जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, अन्य शिकायतें अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की गईं। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समाधान दिवस के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 67 विद्यालयों के 5000 से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

इटावा। जनपद के विभिनन्न विद्यालयों में शनिवार को गायत्री परिवार के तत्वावधान में 'भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा' का आयोजन किया गया। परीक्षा में जिले के 67 विद्यालयों के 5000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।जिला संयोजक राजीव सक्सेना ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन देशभर में विभिनन्न भाषाओं में किया जाता है। परीक्षा का उद्देश्य 'शिक्षा के साथ विद्या भी' की भावना को विद्याथिर्यों तक पहुंचाना है। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं में भारतीय संस्कृति के मूल्यों तथा दया, प्रेम, करुणा, परोपकार और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' जैसे मानवीय भावों को जागृत करने का प्रयास किया जाता है।उन्होंने कहा कि ऐसी परीक्षाएं विद्याथिर्यों को भारतीय संस्कृति, संस्कारों और नैतिक मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिला संयोजक ने परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, शिक्षकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



# अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ विदा हुए विघ्नहर्ता, नम आंखों से हुआ विसर्जन



**प्रातः काल एक्सप्रेस**

इटावा। श्री बिहारी धाम आवासीय परिसर में वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र भसीन के आवास पर 'गणपति बप्पा मोरया,मंगल मूर्ति मोरया' और 'अगले बरस तुम जल्दी आना' के गगनभेदी जयकारों व शंख ध्वनि के बीच श्रद्धालुओं ने नम आंखों से विघ्नहर्ता को विदाई दी। संयुक्त प्रेस क्लब इटावा के अध्यक्ष राजेन्द्र भसीन के आवास पर विसर्जन कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा,उल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच राजेन्द्र भसीन,अंजू भसीन,भव्या भसीन एवं स्वदेश भसीन ने श्री बिहारी जी धाम परिवार सहित विघन्हर्ता की पूजा-अर्चना की।पूजन अनुष्ठान के उपरांत विधि-विधान से प्रतिमा का विसर्जन कर आरती की गई।भगवान गजानन को उनके प्रिय मोदक और लड्डुओं का नैवेद्य अर्पित कर परिवार, समाज एवं जनपदवासियों के कल्याण की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर श्री बिहारी धाम परिवार के सदस्यों व इष्ट-मित्रों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर बप्पा का आशीर्वाद लिया,और सुख-समृद्धि की कामना की।उल्लेखनीय है कि पूरे गणेशोत्सव के दौरान बिहारी जी धाम परिसर में प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा- अर्चना,आरती और प्रसाद वितरण का दौर चलता रहा, जिससे समूचा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर बना रहा।

## दो बाइकों की भिड़ंत में मां-बेटे समेत चार लोग घायल

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

औरैया। ऐरवा- कुदरकोट मार्ग पर चकबदनपुर मोड़ के पास शुक्रवार की दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में मां-बेटे समेत चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जानकारी के अनुसार किरकिचियापुर निवासी अरुण शर्मा अपनी मां बबली देवी और आठ वर्षीय दिव्यांग भाई समर्पित के साथ खंड शिक्षा कार्यालय से दिव्यांग प्रमाणपत्र का रजिस्ट्रेशन कराकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई अपाचे बाइक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में समर्पित के चेहरे पर चोट लगी, जबकि बबली देवी के हाथ और कमर में चोटें आईं। दूसरी बाइक पर सवार पंकज कठेरिया और देवेंद्र शर्मा भी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी को घर भेज दिया। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

# कंचौसी में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज, रेलमंत्री को भेजा ज्ञापन

### गोमती, महानंदा और अलीगढ़ फास्ट मेमू के ठहराव समेत यात्री सुविधाएं बढ़ाने की मांग

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

औरैया। जनपद स्थित कंचौसी रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर कस्बावासियों का अभियान तेज हो गया है। शुक्रवार को सैकड़ों लोगों ने स्टेशन पर पहुंचकर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम संबोधित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक दरबारी कुमार को सौंपा। ज्ञानेंद्र कुमार गुप्ता के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में गोमती एक्सप्रेस 124 19/12420, अलीगढ़ फास्ट मेमू 64703/ 64704 और महानंदा एक्सप्रेस 15484/ 15483 के अप-डाउन ठहराव की मांग की गई। कस्बावासियों का कहना है कि दिन के समय एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव नहीं होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा वर्षों से लंबित रेलवे ओवरब्रिज, प्रस्तावित रेलवे फाटक पर अंडरपास, स्टेशन पर रैंप व ओवरब्रिज, रिजर्वेशन काउंटर सहित अन्य यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई गई। इससे पहले नौ सितंबर को मंडल रेल प्रबंधक को भी पत्र भेजा गया था। लोगों ने कहा कि मांगें पूरी होने तक अभियान जारी रहेगा। इस दौरान मोहित गुप्ता, गिरीश सिकरवार, विनोद बाथम उर्फ भूरा, राशिद खान, संजय सविता, देवा सविता, आदेश शुक्ला, इशू शुक्ला, व्यास जी समेत भरी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एसीए से संबद्ध नहीं है अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

प्रयागराज। भानु प्रताप सिंह क्रिकेट मैदान पर 20 सितंबर से प्रस्तावित निर्वाणानंद व कनेक्टिंग हैप्पीनेस एंड हीलिंग फाउंडेशन अंडर-14 लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) ने स्पष्ट किया है कि यह प्रतियोगिता एसोसिएशन से संबद्ध नहीं है। एसीए ने अंडर-14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग नहीं करने की सलाह दी है।इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के स्थानीय टूर्नामेंट प्रभारी खुर्शीद अहमद ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन एसीए की मान्यता अथवा संबद्धता के तहत नहीं किया जा रहा है। ऐसे में इसमें हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों के प्रदर्शन को एसीए की आधिकारिक चयन प्रक्रिया में मान्यता नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आकलन भी एसोसिएशन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाता है। इसलिए गैर-संबद्ध प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों को एसीए की चयन प्रक्रिया में कोई लाभ नहीं मिलेगा।एसीए ने कहा है कि खिलाड़ी ऐसी प्रतियोगिताओं में समय और ऊर्जा लगाने से पहले यह सुनिश्चित करें कि प्रतियोगिता उनके भविष्य और आधिकारिक चयन प्रक्रिया के लिहाज से उपयोगी है या नहीं। एसोसिएशन से संबद्ध नहीं होने के कारण इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों द्वारा बनाए गए रन, लिए गए विकेट अथवा अन्य व्यक्तिगत प्रदर्शन एसीए की चयन प्रक्रिया में रिकॉर्ड के रूप में स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

## छठवें दिन भी गणेश पंडालों में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

प्रयागराज। गणेश उत्सव के छठवें दिन शनिवार को खीरी बाजार स्थित गणेश पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं ने पंडालों में पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। पंडालों में डीजे साउंड के साथ गणेश पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।खीरी बाजार में नवयुवक बाल संघ कमेटी की ओर से स्टेट हाइवे के किनारे गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर उत्सव मनाया जा रहा है। वहीं नव गणेश बाल संघ कमेटी की ओर से स्टेट हाइवे से लिंक मार्ग कटरा सड़क पर गणेश प्रतिमा स्थापित की गई है। दोनों स्थानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंच रहे हैं।नवयुवक बाल संघ कमेटी के अध्यक्ष कार्तिकेय केसरवानी, संचालक राजकुमार केसरवानी एवं प्रोपाइटर अंदीप कुमार सहित कमेटी के सदस्यों के सहयोग से आयोजन किया जा रहा है। वहीं नव गणेश बाल संघ कमेटी के सदस्य रौनक केशरवानी,प्रशांत शुक्ला, मयंक केशरवानी, शिवांशु केशरवानी, ओम जी केशरवानी, रामजी केशरवानी, गोपाल सोनी, कान्हा केशरवानी, यस केशरवानी और रवि केशरवानी समेत अन्य लोग व्यवस्था में जुटे है।गणेश प्रतिमाओं की स्थापना 14 सितंबर 2026, सोमवार को की गई थी। आयोजकों के अनुसार गणेश उत्सव का समापन 21 सितंबर 2026, सोमवार को किया जाएगा। इस दौरान भगवान गणेश की प्रतिमा को शोभायात्रा के साथ ग्राम बघोल स्थित लपरी नदी में ले जाकर विधि-विधान से विसर्जित किया जाएगा।उधर, आयोजन के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय खीरी पुलिस भी सतर्क नजर आ रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा पंडालों एवं आसपास के क्षेत्रों में आवश्यक निगरानी की जा रही है।

# आंगनबाड़ी महिलाओं ने मानदेय बढ़ाने और न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग

## 200 से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सौपा ज्ञापन



**प्रातः काल एक्सप्रेस**

औरैया। आंगनबाड़ी महिला कार्यकर्ता एवं सहायिका संगठन के बैनर तले जिलेभर की 200 से अधिक महिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन जिलाध्यक्ष ज्योत्सना गुप्ता, महामंत्री दीपमा और कोषाध्यक्ष अखिलेश कुमारी के नेतृत्व में दिया गया।

ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने सम्मानजनक मानदेय और उसमें वृद्धि करने, संविदा परिषद के मानदंडों के अनुरूप न्यूनतम वेतन देने तथा कार्यभार के अनुरूप उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे पोषण मिशन, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की देखभाल, बच्चों के सर्वे, मतदाता सत्यापन समेत विभिनन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके बावजूद उन्हें कम मानदेय में काम करना पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष ज्योत्सना गुप्ता ने कहा कि संगठन लंबे समय से मांगों को लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कर रहा है, लेकिन अब तक ठोस निणन्य नहीं लिया गया। महंगाई के दौर में मौजूदा मानदेय से परिवार चलाना मुश्किल है। उन्होंने मांगों को शासन तक पहुंचाकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। इस दौरान औरैया, दिबियापुर, अछल्दा, अजीतमल, बिधूना, सहार और एरवाकटरा ब्लॉकों की महिला कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं।

# बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**प्रातः काल एक्सप्रेस**

जसवंतनगर/इटावा त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बाल विकास परियोजना कार्यालय जसवंतनगर के सभागार में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को विभिनन्न कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकार मित्र राजेंद्र सिंह ने पीसीपीएनडीटी (झ्ण्झ्ज्ञ्) अधिनियम के संबंध में जानकारी देते हुए कन्या भ्रूण की जांच एवं लिंग चयन से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया। वहीं अधिकार मित्र लालमन ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, कन्या भ्रूण हत्या रोकने तथा बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता के हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित विभिनन्न सरकारी योजनाओं और कानूनी सहायता के बारे में भी जानकारी दी। और तहसील दिवस में उपस्थित रहकर विधिक सहायता प्रधान की शिविर में सीडीपीओ प्रभारी शकुंतला देवी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ती सहायिका ममता कुमारी अनिता देवी मनोरमा रेखा देवी रेनू विंध्यवासिनी अनुराधा मीना शर्मा नीतू कुमारी आरती आदि महिलाएं उपस्थित रहीं। उपस्थित महिलाओं से बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने और उन्हें शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराने की अपील की गई।

### राजभाषा पखवाड़ा पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न

# हिन्दी बोलने में कभी स्वयं को शर्मिंदा महसूस ना करें रू पंकज जायसवाल

## हिन्दी भाषा-बोध पर गौरव करना चाहिए रू प्रो राजेश गर्ग

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

प्रयागराज। आर्य कन्या डिग्री कॉलेज के हिन्दी विभाग की ओर से राजभाषा पखवाड़ा का समापन समारोह पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण के साथ सम्पनन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने की। उन्होंने विद्याथिर्यों को बताया कि हिन्दी बोलने मे कभी स्वयं को शर्मिंदा महसूस ना करें, हिन्दी के बिना भारत की अर्थव्यवस्था भी अधूरी है। उन्होंने कहा कि

हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट में भी हिन्दी का चलन बढ़ा है। इविवि के हिन्दी विभाग के प्रो राजेश गर्ग ने विद्याथिर्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें हिन्दी भाषा-बोध पर गौरव करना चाहिए, 14 सितम्बर एक उत्सव दिवस है यह गौरव बोध हमारे आचरण, चरित्र में दिखना चाहिए और यह परिवर्तन जन-मन की आवाज से होता है। कालेज की प्राचार्या प्रो अर्चना पाठक ने सभी का स्वागत किया तथा विद्याथिर्यों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आर्य कन्या डिग्री कॉलेज महर्षि दयानन्द जी के आदर्शों पर संचालित हो रहा है, हिन्दी ही ऐसी भाषा है जो सम्पूर्ण राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधती है। चीफ प्रॉक्टर डॉ. रंजना त्रिपाठी ने कहां की अपनी मातृभाषा का सम्मान हम भारतवासियों के लिए गर्व का विषय है।राजभाषा पखवाड़े के अन्तर्गत सम्पनन्न चार अन्तर्महाविद्यालयीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। नारा लेखन प्रतियोगिता (विषयः युवा शक्ति) में प्रथम स्थान दीपाली तिवारी (एकेडीसी.), द्वितीय स्थान स्वाती भारतीया (जे. टीजीडी.सी.) एवं मुक्ता मिश्रा (ए.के.डी.सी.), तृतीय स्थान कुमारी खुशी (के.पी.टी.सी.), कोलाज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वाती सौंधिया (आरटीएमएम.), द्वितीय स्थान अक्षिता गौड़ (ए.के.डी.सी.) एवं वंशिका मिश्रा (जे.टी. जी.डी.सी.), तृतीय स्थान प्राची यादव (ए.के.डी.सी.), निबन्ध प्रतियोगिता (विषयः स्त्री शिक्षा के विकास में ज्योतिबा फुले का योगदान) में प्रथम स्थान रिया गुप्ता (ए.के.डी.सी.), द्वितीय स्थान शुभी त्रिपाठी (सी.एम.पी.), तृतीय स्थान राधिका (एस.एस. के.जी.डी.सी.) तथा काव्य-पाठ प्रतियोगिता (विषयः पिता) में प्रथम स्थान कुमारी खुशी (के.पी.टी.सी.) एवं वर्षा दुबे (ए.के.डी. सी.), द्वितीय स्थान वैष्णवी सिंह (ए.के.डी.सी.) एवं कोमल वर्मा (जेटीडी.सी.), तृतीय स्थान जैनब खान (एसएसकेजीडीसी.) एवं ऋचा तिवारी (ए.के.डी.सी.) को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ शशि कुमारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ मुदिता तिवारी ने किया। कार्यक्रम में लॉ डायरेक्टर डॉ ममता गुप्ता, उप प्राचार्या प्रो इभा सिरोठिया, डीन प्रो अंजू श्रीवास्तव, डॉ सब्यसाची, डॉ सुधा ,डॉ शिवानी , डॉ नाजनीन , डॉ सोनम , डॉ निशा , डॉ ज्योति , डॉ अर्चना समेत समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं शोधार्थी ब्रजेन्द्र सिंह, स्वाती आर्या, विक्रमादित्य सिंह, कविता सिंह, श्वेता चैधरी, प्रज्ञा यादव एवं हरिओम उपस्थित रहे।



# सम्पूर्ण समाधान दिवस : शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

**डॉ0 रईस अहमद उस्मानी**
**प्रातः काल एक्सप्रेस न्यूज**

लखीमपुर खीरी 19 सितंबर : आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह और एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह की उपस्थिति में तहसील मोहम्मदी में 'संपूर्ण समाधान दिवस' में आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।



डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीडि़ति/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए।

डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 60 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 33, पुलिस 05, विकास 10, विद्युत 06, आपूर्ति 02, नगर निकाय, पंचायती राज, डूडा और वन के 01-01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम राजेश कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह, पीडी सतीश कुमार पाण्डेय सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सनातन धर्म को बदनाम करने वाले सुधर जाये रू स्वामी शाडिल्य महराज

**कहा कि सनातन धर्म को मिल रही नयी दिशा, चेतना**
**बडी संख्या में शिष्यों सहित देखी हनुमान अंश**

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



प्रयागराज। बाबा नीम करौली के जीवन पर आधारित फिल्म हनुमान अंश बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। इस फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघर से लेकर मल्टीप्लेक्स तक लोगों की लगातार भीड़ उमड़ रही है। संगम नगरी प्रयागराज में शनिवार को श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर श्रीमद जगदगुरु नारारणाचार्य स्वामी

शांडिल्य जी महाराज ने भी बडी संख्या में अपने शिष्यों के साथ पीवीआर पहुंचकर हनुमान अंश फिल्म देखी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज देश में जगह - जगह सनातन धर्म को बदनाम करने और उसके खिलाफ काम किया जा रहा है लेकिन इस बीच बाबा नीम करौली के जीवन और उनके चमत्कार पर आई फिल्म हनुमान अंश लोगों को सनातन से रूबरू कराने और गृहस्थ संत की परंपरा के बारे में बताती है।

स्वामी शाडिल्य महराज ने कहा कि सनातन धर्म अब बहुत मजबूत हो चुका है। सरकार और लाखों - करोडो सनातन धमिन्यों का संरक्षण मिल रहा है ऐसे में लोग बदनाम करने से बाज आये, ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में बाबा नीम करौली के बडी संख्या में अनुयायी हैं। वह प्रभु श्री राम और हनुमान जी के अनन्य भक्त थे। गुरुकुल के बटुकों को भी यह फिल्म इसीलिए दिखाई जा रही है ताकि वह सनातन धर्म के बारे में और अधिक जान सकें। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारी सरकार सनातन धर्म को संरक्षण और सम्मान दे रही है। उससे सनातन धर्मावलंबियों में उत्साह और विश्वास बढ़ा है। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म को अब नयी दिशा, चेतना मिल रही है।

स्वामी शांडिल्य जी महाराज ने कहा है कि बड़ी संख्या में सनातन धर्मी सिनेमाघरों में पहुंचकर हनुमान अंश फिल्म देखें और उसके कलाकारों,निर्माता निर्देशक सहित पूरी टीम को प्रोत्साहित करें। गौरतलब है कि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर से लेकर 20 सितंबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा पर्व मनाया जा रहा है जिसके तहत अपने विधान सभा के क्षेत्र लोगों को निशुल्क हनुमान अंश फिल्म दिखाई जा रही है। ताकि इस फिल्म के जरिये सनातन धर्म का प्रचार प्रसार हो सके।

# स्कूल वाहन और शिक्षकों की कार में भीषण टक्कर, बाल-बाल बचे सभी

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



प्रयागराज। खीरी थाना क्षेत्र के जोरवट गांव के सामने स्टेट हाईवे पर शनिवार को स्कूल वाहन और शिक्षकों को लाने-ले जाने वाली कार में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। स्कूल वाहन का अगला पहिया निकलकर कुछ दूर जा गिरा। गनीमत रही कि हादसे में किसी को चोट नहीं आई और वाहन सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए।

जानकारी के अनुसार, शनिवार, 19 सितंबर 2026 को नारीबारी स्थित एसजेएस स्कूल का वाहन बच्चों को लेकर खीरी से नारीबारी की ओर जा ङ्करहा था। इसी दौरान प्रयागराज की ओर से शिक्षकों को लाने-ले जाने वाली एक निजी कार सामने से आ गई। जोरवट गांव के सामने स्टेट हाईवे पर दोनों वाहनों की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि राहत की बात रही कि स्कूल वाहन में सवार बच्चों समेत किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई। सूचना मिलने पर एसजेएस स्कूल प्रबंधन ने तत्काल दूसरा वाहन मौके पर भेजा, जिसके माध्यम से बच्चों को सुरक्षित स्कूल पहुंचाया गया।घटना की सूचना पर खीरी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को थाने ले आई। बाद में दोनों वाहनों के स्वामियों के बीच आपसी बातचीत के बाद सुलह-समझौता हो गया। इसके बाद दोनों पक्ष अपने-अपने वाहन मरम्मत के लिए लेकर चले गए।

# मोहम्मदी ब्लाक में आयोजित स्वास्थ्य मेले का सीएमओ ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**'सेवा संकल्प अभियान' के तहत मरीजों को मिल रहा लाभ, निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक समय पर पूरा करने के निर्देश**

**डॉ0रईस अहमद उस्मानी**
**प्रातः काल एक्सप्रेस न्यूज**

लखीमपुर खीरी 19 सितम्बर शासन द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत जनपद के सभी ब्लाकों में स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मोहम्मदी ब्लाक पर आयोजित स्वास्थ्य मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संतोष गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जमीनी हकीकत परखी और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मोहम्मदी, पसगवां, मितौली और गोला में इसी सप्ताह स्वास्थ्य मेलों का आयोजन होगा, बाकी ब्लॉकों में अगले दो सप्ताह में स्वास्थ्य मेलों के आयोजन किए जाएंगे।

निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने सीएचसी के पास निर्माणाधीन तीन मंजिला क्रिटिकल केयर ब्लॉक का भी बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न किया जाए और इसे निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण किया जाए। सड़क दुर्घटना के पीडि़तों को त्वरित और सही मेडिकल देखभाल देने में यह ब्लॉक बहुत मददगार साबित होगा।



स्वास्थ्य मेले में सीएमओ के निरीक्षण के समय तक स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 18 नए आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके थे, 35 लोगों की गैर-संचारी रोग (एनसीडी) स्क्रीनिंग हो चुकी थी और परिवार नियोजन के तहत 15 लोगों की काउंसलिंग की जा चुकी थी।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने स्टाफ को निर्देशित किया कि जिन आयुष्मान लाभार्थियों के डेटा में मामूली गलतियां (माइनर करेक्शन) हैं, उन्हें तत्काल पोर्टल पर फीड कर मुख्यालय को प्रेषित करें, ताकि उनका आयुष्मान कार्ड बन सके और उन्हें 5 लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज का लाभ मिल सके। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सीडीपीओ से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी सहायिकाओं के परिवार के सदस्यों के लिए आयुष्मान कार्ड कवरेज की प्रक्रिया में तेज़ी लाने के बारे में भी बात की।

उन्होंने परिवार नियोजन काउंसलर को निर्देश दिए कि वे नवविवाहित दंपतियों को परिवार नियोजन के उपायों और इसके दीर्घकालिक लाभों के बारे में विस्तार से जागरूक करें। एनसीडी स्क्रीनिंग को लेकर स्टाफ नर्स और काउंसलर को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) और मधुमेह (डायबिटीज) के ऐसे मरीज जो नियमित उपचार नहीं ले रहे हैं, उनका फॉलोअप किया जाए। उनकी काउंसलिंग कर उन्हें नियमित दवा खाने के लिए प्रेरित करें और इसकी फीडिंग अनिवार्य रूप से 'ई-कवच पोर्टल' पर की जाए। साथ ही, टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को लेकर उन्होंने कहा कि टीबी के लक्षण वाले सभी लोगों की शत-प्रतिशत जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों की समय पर खोज कर उनका इलाज पूरा किया जा सके। इस पूरी निरीक्षण कार्यवाही के दौरान सीएचसी अधीक्षक सचिन गुप्ता भी उनके साथ मौजूद रहे।

'सेवा संकल्प अभियान' के उद्देश्यों पर बोलते हुए सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा, 'शासन का यह अभियान केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक उत्कृष्ट और निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का हमारा दृढ़ संकल्प है। हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी जरूरतमंद पैसों के अभाव या जानकारी की कमी के कारण इलाज से वंचित न रहे। इन स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से हम बीमारियों की जल्द पहचान (अर्ली डिटेक्शन) और त्वरित उपचार कर एक स्वस्थ और सशक्त जनपद के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।'

# काँटी गांव मे स्कॉपिन्यो की टक्कर से लगने से युवक की हुई मौत, वाहन चालक मौके से फरार

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

जसरा (प्रयागराज )। प्रयागराज के गौहनिया-रीवा हाईवे पर एक तेज रफ्तार स्कॉपिन्यो की टक्कर से घायल युवक रंजीत भारतीय कीइलाज के दौरान हुई मौत । हादसे के बाद स्कॉपिन्योचालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया।छोटी कांटी खंड विकास जसरा अंतर्गत गांव के रहने वाले रंजीत पुत्र राम मिलन भारतीय गुरुवार शाम साइकिल से अपने घर जा रहे थे। वह गांव के सामने पहुंचे ही थे कि रीवा से प्रयागराज की ओर जा रही स्कॉपिन्यो ने उनकी साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी।टक्कर लगने से रंजीत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप सेघायल हो गए। हादसे के बाद स्कॉपिन्यो चालक गाड़ी समेतमौके से भाग निकला।सूचना मिलने पर घूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस नेघायल रंजीत को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा भेजा।प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान गुरुवार शाम आठ बजे के लगभग अंतिम सांस ली। डॉक्टरों ने रंजीत को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय भेज दिया द्यखबर लिखे जाने तक अज्ञात वाहन पकड़ से दूरद्य घूरपुर पुलिस जांच में जुटी ।



# बच्चों को संवेदनाओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक-एडीआईओएस जितेंद्र प्रताप

**जीजीआईसी सिविल लाइंस में जनपद स्तरीय लोक नृत्य, पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता आयोजित**




**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

प्रयागराज। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सिविल लाइंस में एनसीईआरटी, नई दिल्ली के निर्देशन में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के अंतर्गत पाठ्य सहगामी प्रतियोगिताओं से संबंधित जनपद स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद के 20 राजकीय एवं अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एडीआईओएस जितेंद्र प्रताप सिंह, संस्कृत पाठशाला निरीक्षक पवन श्रीवास्तव एवं राजकीय इंटर कॉलेज समहन के प्रधानाचार्य मोहम्मद रफीक ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रधानाचार्या नीलम मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया।

एडीआईओएस जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मानव जीवन में एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच मानवीय संवेदनाएं कम हो रही हैं। ऐसे में साहित्य, संगीत और कला के माध्यम से बच्चों को संवेदनाओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जनसंख्या एवं किशोरावस्था शिक्षा से जुड़े विषयों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए इस प्रकार के आयोजन को उपयोगी बताया।

लोक नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, स्वरूपरानी की टीम ने पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता का संदेश देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिला सेवा सदन इंटर कॉलेज द्वितीय तथा क्रॉस्थवेट गर्ल्स इंटर कॉलेज तृतीय स्थान पर रहा। प्रथम विजेता टीम 4 नवंबर को आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में प्रयागराज का प्रतिनिधित्व करेगी।

पोस्टर प्रतियोगिता में मिष्टी (जीजीआईसी सिविल लाइंस) प्रथम, वंशिका निषाद (क्रॉस्थवेट गर्ल्स इंटर कॉलेज) द्वितीय तथा जान्हवी गोंड (किदवई मेमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज) तृतीय रहीं। निबंध प्रतियोगिता में कशिश सिंह (जीजीआईसी धनुपुर) प्रथम, सारुल श्रीवास्तव (महिला सेवा सदन इंटर कॉलेज) द्वितीय तथा रूबी बिंद (जीजीआईसी शंकरगढ़) तृतीय रहीं।

निर्णायक मंडल में मंजुलेश विश्वकर्मा, नीलम चतुर्वेदी एवं चंद्रावती शामिल रहीं। प्रधानाचार्या नीलम मिश्रा ने अतिथियों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन वंदना आनंद एवं डॉ. मधु यादव ने तथा अभिलेखीकरण इफ्फत जिया ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत यांत्रिक मुख्यालय में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित

प्रयागराज। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत उत्तर मध्य रेलवे, महाप्रबंधक महोदय श्री नरेश पाल सिंह के निर्देशनुसार मुख्यालय प्रयागराज के यांत्रिक विभाग द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यांत्रिक मुख्यालय भवन की छत पर विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री अनिल कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर यांत्रिक विभाग के श्री सूरज प्रकाश मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर (माल ढुलाई), श्री राकेश गौतम मुख्य कारखानाइंजीनियर, श्री आर. के. जाटव मुख्य मोटिव पावर इंजीनियर/डीज़ल., श्री मनीष कुमार मुख्य पर्यावरण एवं गृहव्यवस्था प्रबंधक, श्री मो. सैफ मुख्य यांत्रिक इंजीनियर / योजना एवं फ्रेटएवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान किया ।

श्रमदान के दौरान यांत्रिक मुख्यालय की छत एवं आसपास के क्षेत्र में एकत्रित कचरे की सफाई की गई। अभियान के दौरान लगभग 0.5 टन (500 किलोग्राम) अपशिष्ट एकत्र किया गया, जिसे नियमानुसार निस्तारित/नष्ट किया गया।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री अनिल कुमार द्विवेदी ने स्वच्छता को केवल एक अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे दैनिक कार्य-संस्कृति एवं जीवनशैली का अभिनन्हिस्सा बनाने पर बल दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपने कार्यस्थल एवं आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने तथा स्वच्छता के प्रति अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा-2026 के अंतर्गत आयोजित इस श्रमदान कार्यक्रम के माध्यम से 'स्वच्छता के लिए श्रमदान, स्वच्छ पर्यावरण के लिए योगदान' का संदेश दिया गया। श्रमदान का यह कार्यक्रम पर्यावरण एवं गृहव्यवस्था अनुभाग मुख्यालय यांत्रिक, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा आयोजित किया गया।

# 70वीं प्रदेशीय विद्यालयी कुराश, भारोत्तोलन एवं जूडो प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। 19 सितम्बर से 23 सितम्बर तक आयोजित होने वाली 70वीं प्रदेशीय विद्यालयी कुराश, भारोत्तोलन एवं जूडो प्रतियोगिता (बालक/बालिका), सत्र 2026-27 का भव्य शुभारंभ गरिमामय वातावरण में हुआ। उद्घाटन समारोह में राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक, सहारनपुर राजीव गुम्बर ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वस्ति वाचन के साथ हुआ। संयुक्त शिक्षा निदेशक राणा सहस्रांशु कुमार सुमन ने मुख्य अतिथि कुँवर बृजेश सिंह (राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) का पुष्पगुच्छ एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया। जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरन यादव एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हर्षदेव स्वामी द्वारा विशिष्ट अतिथि राजीव गुम्बर का पुष्पगुच्छ भेंट कर



स्वागत किया गया। साथ ही उपस्थित सभी प्रधानाचार्यों एवं गणमान्य अतिथियों का भी पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, विशिष्ट अतिथि राजीव गुंबर एवं महापौर डॉ. अजय कुमार ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य एवं संघर्ष की भावना का विकास करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने तथा अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। समारोह में विभिनन्‍ विद्यालयों की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियाँ दी गई। दिगंबर जैन कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती की वंदना प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात इंडियन मुस्लिम गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके उपरांत हिंदू कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा शिव तांडव की सुंदर एवं प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। वहीं के.सी.सी.पी. गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में रंग भर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया। संयुक्त शिक्षा निदेशक राणा सहस्रांशु कुमार सुमन द्वारा पांच दिवसीय प्रतियोगिता की रूपरेखा बताई गई एवं गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह के रूप में पौधा भेंट कर आभार व्यक्त किया गया। अंत में उपस्थित अतिथियों के समक्ष 14 वर्ष, -24 किलोग्राम भार वर्ग में साधना (सहारनपुर) एवं सनने (प्रयागराज) के मध्य आयोजन समिति द्वारा 'कुराश' की फाइट कराकर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया गया जिसमें सनने (प्रयागराज) विजयी घोषित हुईं त खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर विशेष उत्साह एवं उमंग देखने को मिला। चार दिवसीय प्रतियोगिता में विभिनन्‍ जनपदों से आए बालक-बालिकाएँ कुराश, भारोत्तोलन एवं जूडो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। समारोह ने खेल, संस्कृति और उत्साह का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करते हुए प्रतियोगिता के लिए एक शानदार शुरुआत की।

## गोघा म्हाड़ी मेले में झूलों की सुरक्षा पर सवाल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। 19 से 21 सितंबर से शुरू होने वाले ऐतिहासिक गोगा म्हाड़ी मेले में झूलों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि मेले में लगाए जा रहे झूलों के लिए जरूरी विभागीय ҁ्ष्ण और तकनीकी जांच पूरी नहीं की गई है। 14 सितंबर को हुई प्रशासनिक बैठक में ड्ढ्र३ को झूलों के तकनीकी परीक्षण के निर्देश दिए गए थे। साथ ही फायर, विद्युत सुरक्षा और नगर निगम से अस्थायी अनुमति लेना अनिवार्य बताया गया था। मौके पर लगाए जा रहे झूलों के पास इनमें से कोई भी प्रमाण पत्र मौजूद नहीं है। महाडी स्थल और स्वच्छ कुंड के पास निजी भूमि पर ठेकेदार द्वारा झूले लगाए जा रहे है। स्थानीय लोगों का कहना है कि झूलों की फिटनेस, मजबूती और विद्युत सुरक्षा की जांच के बिना संचालन खतरनाक हो सकता है। मेले में रोजाना हजारों श्रद्धालु, महिलाएं और बच्चे पहुंचेंगे।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक झूले की जांच के बाद ही संचालन की अनुमति दी जाए और सभी ҁ्ष्ण सार्वजनिक किए जाएं।

# प्रधानमंत्री के जन सेवा से राष्ट्र सेवा के 25 वर्ष पूर्ण, सेवा संकल्प अभियान के तहत लखनौती में लगी ग्राम चौपाल



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन सेवा से राष्ट्र सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान (17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026) के अंतर्गत जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खंड देवबंद की ग्राम पंचायत लखनौती में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी विक्रम सिंह ने की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रशासक श्रीमती बबली सहित 75 ग्रामवासी उपस्थित रहे। चौपाल में प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 25 वर्षों की उपलब्धियों पर चर्चा की गई तथा शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्राम चौपाल में कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। पुस्तकालय को नियमित खोलने हेतु पंचायत सहायक को निर्देश व समय निर्धारित किया गया, वहीं शौचालय की मरम्मत का कार्य तत्काल कराया गया। शेष 5 शिकायतों को संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। खंड विकास अधिकारी ने आश्वस्त किया कि शेष शिकायतों का शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाएगा।

# चमारीखेड़ा आश्रम में धूमधाम से मनाया गया सतगुरु समनदास जी महाराज का प्रकटोत्सव



**प्रातकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। छुटमलपुर. अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मिशन गुरु गद्दी उण - शुक्रताल की शाखा आश्रम चमारीखेड़ा में सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज का पावन प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी महाराज, सतगुरु स्वामी समनदास जी महाराज को साक्षी मानकर गुरुपूजा अर्पितकर सत्संग का शुभारंभ अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास विभाग के सदस्य राम हृदयराम, वरिष्ठ भाजपा नेता अजब सिंह, जयराम गौतम व मा. सुखबीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया गया। सतगुरु समनदास जी महाराज के जन्मदिवस पर आश्रम में उमड़ी सभी संगत को आशीर्वाद देते हुए महात्मा राजकुमार दास ब्रह्मचारी जी ने कहा कि संतों का समागम मानव को बड़े नसीबों से प्राप्त होता है जिसमें मनुष्य को सत्कर्म करने चाहिए। उन्होंने सभी से गुरुजी के बताए उपदेशों पर अमल करने की बात कही। विचार रखते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम वीरेन्द्र कुमार ने आश्रम पर स्टॉपेज को घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जगपाल सिंह, पूर्व विधायक मामचंद लांबा, पूर्व राज्यमंत्री शायान मसूद, भीम आर्मी नेता सनने गौतम व पूर्व प्रमुख हंसराज गौतम ने भी विचार रखे। सत्संग से पूर्व टोल प्लाजा से आश्रम तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बैंड की धुन से क्षेत्र भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु झूमते नजर आए। संचालन मास्टर विपिन कुमार ने किया। इस दौरान महात्मा बेगराज दास, आचार्य योगानंद, फूलसिंह, एड0 सतेंद्र गौतम, अनिल कुमार, एड0 राजपाल सिंह, एसडी गौतम पत्रकार, परविंदर रविदासिया, पुष्पेंद्र रविदासिया, विपिन बर्मन, सतीश दास, अरविन्द डाबरा, मांगेराम दास, परमाल सिंह गोंदवाल, उदयभान, सुजीत कुमार, सचिन गौतम झंकार बैंड, मोहरदास, एड0 पुष्पेंद्र चौधरी, दयाराम, कपिल क्रांतिकारी व विजयपाल सिंह समेत हजारों अनुयायी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर गौरवान्वित हुआ पचकुआ का परिवार



**प्रातः काल एक्सप्रेस**

चिलकाना। थाना क्षेत्र के गांव पचकुआ निवासी राम कुमार चौधरी की पुत्रवधू आराधना चौधरी का चयन आयुष विभाग में फार्मासिस्ट (होम्योपैथी) के पद पर हुआ है। शनिवार को लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसी दौरान आराधना चौधरी को भी मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। आराधना चौधरी के साथ आयुष विभाग में रोशनी, प्रिंसी गुप्ता और साक्षी सिंह को भी फार्मासिस्ट (होम्योपैथी) के पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद आराधना चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त करना उनके लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से उनका पूरा परिवार बेहद खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस अवसर पर नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी ने कहा आराधना चौधरी हमारी भतीजी है। पचकुआ की बहू ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने आराधना की नियुक्ति पर खुशी जताते हुए इसे प्रदेश सरकार की भर्ती प्रक्रिया से जोड़कर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

# मंगल कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

प्रातः काल एक्सप्रेस



चिलकाना। नगर सुल्तानपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर कंकरो वाला में सिद्धिविनायक सेवा दल के तत्वावधान में शनिवार को मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पंडित विनय शास्त्री ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। इसके बाद महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर बैंड-बाजों के साथ नगर के विभिनन्‍ मंदिरों, क्षेत्रपाल देवता और गली-मोहल्लों से होते हुए यात्रा निकाली। कथा स्थल पर भागवत प्रवक्ता आचार्य सुबोध कपिल जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भागवत महात्म्य और धुंधकारी की कथा सुनाई। कथा का आयोजन 19 से 25 सितंबर तक श्री शिव मंदिर कंकरो वाला में किया जाएगा। इस अवसर पर जयपाल सैनी, सुरेश प्रजापत, अंकित सैनी, गौरव जैन, सचिन सैनी, अंशुल कुमार, प्रिंस, सीटू सैनी, आदेश सैनी, अनिता, मीना गुप्ता, सारिका, शिवानी, शिखा, सृष्टि आदि मौजूद रहे।

# थाना कुतुबशेर, सहारनपुर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के मुकदमें में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। अवगत कराना है कि दिनांक 26.06.2026 को वादी की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1.सनने निवासी नियर हसनपुर चुंगी 2. प्रिंस 3. रजत निवासी बहादरपुर उर्फ सहरी 4.पर्याश तथा उनके साथ 2-3 अन्य अज्ञात व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा वादी के साथ जान से मारने की नियत से मारपीट कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलोच करने के सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पर मु0अ0सं0-288/26 धारा-191/115(2)/352/109(1) बीएनएस व 3(2)5 एससीएसटी एक्ट पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आदेश निर्देश निर्गत किये गये । आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में थाना कुतुबशेर पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए वादी के साथ जान से मारने की नियत से मारपीट कर जाति सूचक शब्दो का प्रयोग कर गाली गलौच करना करने के सम्बन्ध मे वांछित अभियुक्त रजत पुत्र राजवीर निवासी बहादरपुर आहत थाना कोतवाली देहात जिला सहारनपुर



को नाटक कलब से गिरफ्तार किया गया । दौराने विवेचना मुकदमा मे धारा 3(5) बीएनएस की वृद्धि की गयी व धारा 191 बीएनएस का लोप किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति की मांग को लेकर मुजफ्फरनगर से मथुरा तक निकलेगी हिंदू जन जागरण यात्रा:आचार्य मदन जी महाराज

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



मुजफ्फरनगर। श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त कराने और वहां भव्य मंदिर निर्माण की मांग को लेकर अखिल भारत हिंदू महासभा एवं अंतरराष्ट्रीय संत महासभा ने संयुक्त रूप से अभियान चलाने का ऐलान किया है। शनिवार को लक्ष्मीनगर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पदाधिकारियों ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी साझा की प्रेस वार्ता में वक्ताओं ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि हिंदू समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इसे मुक्त कराने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाएगा उन्होंने कहा कि देश के प्रमुख तीर्थ स्थलों को उनके मूल स्वरूप में स्थापित करने की दिशा में भी प्रयास किए जाएंगे प्रेस वार्ता में बताया गया कि 27 अक्टूबर 2026 को हिंदू जन जागरण यात्रा का आयोजन किया जाएगा यह यात्रा मुजफ्फरनगर से प्रारंभ होकर मेरठ, बुलंदशहर सहित विभिनन्‍ स्थानों से गुजरते हुए मथुरा पहुंचेगी यात्रा के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति और मंदिर निर्माण के मुद्दे को लेकर हिंदू समाज को जागरूक किया जाएगा आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से यात्रा में सहभागिता करने का आह्वान किया अखिल भारत हिंदू महासभा और अंतरराष्ट्रीय संत महासभा के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के लिए लोकतांत्रिक एवं कानूनी स्तर पर भी प्रयास जारी रहेंगे। प्रेस वार्ता में दोनों संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि को मुक्त करना प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य : आचार्य मदन जी महाराज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुजफ्फरनगर। अखिल भारत हिंदू महासभा एवं अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा की संयुक्त प्रेस वार्ता लक्ष्मी नगर, मुजफ्फरनगर में आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में हिंदू पीठाधीश्वर एवं अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के अंतर्राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक तथा अखिल भारत हिंदू महासभा उच्चाधिकार समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य मदन जी महाराज एवं अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर मनोज हरिदास गुरुजी ने पत्रकारों को संबोधित किया। आचार्य मदन महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि हर सनातनी की धरोहर है, इसे मुक्त कराना हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। जिस प्रकार श्रीराम जन्मभूमि के लिए आंदोलन हुआ, उसी तर्ज पर अखिल भारत हिंदू महासभा एवं अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा जन-जागरण यात्रा आयोजित कर रही है। यह यात्रा 26 अक्टूबर 2026 को पवित्र भूमि शुक्रताल से शुरू होगी।उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण किया गया है, जबकि भूमि ट्रस्ट के नाम है। मस्जिद पक्ष के पास कोई ऐसा कागज नहीं जिससे साबित हो कि वहां मस्जिद पहले से थी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष योगेंद्र वर्मा ने बताया कि यात्रा शुक्रताल से शुरू होकर मुजफ्फरनगर के शिव चौक, खतौली, दौराला, मेरठ, हापुड़, संभल होते हुए मथुरा पहुंचेगी। 27 अक्टूबर को मथुरा-वृंदावन में बैठक कर आगे के आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी। युवा प्रदेश अध्यक्ष युवराज ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सैनी, राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य अध्यक्ष जी महाराज एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमरीश त्यागी ने भी संबोधित किया और कहा कि यह जन-जागरण यात्रा ऐतिहासिक होगी। इस अवसर पर विश्वास भार्गव, आचार्य अजय कृष्ण, चिराग सिंह, अरुण चौधरी, पंडित गणेश गौड़, धर्मेश कुमार, विश्व बंधु सैनी, साक्षी वर्मा, मोहित त्यागी, सचिन कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# थाना बेहट पुलिस द्वारा शादी का झाँसा देकर दुष्कर्म करने के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। घटना का विवरण 8 जुलाई 2026 को वादी सुक्कड पुत्र बशीर निवासी ग्राम नादराना थाना बेहट जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1.शाकिब पुत्र रिजवान निवासी ग्राम मिलको मझाडी थाना बेहट जनपद सहारनपुर 2. अहसान अंसारी पुत्र इमरान निवासी ग्राम नानौली थाना बेहट जिला सहारनपुर 3. चार व्यक्ति नाम पता अज्ञात द्वारा वादी की पुत्री के साथ छेडछाड करना, अश्लील हरकते करना तथा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाना बेहट पर मु0अ0स0 281/26 धारा 74/75(1) बीएनएस पंजीकृत कराया गया। दौराने विवेचनात्मक कार्यवाही



अभियोग में धारा 69 बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। पुलिस कार्यवाही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे । आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दीखित के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक मुखबिर की सूचना पर थाना बेहट पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित अभियुक्त शाकिब पुत्र रिजवान निवासी ग्राम मिलको मझाडी थाना बेहट जनपद सहारनपुर को ग्राम सलेमपुरगदा तिराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही करते हुए समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# सोच धर्म की आराधना

चिलकाना। दशलक्षण धर्म के चौथे दिन उत्तम सोच धर्म के रूप में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। पंडित तनिष्क जैन शास्त्री के निर्देशन में प्रातःकाल पुष्पदंत नाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान की शांतिधारा अनिल जैन नीलू भाई दिल्ली वालों द्वारा की गई। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान की पूजा-अर्चना कर धर्म लाभ प्राप्त किया। रात्रि में नितिन जैन एवं नेहा जैन की ओर से धार्मिक तंबोला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजन में मंदिर परिसर में अनुपम जैन,वर्षा जैन, शालिनी जैन, नीतू जैन, पायल जैन, रजनी जैन, साधना जैन, अलका जैन, ईश जैन, पूनम जैन, सपना जैन, बलेश जैन, सोनिया जैन सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं पुरुष उपस्थित रहे।

### कम से कम सच तो बोलिए..., मैरी कॉम पर क्यों भड़कीं

# गौहर खान



टेलीविजन का कॉन्ट्रोवर्शियल रिएलिटी शो बिग बॉस 20 दिन पर दिन और भी मजेदार होता जा रहा है. घर में 2 ग्रुप बन गए हैं, जिनमें हर मुद्दे पर बहस होती नजर आ रही है. वहीं, मैरी कॉम अब तक कम ही मुद्दों में अपनी बात रखती नजर आई हैं. लेकिन बीते एपिसोड में मैरी कॉम ने कुछ ऐसा कर दिया है, जिसके बाद बिग बॉस विनर रही गौहर खान उन पर भड़क गई हैं. गौहर ने बकायदा सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया और मैरी कॉम को जमकर खरी-खोटी सुनाई है. कई फैंस ने भी गौहर का इस पर सपोर्ट भी किया है.

दरअसल, मैरी कॉम ने एंग डीएस ए के ग्रुप में जाकर माही विज के खिलाफ झुठी बातें बताईं, जिसके बाद यंग को काफी बुरा लगा और वो काफी इमोशनल हो गया. मैरी कॉम ने कहा कि माही यंग को गालियां दे रही थीं. ये बात सुनकर आम्रपाली ने भी यंग को गले लगाया है और स्काउट भी भड़क गया. बस मैरी के इसी गलत इंफॉर्मेशन पर देने पर गौहर ने उनकी क्लास लगाई है.




**गौहर ने मैरी कॉम पर निकाला गुस्सा**

गौहर खान ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया. इसमें एक्ट्रेस कहती हैं कि, भाई मैरी कॉम जी आप लेजेंड हैं यार, पूरा देश, पूरी दुनिया आपसे प्यार करती है. आप स्पोर्टस के नाम में इतनी बड़ी हस्ती हैं. तो प्लीज थोड़ा सच के तो इधर-उधर की बातें करिए. मतलब अगर आप यहां से इंफॉर्मेशन लेकर कहीं और जा रही हैं तो सच तो बोलिए.

इस वीडियो में गौहर ने भी बताया कि माही ने असल में क्या कहा था. एक्ट्रेस ने बताया कि, माही ने कल के एपिसोड में ये कहा कि यार मुझे बुरा लग रहा है कि मैनें अपनी बेटी की कसम खा ली कुछ प्रूव करने के लिए जो की बहुत बड़ी बात है. गौहर ने आगे बताया कि माही ने जो गाली थी वो उस सीच्युएशन और खुद को दी थी. न कि यंग डीएस को. गौहर ने उदाहरण देते हुए बताया कि, माही ने कहा था कि यार**** मैंने अपनी बेटी की कसम खा ली.

गौहर ने आगे बताया कि कैसे इस बात को मैरी कॉम जी ने यंग डीएस ए के आगे गलत तरीके से पेश किया. उन्होंने कहा कि माही यंग को गाली दे रही है कि मैंने उसे अपना बेटा बनाया. एक्ट्रेस ने यंग को लेकर कहा कि, यंग तो इतना यंग है कि वो मैरी कॉम जी के बातों में आ भी गया और बहक गया. वो मायुस हो गया कि माही जी ने उसको गाली दी.गौहर ने ये भी कहा कि वो इंतजार कर रही हैं कि ये मुद्दा वीकेंड के वार में उठाया जाए और ये क्लियर किया जाए कि माही ने यंग को गाली नहीं दी थी.

### खूबसूरत दिखने से ज्यादा जरूरी... बॉडी शेमिंग के बीच

# कैटरीना कैफ

## ने स्किन बदलने पर की बात



बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ इन दिनों बॉडी शेमिंग विवाद को लेकर चर्चा में हैं. बढ़े वजन को लेकर उन्हें काफी ट्रोल किया गया. दरअसल कैटरीना कैफ ने नवंबर 2025 में अपने पति विक्की कौशल के साथ बेटे विहान का स्वागत किया था. हाल ही में गणपति उत्सव के दौरान एक्ट्रेस ने पब्लिक अपीयरेंस दिया. इसके बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने कैटरीना की प्रेग्नेंसी से पहले और बाद की तस्वीरें शेयर कर उनके वजन और लुक पर कमेंट किए. इस पर अली जफर, सोनारिका भदौरिया और शिवालिका ओबेरॉय जैसे सितारों ने कैटरीना का सपोर्ट किया. वहीं अब कैटरीना ने मां बनने के बाद स्किन में आए बदलावों और दिखने को लेकर उनकी क्या सोच है उसके बारे में बात की है. उन्होंने बताया कि अब उनके लिए खूबसूरत दिखने का मतलब सिर्फ अच्छा दिखना नहीं, बल्कि खुद को अंदर से अच्छा महसूस करना है.



कैटरीना कैफ ने हाल ही में 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' को एक इंटरव्यू दिया, जिसमें उन्होंने प्रेग्नेंसी के बाद अपनी स्किन में आए बदलावों पर बात की. उन्होने कहा, प्रेग्नेंसी के बाद मेरी स्किन और भी ज्यादा सेंसिटिव हो गई थी. ये मेरे लिए काफी मुश्किल समय था, क्योंकि मुझे ये समझना था कि कौन से प्रोडक्ट्स मेरी स्किन के लिए सही हैं. मैं ऐसे प्रोडक्ट्स की तलाश में थी, जो मेरी स्किन को सुकून, आराम और ताजगी दें.

**कैटरीना के लिए असली सुंदरता क्या है?**

कैटरीना ने ये भी बताया कि बॉलीवुड में आने के बाद से उनके लिए 'सबसे खूबसूरत दिखने' का मतलब काफी बदल गया है. उन्होंने कहा, 卐जब मैंने मॉडलिंग और एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, तब खूबसूरती के स्टैंडर्ड को लेकर बहुत सारे स्टीरियोटाइप थे. अब मेरे लिए सबसे खूबसूरत दिखने का मतलब है खुद को सबसे अच्छा महसूस करना और ये खुद की देखभाल करने से आता है.

## अम्रपाली दुबे ने बिग बॉस पर उठाए सवाल, बोलीं- टीवी स्टार्स को ही क्यों मिल रहा फेवर?




बिग बॉस ने सजा के तौर पर आसिफ खान, रोहड़ खान और स्काउटओपी को एविक्शन के लिए नॉमिनेट किया था. इसके बाद आसिफ खान ने शो को अनफेयर बताते हुए मेकर्स पर आरोप लगाया था कि वे जानबूझकर रोहड़ को घर से बाहर करने की कोशिश कर रहे हैं. अब भोजपुरी एक्ट्रेस अम्रपाली दुबे ने भी आसिफ की बातों का समर्थन किया है और बिग बॉस पर टीवी स्टार्स की तरफदारी करने का आरोप लगाया है. इतना ही नहीं आम्रपाली ने तो ये तक कह दिया किया, बिग बॉस टीवी स्टार्स को ज्यादा प्रायोरिटी दे रहे हैं और अलग फील्ड से आए कंटेस्टेंट्स को टारगेट बना रहे हैं.दरअसल, बीते एपिसोड में बिग बॉस ने कप्तानी के दावेदारों गुल्लू, माही, कनिका और रिती तिवारी से कहा कि अगर वे कप्तानी का टास्क खेलना चाहते हैं तो उन्हें हर नॉमिनेटेड कंटेस्टेंट की एक-एक लाइफ खत्म करनी होगी. इस फैसले के बाद आसिफ, स्काउटओपी और रोहड़ का वरदान भी खत्म हो गया. इसके बाद उनका पूरा ग्रुप बिग बॉस के इस फैसले से काफी नाराज नजर आया.

**अम्रपाली दुबे ने बिग बॉस को बताया अनफेयर**

बिग बॉस के घर में पहले ही दो ग्रुप बन चुके हैं. एक ग्रुप में टीवी एक्टर्स कनिका मान, अरिश्फा खान, माही विज और अमन गांधी के साथ ईशा रिखी, उदिति सिंह, गुल्लू और काजी तौकीर शामिल हैं. वहीं दूसरे ग्रुप में युंग डीएसए, अम्रपाली दुबे, स्काउटओपी, रोहड़ खान, लव गिल, आसिफ खान और मैरी कॉम हैं. इस हफ्ते अम्रपाली के ग्रुप के तीन सदस्य नॉमिनेट हुए और वे कप्तानी के दावेदार भी नहीं बन पाए.आसिफ ने बिग बॉस से सवाल किया कि उन्हें नॉमिनेट क्यों किया गया और नॉमिनेशन को लेकर उनकी बातचीत की क्लिप ही क्यों दिखाई गई. उनका कहना था कि दूसरे ग्रुप के कंटेस्टेंट्स भी आपस में नॉमिनेशन को लेकर बात करते होंगे, लेकिन उनकी बातचीत दर्शकों को नहीं दिखाई गई.

इसी दौरान अम्रपाली दुबे ने बिग बॉस पर सवाल उठाते हुए कहा, ये अनफेयर है. अगर आपको टीवी स्टार्स के लिए ही सबकुछ करना है तो इसे बिग बॉस क्यों कहते हैं? इसे ITA Awards ही कह दीजिए. अगर ये शो इतना टीवी फ्रेंडली है, तो दूसरे जॉनर के लोगों को यहां क्यों बुलाते हैं? हम इस शो में अपने असली इमोशंस दिखा रहे हैं.

## अभी छोटा सा ट्रेलर दिखाया है.... हरियाणवी सिंगर दिलेर खरकिया की कार पर हुई फायरिंग, लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी




हरियाणा के मशहूर सिंगर दिलेर खरकिया यूथ के बीच काफी फेमस हैं. उन्हें लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है.दिलेर खरकिया की कार पर अचानक फायरिंग की गई है. लॉरेंस गैंग से जुड़े गैंगस्टर अनिल पंडित ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इस बात की जिम्मेदारी भी ली है.पार्किंग में खड़ी दिलेर खरकिया की रेंज रोवरकार पर अचानक फायरिंग की गई. फिलहाल सिंगर घटना के दौरान वहां मौजूद नहीं थे और पूरी तरह से खतरे से बाहर हैं. वे इस हादसे में बाल-बाल बचे हैं. अभी सिंगर की ओर से इस हादसे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है. हालांकि लॉरेंस गैंग से ताल्लुक रखने वाले अनिल पंडित और हिमांशु सोनिपत ने इसकी जिम्मेदारी ली है.

हरियाणवी सिंगर दिलेर खरकिया की रेंज रोवर कार पर फायरिंग की खबर ने सभी को दहला दिया है. इसकी जिम्मेदारी सोशल मीडिया के जरिए अनिल पंडित हिमांशु सोनीपत, हरमन संधु और हरि बॉक्सर ने ली है. जारी किए गए नोट में हिमांशु ने कहा है कि उनके बड़े भाई अनिल पंडित ने दिलेर खारकिया को कई बार समझाया है लेकिन वो समझने के लिए तैयार नहीं हो रहा है. बता रहे हैं कि पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से क्या लिखा गया है.

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दी धमकी**

राम-राम सारे भाई ने, मैं हिमांशु सोनीपत लॉरेंस बिश्नोई गैंग से. आज यह जो दिलेर खरकिया की गाड़ी पर फायरिंग हुई है, इसकी जिम्मेवारी हम लेते हैं. मैं और मेरा बड़ा भाई अनिल पंडित, भाई हरमन संधू और भाई रोहित सोनीपत. मेरे बड़े भाई अनिल पंडित ने इसको कॉल करके समझाया था, लेकिन इसको बात समझ में नहीं आई. अभी तो इसको यह छोटा सा ट्रेलर दिखाया है. अभी तो सिर्फ गोली गाड़ी पर ही मारी है, टाइम रहते लाइन पे आ जा नहीं तो अगली बार यह गोली सीधा माथे पर मारेंगे. और यह जो हमारे फोन कॉल का टाइम पर जवाब नहीं दे रहे ना, टाइम रहते लाइन पे आ जाओ नहीं तो तुम्हारा भी यही अंजाम होगा. लॉरेंस भाई हमारा बड़ा भाई है. लॉरेंस भाई के खिलाफ किसी ने बोलने की कोशिश की ना, उसे बोलने लायक नहीं छोड़ेंगे.

**इन स्टार्स को भी बिश्नोई गैंग ने धमकाया**

लॉरेंस बिश्नोई गैंग पिछले कुछ सालों से ज्यादा हरकत में आई है और बॉलीवुड की कई नामचीन हस्तियों को धमका चुकी है. इस गैंग ने सलमान खान के घर पर ना सिर्फ फायरिंग की जिम्मेवारी ली बल्कि उन्हें कई बार धमकी भरे पत्र भी लिखे. वहीं बिश्नोई गैंग ने आमिर खान को भी लव जिहाद फैलाने और हिंदू संस्कृति के साथ खिलवाड़ करने के तर्ज पर धमकाया है.

## प्रधानमंत्री ने साझा किया सुभाषित, श्रेष्ठ पुरुष का जीवन परोपकार और लोक कल्याण के लिए ही अभीष्ट होता है

एजेंसी
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को एक्स पर एक सुभाषित साझा किया है जिसका अर्थ है- श्रेष्ठ पुरुष का जीवन परोपकार और लोक कल्याण के लिए ही अभीष्ट होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर संस्कृत का श्लोक साझा किया, स्वाधीनैव समृद्धिर्जनोपजीव्यत्वमुच्छ्रयश्छया। सत्पुंसो मरुभूरिव जीवनमात्रं समाशास्यम्॥ जिसका अर्थ है कि स्वाधीन समृद्धि ही वास्तविक वैभव है और दूसरों का आश्रय व आधार बनना ही सच्ची महानता है। जैसे मरुभूमि में छाया और जीवन दुर्लभ वरदान होते हैं, वैसे ही श्रेष्ठ पुरुष का जीवन परोपकार और लोक-कल्याण के लिए ही अभीष्ट होता है। यह श्लोक संस्कृत के प्रसिद्ध नीति-संग्रह ग्रन्थ 'सुभाषितरत्नभाण्डागारम्' में संकलित एक पारंपरिक मुक्तक सुभाषित है।

## पुणे में ब्रेक फेल होने पर कंटेनर ने कई गाड़ियों को मारी टक्कर, दो की मौत

**मुंबई।** पुणे जिले में मुंबई-बैंगलोर हाईवे पर नवले ब्रिज के पास बीती रात ब्रेक फेल होने पर एक तेज़ रफ्तार कंटेनर ने कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि बीती रात करीब एक बजे सातारा से मुंबई की ओर जा रहे कंटेनर का पुणे में भुमकर ब्रिज के पास अचानक ब्रेक फेल हो गया। जिससे कंटेनर अनियंत्रित होकर कंटेनर ने 3 से 4 दूसरी गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंच गईं। शवों को बाहर निकाला गया। आधी रात हुए इस हादसे की वजह से मुंबई-बैंगलोर हाईवे पर कुछ देर के लिए गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई, जिससे बड़ा ट्रैफिक जाम लग गया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## युवा शक्ति के संकल्प से विकसित भारत का सपना होगा साकार : ज्योतिरादित्य सिंधिया

**भोपाल।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि भारत के विकास की जिम्मेदारी नई पीढ़ी के कंधों पर है। युवा शक्ति के संकल्प से वर्ष 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सकेगा। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना में क्रांतिवीर तात्या टोपे विश्वविद्यालय में आयोजित 'युवा संवाद' कार्यक्रम में युवाओं से संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवाओं से अपनी क्षमता, ऊर्जा, विवेक, ज्ञान और अनुशासन का उपयोग राष्ट्र निर्माण एवं जनसेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुना, शिवपुरी और अशोकनगर के नौजवान संकल्प के साथ आगे बढ़ते हुए विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि विश्वविद्यालय में युवाओं की क्षमता, ऊर्जा, विवेक, ज्ञान और अनुशासन देखकर वे प्रभावित हुए हैं। उन्होंने युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि गुना, शिवपुरी और अशोकनगर का नौजवान आज संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय तैराक सतेन्द्र सिंह लोहिया ने नई दिल्ली में मुख्यमंत्री डॉ. यादव से की भेंट

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग तैराक एवं पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सत्येंद्र सिंह लोहिया ने शाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से नई दिल्ली स्थित मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने तीसरी बार इंग्लिश चैनल पार करने के आगामी अभियान की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोहिया को अभियान के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल प्रयास की कामना की। बताया गया कि दिव्यांग तैराक सत्येंद्र सिंह लोहिया शनिवार, 19 सितंबर को अपनी टीम के साथ दिल्ली से लंदन रवाना होंगे। उनकी टीम द्वारा 24 सितंबर से 2 अक्टूबर 2026 के बीच मौसम एवं समुद्री परिस्थितियों के अनुकूल होने पर इंग्लिश चैनल पार करने का प्रयास किया जाएगा। टीम 6 अक्टूबर को भारत वापस लौटेगी। मध्य प्रदेश की टीम में ग्वालियर के रामबरन पाल और भिंड के गजेंद्र सिंह टीम सदस्य तथा श्योपुर के मुजीब खान कोच के रूप में शामिल हैं। दिव्यांग तैराक लोहिया को मध्य प्रदेश सरकार के प्रतिष्ठित विक्रम पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2024 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

# कार्बन उत्सर्जन का ठीकरा विकासशील देशों पर फोड़ना गलत

### भारत का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन ग्लोबल एवरेज से आधा : पीएम मोदी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'द फ्यूचर ऑफ एनवायरनमेंट एंड क्लाइमेट डायनेमिक्स' पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन को लेकर भारत की भूमिका और विकसित देशों की जिम्मेदारी पर बात की। पीएम मोदी ने कहा, 'हम सब जानते हैं कि अक्सर कार्बन एमिशन की जिम्मेदारी गलत तरीके से विकासशील देशों पर डाली जाती रही है।

जबकि ऐतिहासिक सच्चाई ये है कि आज भी प्रति व्यक्ति कार्बन एमिशन में भारत का योगदान वैश्विक औसत के आधे से भी कम है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित देशों में भारत की तुलना में 6 गुना ज्यादा प्रति व्यक्ति कार्बन एमिशन हो रहा है। भारत ये तथ्य मजबूती के साथ वैश्विक मंचों पर रखता है। उन्होंने देशवासियों से भी इस सच्चाई को दुनिया के सामने रखने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया के साथ मिलकर काम कर



रहा है और पर्यावरण संरक्षण के लिए नए मानक स्थापित कर रहा है। उन्होंने भारत की ओर से शुरू की गई कई पहलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड, इंटरनेशनल सोलर अलायंस, सीडीआरआई, ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस, इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस, मिशन लाइफ जैसे सभी प्लेटफॉर्म पर्यावरण और वन्यजीवों के प्रति भारत के समर्पण का आईना बन रहे हैं।

' पीएम मोदी ने कहा कि बीते 12 वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हर क्षेत्र में, हर सेक्टर में भारत ने असाधारण प्रगति की है। सरकार का बड़ा फोकस रिन्यूएबल एनर्जी पर रहा है और इसने पर्यावरण सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाई है।

उन्होंने गर्व के साथ कहा कि भारत जी-20 में इकलौता ऐसा देश है जिसने पेरिस में सीओपी-21 समिट में किए गए कमिटमेंट को समय से पहले पूरा करके दिखाया है। सोलर एनर्जी में भारत की प्रगति का आंकड़ा देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि 12 साल पहले भारत की सोलर एनर्जी क्षमता केवल 2 गिगावाट थी, जो आज 160 गिगावाट्स को पार कर गई है।

उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इसके तहत घरों को सोलर पावर जेनरेशन सेंटर में बदलने का मिशन शुरू किया गया। इस मिशन के तहत अब तक 50 लाख से ज्यादा घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लग चुके हैं, जो कई देशों के कुल घरों की संख्या से भी ज्यादा है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार ने ऐसे हर परिवार को करीब 80,000 रुपए की अतिरिक्त मदद दी है।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने पंजाब के गुरुद्वारा श्री ज्योति सरूप साहिब में शीश नवाया

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को पंजाब स्थित श्री फतेहगढ़ साहिब के गुरुद्वारा श्री ज्योति सरूप साहिब में शीश नवाया। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों और माता गुजरी जी की शहादत की स्मृतियों से जुड़ी यह पावन धरती त्याग, तपस्या, साहस और धर्मनिष्ठा की अमर प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने गुरु चरणों में पंजाब की सुख-समृद्धि, खुशहाली और प्रत्येक परिवार के कल्याण की अरदास की। उन्होंने कहा कि वाहेगुरु की कृपा सभी पर बनी रहे और सेवा, सत्य एवं सद्भाव का प्रकाश हमारे जीवन को सदैव दिशा देता रहे। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से



कहा कि आज उन्होंने गुरु साहिब से प्रार्थना की कि वे पंजाब के लोगों को राज्य में जारी अत्याचारों और नशीली दवाओं की समस्या की जकड़ के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने की शक्ति प्रदान करें। हमें पंजाब और उसके युवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। इस संघर्ष में पूरा देश पंजाब के साथ खड़ा है।

## फसल बीमा योजना में पश्चिम बंगाल पूरे देश में दूसरे स्थान पर

### पहले चरण में 32 लाख किसानों का पंजीकरण

एजेंसी
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नई सरकार गठन के बाद फसल बीमा योजना के अंतर्गत 32 लाख किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है। इस आंकड़े के साथ पश्चिम बंगाल पूरे देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है।

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया हैंडल एक्स के माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फसल बीमा योजना के लिए पंजीकरण के पहले ही चरण में किसानों की ओर से अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली है। हालिया बाढ़ से प्रभावित किसानों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 2026 के खरीफ मौसम में त्वरित कदम उठाए गए हैं। 15 सितंबर 2026 तक एक व्यवस्थित प्रक्रिया के तहत कुल 32 लाख किसानों को इस बीमा योजना के दायरे में लाया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि बाढ़ प्रभावित जिलों में किसानों के पंजीकरण को लेकर भी आंकड़े काफी सकारात्मक रहे हैं। विशेष रूप से पूर्व मेदिनीपुर में 7.23 लाख, पश्चिम मेदिनीपुर में 4.73 लाख, हुगली में 1.68 लाख और झाड़ग्राम में 42 हजार किसानों का सफलतापूर्वक पंजीकरण किया गया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के किसानों की सुविधा के लिए अगस्त से 15 सितंबर तक हर ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाए गए थे, ताकि उन्हें सीधे बीमा कवर के तहत लाकर नुकसान के मुआवजे का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। किसानों पर से आर्थिक बोझ कम करने के लिए राज्य सरकार प्रीमियम का अधिकांश हिस्सा अपने बजट से वहन कर रही है। नए नियमों के अनुसार, एक हेक्टेयर (ढाई एकड़) तक की कृषि भूमि वाले किसानों को केवल एक रुपये की प्रतीकात्मक राशि का भुगतान करना होगा। वहीं, एक से दो हेक्टेयर जमीन वाले किसानों को प्रति एकड़ केवल सौ रुपये का मामूली शुल्क देना होगा। इसके अलावा, बाकी का पूरा प्रीमियम सीधे राज्य सरकार द्वारा चुकाया जाएगा। शुभेंदु ने कहा कि अगस्त 2026 की बाढ़ से प्रभावित किसानों तक जल्द से जल्द मुआवजा पहुंचाने के लिए बीमा कंपनियों को मध्यवर्ती नुकसान का मूल्यांकन तुरंत पूरा करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

# अगले माह 34,920 ग्रामीण युवा शुरू करेंगे डीडीयू-जीकेवाई 2.0 प्रशिक्षण

**इस शुरुआत के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा पहले चरण में जिन 14 राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई है**

एजेंसी
**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार अगले माह अक्टूबर से 14 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू-जीकेवाई) 2.0 प्रशिक्षण बैच शुरू करेगी। इसके तहत 34,920 ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार इस प्रशिक्षण के तहत अक्टूबर के 1,164 बैच प्रारंभ होंगे और 34,920 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण 31 दिसंबर 2027 तक चलेगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा अक्टूबर से 14 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना 2.0 के तहत नए प्रशिक्षण बैच शुरू किए जा रहे हैं, जिसके तहत 14 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों

ग्रामीण विकास मंत्रालय
भारत सरकार
MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA
सत्यमेव जयते

के 34,920 ग्रामीण युवा अपना कौशल प्रशिक्षण शुरू करेंगे।

इस शुरुआत के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा पहले चरण में जिन 14 राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की गई है, वे हैं: उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मिजोरम, सिक्किम और पुडुचेरी। इन 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 31 दिसंबर 2027 तक कुल 3,57,112 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित करने का स्वीकृत लक्ष्य रखा गया है। अब तक 24 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा 1,200 से अधिक परियोजनाओं के तहत कुल 5.6 लाख ग्रामीण युवाओं का लक्ष्य आवंटित किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि डीडीयू-जीकेवाई योजना ग्रामीण गरीब युवाओं को रोजगार से जुड़ा कौशल प्रशिक्षण प्रदान करती है। इसकी अवधि 3 महीने से 12 महीने तक होती है। डीडीयू-जीकेवाई 2.0 एकीकृत पोर्टल भी है जो परियोजना को सुगम बनाने, अधिक दक्षता, पारदर्शिता और डिजिटल निगरानी को बढ़ावा देने में सक्षम है।

## कर्मचारी भविष्य निधि के लिए वेतन सीमा बढ़ाये जाने का भारतीय मजदूर संघ ने किया स्वागत

एजेंसी
**कोलकाता।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के तहत अनिवार्य सदस्यता के लिए वेतन सीमा को 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले का भारतीय मजदूर संघ ने स्वागत किया है। भारतीय मजदूर संघ के नेता और खदान श्रमिक कांग्रेस के महासचिव महेंद्र गुप्ता ने केंद्र सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि की वेतन सीमा बढ़ाने की मांग लंबे समय से उठाई जा रही थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से वेतन सीमा 15 हजार रुपये पर ही बनी हुई थी। भारतीय मजदूर संघ की ओर से इस सीमा में बढ़ोतरी की मांग को लेकर लगातार सरकार के समक्ष ज्ञापन, संवाद, संगठनात्मक कार्यक्रम, प्रदर्शन और धरने के माध्यम से आवाज उठाई जाती रही है।

शनिवार को कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में महेंद्र गुप्ता ने कहा कि 25 मार्च 2026 को आयोजित धरना कार्यक्रम और उसके बाद 17 अगस्त 2026 को देशव्यापी प्रदर्शन के दौरान कर्मचारी भविष्य निधि की वेतन सीमा बढ़ाने सहित श्रमिकों से जुड़े कई लंबित मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया था। संगठन की ओर से संबंधित अधिकारियों तथा केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के साथ हुई बैठकों में भी कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा तथा श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई थी।

उन्होंने कहा कि वेतन सीमा 15 हजार से बढ़कर 25 हजार रुपये किए जाने से 15 हजार से 25 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पाने वाले कर्मचारियों के एक बड़े वर्ग को अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आने का अवसर मिलेगा। इससे भविष्य निधि बचत, कर्मचारी पेंशन योजना और कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा सुविधाओं का लाभ अधिक श्रमिकों तक पहुंच सकेगा।

# भारत ने नेपाल भेजी मदद की एक और खेप

### 11 टन राहत सामग्री में हाइजिन किट और दवाएं शामिल

एजेंसी
**नई दिल्ली।** भारत ने पड़ोसी देश नेपाल को विनाशकारी बाढ़ के बाद की विषम परिस्थितियों से निपटने के लिए मदद की एक और बड़ी खेप भेजी है। इस राहत सामग्री में दवाओं के साथ ही फोरेंसिक का सामान शामिल है। भारतीय वायुसेना का विमान ये सभी राहत सामग्री लेकर रवाना किया गया। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विदेश मंत्री एस जयशंकर के पोस्ट को शेयर करते हुए इसकी जानकारी दी। पोस्ट में लिखा, 'भारत ने नेपाल को राहत सामग्री की 11 टन और खेप भेजी। नेपाल की रिकवरी में मदद के लिए राहत सामग्री ले जाने वाला यह भारतीय वायुसेना का नौवां विमान था। इससे पहले जयशंकर ने भेजी गई सामग्री में शामिल सामग्रियों का



जिक्र किया, 'नेपाल को राहत सामग्री की एक और खेप (11 टन) भेजी गई, जिसमें दवाएं, फोरेंसिक का सामान, टेंट, हाइजीन किट, स्लीपिंग बैग और अन्य जरूरी चीजें शामिल हैं। भारत नेपाल को पुनर्निर्माण में मदद करना जारी रख रहा है।'

भारत अब तक नेपाल को 140 टन से ज्यादा की मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) सामग्री भेज चुका है। विदेश मंत्रालय लगातार इसे लेकर अपडेट देता रहा है। बयान और प्रेस वार्ता के जरिए मंत्रालय स्पष्ट करता आया है कि राहत सामग्री के साथ विशेषज्ञ भी भारत ने नेपाल भेजे हैं। नई दिल्ली ने सुरंग और कीचड़ से बचाव के लिए खास उपकरण, डीएनए किट और फोरेंसिक उपकरण भी आपदा के बाद तुरंत उपलब्ध कराए थे। इसके अलावा अस्थायी आश्रय, कंबल, हाइजीन किटन, सोलर लैंप और दवाएं जैसी जरूरी चीजें भी समय-समय पर भेजती रहती हैं।

भारतीय वायुसेना ने राहत सामग्री पहुंचाने के लिए अब तक नौ विशेष उड़ानें संचालित की हैं। भारत ने कहा है कि वह बाढ़ के बाद नेपाल के बचाव, राहत और पुनर्निर्माण के प्रयासों में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का सिएटल एडिशन शुरू

### पढ़ने की अहमियत और मानवीय कल्पना पर चर्चा

एजेंसी
**जयपुर।** लिटरेचर फेस्टिवल (जेएलएफ) के सिएटल संस्करण के तीसरे आयोजन की शुरुआत पढ़ने, मानवीय कल्पना और साहित्य की भूमिका के बचाव के साथ हुई। लेखकों, जनप्रतिनिधियों और राजनयिकों ने इस बात पर चर्चा की कि किस तरह कहानियां अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ने का दम रखती हैं और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तेजी से बदलते दौर में भी किताबें और साहित्य मानव अनुभव को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम बने हुए हैं। सिएटल पब्लिक लाइब्रेरी में आयोजित कार्यक्रम में भारत की साहित्यिक परंपराओं और अमेरिका के एक प्रमुख प्रौद्योगिकी केंद्र से जुड़े सवालों को एक मंच पर लाया गया। वक्ताओं ने स्मृतियों को सहेजने, सहानुभूति विकसित करने और बच्चों के जीवन में किताबों की भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि तकनीक के कारण लोगों के सीखने और जानकारी हासिल करने के तरीके



बदल रहे हैं, लेकिन मानवीय अनुभव को समझने में साहित्य की भूमिका बनी हुई है। सिएटल की मेयर कैटी विल्सन ने जयपुर के 'पिंक सिटी' और सिएटल के 'एमराल्ड सिटी' के मिलन के रूप में इस आयोजन का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सिएटल पब्लिक लाइब्रेरी इस आयोजन की शुरुआत के लिए बिल्कुल उपयुक्त जगह है, क्योंकि यह शहर के ऐसे स्थान की तरह है, जहां लोग एक साथ आते हैं। विल्सन ने कहा, 'सिएटल मूल रूप से पाठकों का शहर है।' उनके मुताबिक जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल बहुत कम समय में सिएटल की सांस्कृतिक गतिविधियों का हिस्सा बन गया है और इसने पूरे पैसिफिक नॉर्थवेस्ट से लेखकों, कलाकारों, विद्वानों, छात्रों और साहित्य में रुचि रखने वाले लोगों को एक मंच पर लाया है। उन्होंने कहा, 'इस तरह के महोत्सव हमें याद दिलाते हैं कि कहानियां हमें एक-दूसरे से जोड़ती हैं। वे पुल बनाती हैं।' विल्सन ने कहा कि साहित्य के जरिए व्यक्ति अपने अनुभवों से बाहर निकलकर दूसरे लोगों के जीवन को समझने और उन संभावनाओं की कल्पना करने की कोशिश करता है, जो शायद उसके लिए अपरिचित हों। उन्होंने कहा, 'ऐसे कमरे में, जहां सीटें खुली हों और दिमाग खुले हों, हमें सहानुभूति का अभ्यास करने का अवसर मिलता है।' सिएटल की मेयर ने एआई के बढ़ते प्रभाव को लेकर भी चिंता जताई और सवाल उठाया कि इसका पढ़ने, ध्यान केंद्रित करने तथा लिखने और सोचने की क्षमता पर क्या असर पड़ सकता है।

# अफ्रीका की खाद्य सुरक्षा के लिए थार की दलहनी फसलों पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने ली जानकारी

एजेंसी
**बीकानेर।** बदलती जलवायवीय परिस्थितियों के बीच अफ्रीकी देशों में खाद्य सुरक्षा की संभावनाएं तलाशने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल ने स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने थार के शुष्क क्षेत्रों में होने वाली मूंग, मोठ और अन्य दलहनी फसलों के अनुसंधान एवं जर्मप्लाज्म के बारे में जानकारी ली। यूनाइटेड किंगडम के किर्क हाउस ट्रस्ट और विश्वविद्यालय के बीच हुए एमओयू के तहत प्रतिनिधिमंडल के लिए दौरे पर राजस्थान आया है। अनुसंधान निदेशक डॉ. एनके शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को विश्वविद्यालय के कृषि अनुसंधान, मोठ-मूंग सहित अन्य दलहनी फसलों और जर्मप्लाज्म से जुड़े कार्यों की जानकारी दी। किर्क हाउस ट्रस्ट के एसटीओएल कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. पीएन माथुर ने कहा कि अफ्रीका के शुष्क क्षेत्रों में दलहनी फसलों की खेती सीमित है। जलवायु परिवर्तन के कारण किसानों के सामने नई चुनौतियां हैं। ऐसे में मोठ और मूंग बीन जर्मप्लाज्म साझा करने से खाद्य सुरक्षा और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए नई संभावनाएं बन सकती हैं। व्यवसायी आशीष अग्रवाल ने कहा कि बीकानेरी भुजिया ने बीकानेर को वैश्विक पहचान दिलाई और इससे रोजगार तथा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा कि मारामा बीन पर हो रहा अनुसंधान किसानों और उद्यमियों के लिए उपयोगी हो सकता है। उद्यमी दीपक अग्रवाल ने कहा कि दाल आधारित प्रसंस्करण उद्योग पोषण सुरक्षा के साथ रोजगार और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में मददगार है। किर्क हाउस ट्रस्ट की सीईओ डॉ. क्लोडिया कैनल होलजैस्स ने विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त किया। डॉ. भूपेंद्र सिंह शेखावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रगतिशील किसान बलजीत सिंह बिश्नोई, प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. दीपाली धवन, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के डॉ. वीर सिंह, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. विजय प्रकाश, डीन पीजी डॉ. राजेश वर्मा सहित अन्य वैज्ञानिक मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल में यूनाइटेड किंगडम, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका, नामीबिया, स्विट्जरलैंड और मेडागास्कर सहित अन्य देशों के कृषि अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक एवं विद्यार्थी शामिल रहे।